आज का तापमान

| | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|
| लखनऊ | 26°C | 12°C |

इनसाइड न्यूज

संविधान दिवस पर टी.एस. मिश्र लॉ स्कूल में साइबर अवेयरनेस सेशन...

उत्तर प्रदेश पेज: 03

लखनऊ और देहरादून से प्रकाशित राष्ट्रीय हिंदी दैनिक

# जन एक्सप्रेस

गुरुवार 27 नवंबर, 2025 | पेज: 12 | मूल्य: ₹3.00/- | लखनऊ | वर्ष: 17, अंक: 47 | www.janexpresslive.com/epaper



बदला जाएगा आईआईटी बॉम्बे का नाम... 12

# हमारा संविधान सशक्त लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक: योगी

■ संविधान दिवस: विश्व के सबसे सशक्त लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है संविधान

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

76वें संविधान दिवस के अवसर पर विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। उत्तर प्रदेश में भी राज्य के कई स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार भी शामिल रहा। यहां संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ और शपथ ग्रहण कार्यक्रम हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ स्वयं उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस की प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं। न्याय, समता और बंधुता भारत के संविधान की मूल भावना हैं। 'भारत रत्न' बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर जी की अद्भुत दृष्टि, प्रखर विचार और अथक परिश्रम से निर्मित हमारा संविधान विश्व के सबसे सशक्त लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतीक है। संविधान, राष्ट्र की एकता, अखंडता और प्रगति का आधार होने के साथ ही हर नागरिक को समान अधिकार, सम्मान और अवसर भी प्रदान करता है।



### संविधान का अपमान बाबा साहेब, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों-बलिदानियों का अपमान

सीएम योगी ने कहा कि यदि हम भारत के संविधान का अपमान करते हैं तो यह बाबा साहेब, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों-बलिदानियों और उन गरीबों का अपमान है, जिन गरीबों ने संविधान के ताकत के बल पर लोकतांत्रिक अधिकार पाया है। उस आधी आबादी का अपमान है, जिन्हें संविधान ने पहले आम चुनाव के अंदर ही मत देने का अधिकार प्रदान कर दिया था। सीएम ने कहा कि दुनिया में आधुनिक लोकतंत्र की घोषणा करने वाले तमाम देशों ने कुछ ही तबके को मत देने का अधिकार दिया था। तमाम बड़े देश, जो आधुनिक लोकतंत्र का ठेकेदार बनकर घूमते हैं, उन्होंने महिलाओं को मत देने का अधिकार बहुत बाद में दिया, लेकिन भारत ने अपने व्यस्क नागरिकों को पहले ही दिन से मत देने का अधिकार प्रदान किया। भारत में बिना भेदभाव के संविधान लागू होने के साथ ही सामाजिक रूप से अस्पृश्य कहे जाने वाले दलित-जनजाति समाज के लिए संविधान ने आरक्षण की व्यवस्था भी दी। उन्हें समाज की मुख्य धारा से जोड़ने और सामाजिक समता के निर्माण में उनकी भूमिका का निर्वहन किया जा सके, इस दृष्टि से बड़ा क्रांतिकारी अभियान संविधान ने भारत के प्रत्येक अनुसूचित जाति-जनजाति के नागरिक को प्रदान किया।

### हर व्यस्क नागरिकों को मताधिकार दिया गया

सीएम योगी ने कहा, भारत इकलौता देश है जहां पहले दिन से ही हर व्यस्क नागरिकों को मताधिकार दिया गया है। 26 नवंबर 1949 को संविधान अंगीकृत हुआ था और 2015 से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से पूरे देश में इसे संविधान दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। संविधान सभा ने 2 वर्ष 11 माह 18 दिन में इसे तैयार किया, जिसमें डॉ. राजेंद्र प्रसाद अध्यक्ष थे और डॉ. अम्बेडकर की ड्राफ्टिंग कमेटी की भूमिका अहम रही। आज लोग स्वतंत्रता की कीमत भूलते जा रहे हैं। क्रूर यातनाएं न देखने-सहने के कारण हर व्यक्ति सिर्फ अधिकार की बात करता है, जबकि अधिकार तभी सुरक्षित होते हैं जब हम कर्तव्यों का पालन करें। कर्तव्यहीनता से लोकतंत्र कमजोर होता है और तानाशाही पनपती है।

### विकसित भारत का सपना साकार कर सकेंगे

सीएम योगी ने कहा, संविधान का अपमान मतलब बाबा साहेब अम्बेडकर, स्वतंत्रता सेनानियों और देश की आधी आबादी का अपमान है। कर्तव्यों का पालन कर ही हम आत्मनिर्भर और विकसित भारत का सपना साकार कर सकेंगे।हर संस्था, पंचायत में ऐसे आयोजन करके संविधान की प्रस्तावना का वाचन करने का प्रयास हुआ है। 2015 में संविधान दिवस पर पीएम मोदी ने कहा था कि हममें से हर व्यक्ति स्वतंत्र भारत का नागरिक है। लेकिन स्वतंत्रता की वास्तविक कीमत विस्मृत की जा रही है, क्योंकि हमने स्वाधीनता की लड़ाई को आंखों से नहीं देखा। हमने क्रूर यातनाओं को नहीं सहा। परिणामस्वरूप हर व्यक्ति केवल अधिकार की बात करता है। अधिकार तब सुरक्षित होते हैं, जब व्यक्ति कर्तव्यों के निर्वहन की आदत डाले। कर्तव्य के बिना अधिकार नहीं हो सकता। जहां कर्तव्य के बिना अधिकार प्राप्त करने का प्रयास किया गया है, वहां पर लोकतंत्र नहीं है, बल्कि वहां तानाशाह, व्यवस्था को गिरफ्त में लेकर आम नागरिकों के मौलिक अधिकारों को रौंदते दिखते हैं।

### विकसित व आत्मनिर्भर भारत के लिए हर देशवासी पंचप्रणों के साथ जुड़े

सीएम योगी ने कहा कि संविधान लागू होने के बाद भारत ने इसे सर्वोपरि मानकर सम्मान दिया। स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व प्रतीकों को सम्मान दिया और जिन मूल भावनाओं पर भारत का संविधान बना है, उसे जीवन का हिस्सा बनाने का प्रयास किया। जब कोई देश मूल भावनाओं को सम्मान देते हुए बढ़ता है तो उसे विकसित होने से कोई रोक नहीं सकता। आजादी के अमृत महोत्सव में पीएम मोदी ने देशवासियों के सामने विकसित भारत की संकल्पना रखी। इसके लिए पीएम मोदी ने 2022 में कहा था कि जब देश आजादी के 100वें वर्ष में जाएगा, तब हमें कैसा भारत चाहिए इसके लिए काम करना होगा। उन्होंने विकसित व आत्मनिर्भर भारत के लिए हर देशवासियों से पंचप्रण के साथ जुड़ने का आह्वान किया। सीएम ने पंच प्रण का जिक्र करते हुए कहा कि हर व्यक्ति गुलामी की मानसिकता से मुक्त हो। यूनिफॉर्म धारी सेना-अर्धसेना, पुलिस बल के जवानों के प्रति सम्मान का भाव रखे।

### यदि कोई एक व्यक्ति गलती करता है तो उसके लिए पूरी व्यवस्था को नहीं कोसा जाना चाहिए

सीएम योगी ने कहा कि यदि कोई एक व्यक्ति गलती करता है तो उसके लिए पूरी व्यवस्था को नहीं कोसा जाना चाहिए, बल्कि गलती के परिमार्जन का अवसर देना चाहिए। कोई बार-बार गलती करता है तो परिमार्जन का अवसर देते हुए प्रभावी कदम उठाने के लिए कहना चाहिए। उसके लिए पूरे सिस्टम को दोषी नहीं ठहरा सकते। अक्सर स्वयं के स्वार्थ के लिए हम लोग सामाजिक विद्वेष की खाई को चौड़ा करने का प्रयास करते हैं। सीएम ने कहा कि एकता व एकात्मता के लिए प्रयास-दायित्व होना चाहिए। हमें विरासत का सम्मान करना चाहिए। भारत में विरासत, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक परंपरा भी है। स्वाधीनता संग्राम के दौरान अलग- अलग क्षेत्रों-संघर्षों में जिन बलिदानियों ने खुद को समर्पित करते हुए भारत की एकता-अखंडता के लिए मिलकर कार्य किया, वे धरोहर के रूप में हैं।

### यदि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं तो संविधान को सम्मान दे रहे हैं

सीएम योगी ने कहा कि भारत के संविधान के प्रति उन भावनाओं को बढ़ाने के लिए नया भारत तेजी से आगे बढ़ा है। विरासत के सम्मान से लेकर गुलामी की मानसिकता को समाप्त करना, सैनिकों-वर्दीधारी फोर्स को सम्मान देने, सामाजिक एकता और समता के लिए कार्य करने के साथ ही नागरिक कर्तव्य भी महत्वपूर्ण हैं। सीएम ने छात्रों, शिक्षकों, व्यापारी, शासकीय सेवा में कार्य करने वाला कार्मिकों आदि का उदाहरण देते हुए सभी को कर्तव्यों का अहसास कराया और कहा कि यदि सभी अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं तो वह संविधान को सम्मान दे रहे हैं। यदि कोई व्यक्ति ईमानदारी से उत्तरदायित्वों का निर्वहन नहीं कर रहा है तो वह भारत के संविधान का अनादर कर रहा है। विरासत का अपमान उन सेनानियों व बलिदानियों का अपमान है, जिन्होंने देश की आजादी के लिए सर्वस्व न्योछावर किया था। यूनिफॉर्म धारी फोर्स पर यदि कोई टिप्पणी कर रहा है और गुलामी की मानसिकता को धारण करने के लिए बाध्य कर रहा है तो वह भारत, स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों व नागरिकों का अपमान कर रहा है। सीएम ने कहा कि यदि कोई जाति, क्षेत्र व भाषा के नाम पर विद्वेष की खाई को चौड़ा करके अराजकता व अव्यवस्था पैदा करने का प्रयास कर रहा है तो वह भारत को कमजोर कर रहा है। जब हम कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन नहीं करते तो यह संविधानविदों, निर्माताओं और बाबा साहेब का अपमान है। प्रधानमंत्री ने विकसित भारत के लिए पंच प्रण को आवश्यक माना है और इसका आधार संविधान है।

### विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश के लिए 98 लाख से अधिक सुझाव मिले

सीएम योगी ने आह्वान किया कि विकसित भारत की संकल्पना को बढ़ाने के लिए विकसित उत्तर प्रदेश चाहिए। विकसित उत्तर प्रदेश के लिए विकसित लखनऊ के साथ ही हर स्तर पर यह मानसिकता पैदा करनी होगी। गत विधानमंडल सत्र के दौरान 24 घंटे (12-13 अगस्त) की चर्चा चलाई गई थी। पोर्टल लांच कर प्रदेशवासियों से सुझाव मांगे गए, तो विकसित भारत- विकसित उत्तर प्रदेश के लिए अलग-अलग सेक्टर में हर तबके से जुड़े प्रदेश के 98 लाख से अधिक लोगों ने सुझाव दिए हैं यानी हर व्यक्ति व्यवस्था के साथ जुड़ना चाहता है। 98 लाख का मतलब हर पांच में से एक परिवार ने हमें सुझाव दिया है।

### हर भारतवासी के घर में होनी चाहिए संविधान की प्रति

सीएम योगी ने कहा कि 26 नवंबर 1949 को बाबा साहेब के नेतृत्व की ड्रॉफ्टिंग कमेटी ने भारत के संविधान की मूल प्रति संविधान सभा को सौंपा था। हर भारतवासी के घर में उसकी प्रति होनी चाहिए। हर परिवार में उसकी प्रस्तावना का वाचन होना चाहिए। सीएम ने मूल प्रस्तावना के साथ उसके भाव की चर्चा की और कहा कि भारत के मूल संविधान में पुष्पक विमान से अयोध्या के लिए भगवान श्रीराम का माता सीता और महाभारत के युद्ध में श्रीकृष्ण के द्वारा गीता के उपदेश का चित्र भी है। महात्मा बुद्ध, सम्राट अशोक समेत महान महापुरुषों के चित्रों के माध्यम से भारत के विरासत के प्रति गौरव की अनुभूति करने का अवसर भी दिया गया है। यह चीजें बताती हैं कि संविधान विरासत के प्रति सम्मान का भाव पैदा करने का प्रयास कर रहा है, लेकिन हम आज भी उन चीजों से विमुख होते दिखाई देते हैं।

### व्यक्ति ईमानदारी से कार्य कर रहा है तो सम्मानजनक मानदेय का अधिकार मिलना चाहिए

सीएम योगी ने कहा कि नागरिक कर्तव्यों का ईमानदारी से निर्वहन करना सारी बातों का निचोड़ है। कहीं धुआं उठ रहा है तो हमें भी सतर्क-सजग होना चाहिए। यदि पड़ोस में आग लगी है और हम उस बुझाने में योगदान नहीं दे रहे हैं तो देर-सबेर हम भी उसकी चपेट में आएंगे। सीएम ने ट्रेड यूनियन का जिक्र करते हुए कहा कि उनका भाव था कि हमारी मांगें पूरी हों, चाहे जो मजबूरी हो यानी हर कीमत पर उनके गलत और सही फैसले लागू होने चाहिए। काम करो और काम का उचित दाम दो। व्यक्ति ईमानदारी से कार्य कर रहा है तो सम्मानजनक मानदेय व जीने का अधिकार मिलना चाहिए।

### भारत आत्मनिर्भर होगा तो विकसित भारत की संकल्पना दूर नहीं हो सकती

सीएम योगी ने कहा कि सरकार ने तय किया है कि जो अच्छे सुझाव आए हैं, उन्हें दो श्रेणियों (जनपद व प्रदेश स्तर) में ले रहे हैं। हर जनपद में तीन और प्रदेश स्तर के पांच अच्छे सुझावों को सम्मानित करेंगे। यह राष्ट्र व देश के प्रति हमारी सेवा होगी। इसकी शुरूआत सबसे छोटी ईकाई से प्रारंभ करनी होगी। आत्मनिर्भर ग्राम पंचायत-वार्ड होगा तो आत्मनिर्भर जनपद, प्रदेश व भारत भी होगा। आत्मनिर्भर भारत होगा तो विकसित भारत की संकल्पना हमसे दूर नहीं हो सकती।

# भारत को मिली 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी, अहमदाबाद में होंगे खेल

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली

भारत को 2030 में होने वाले राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी अधिकार मिल गए हैं। गुजरात के अहमदाबाद में ये खेल कराए जाएंगे। ग्लास्गो में बुधवार को हुई राष्ट्रमंडल खेल आमसभा की बैठक के दौरान भारत को 2030 राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी आधिकारिक तौर पर सौंपी गई है। 2010 के बाद यह पहला अवसर है जब भारत इन खेलों की मेजबानी करेगा। 2010 में नई दिल्ली में इन खेलों का आयोजन कराया गया था।

### आम सभा ने लगाई मुहर

राष्ट्रमंडल खेलों के कार्यकारी बोर्ड द्वारा अहमदाबाद को प्रस्तावित मेजबान के रूप में अनुशंसित किए जाने के बाद 74 सदस्यों वाली आम सभा ने भारत की बोली पर अपनी मुहर लगा दी। बैठक में भारत का प्रतिनिधित्व संयुक्त सचिव (खेल) कुणाल, भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा और गुजरात के खेल मंत्री हर्ष संघवी सहित अन्य लोगों ने किया। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट के अध्यक्ष डॉक्टर डोनाल्ड रुकारे ने कहा, भारत राष्ट्रमंडल खेलों में पैमाना, युवा, महत्वाकांक्षा, समृद्ध संस्कृति और प्रासंगिकता लेकर आया है। यह राष्ट्रमंडल खेलों के लिए एक नए स्वर्ण युग की शुरुआत है। मुझे यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 2034 और उसके बाद के खेलों की मेजबानी के लिए कई देशों की गहरी रुचि है। हम राष्ट्रमंडल खेलों के लिए अपनी अगली शताब्दी की शुरुआत सकारात्मकता के साथ कर रहे हैं।



### मांडविया ने बताया गौरवपूर्ण क्षण

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने भारत को मेजबानी मिलने पर खुशी जताई। उन्होंने कहा, यह एक गौरवपूर्ण क्षण है कि भारत शताब्दी राष्ट्रमंडल खेलों की मेजबानी करेगा। भारत प्रमुख आयोजनों की मेजबानी करने में सक्षम है और 2047 तक शीर्ष पांच खेल राष्ट्रों में शामिल होगा।

### पीटी उषा ने विश्वास के लिए जताया आभार

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) की अध्यक्ष पीटी उषा ने मेजबानी मिलने पर खुशी जाहिर की कहा कि भारत उस पर दिखाए गए विश्वास के लिए सभी का आभारी है। उन्होंने कहा, राष्ट्रमंडल खेलों द्वारा दिखाए गए विश्वास से हम बेहद सम्मानित महसूस कर रहे हैं। 2030 के खेल न केवल राष्ट्रमंडल मूवमेंट के 100 साल पूरे होने का जश्न मनाएंगे, बल्कि अगली सदी की नींव भी रखेंगे। ये खेल पूरे राष्ट्रमंडल एथलीटों, समुदायों और संस्कृतियों को मित्रता और प्रगति की भावना से एक साथ लाएंगे। पहला राष्ट्रमंडल खेल 1930 में कनाडा के हैमिल्टन में आयोजित किए गए थे। अहमदाबाद में 2030 में होने वाला राष्ट्रमंडल खेल इस आयोजन के इतिहास में सबसे महत्वपूर्ण खेलों में से एक होने की उम्मीद है।इसमें कोई दोराय नहीं है कि इस निर्णय से 2036 में ओलंपिक की मेजबानी करने की भारत की महत्वाकांक्षा को भी बल मिला है। अहमदाबाद ओलंपिक खेलों की मेजबानी की दौड़ में भी शामिल है। इस शहर में पिछले एक दशक में खेल बुनियादी ढांचे में बड़ी प्रगति देखी गई है।

### अहमदाबाद के अलावा अबुजा भी था दौड़ में शामिल

पिछले महीने राष्ट्रमंडल खेल कार्यकारी बोर्ड ने अहमदाबाद में इन खेलों के आयोजन की सिफारिश की थी। अब ग्लास्गो में हुई आमसभा की बैठक में इसे अंतिम मंजूरी मिल गई है। अहमदाबाद के अलावा नाइजीरिया का अबुजा मेजबानी की दौड़ में शामिल था, लेकिन भारत बाजी मारने में सफल रहा। हालांकि, कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने 2034 के खेलों की मेजबानी के लिए अफ्रीका के इस शहर के नाम पर विचार करने का फैसला किया। राष्ट्रमंडल खेल को 2030 में 100 साल भी पूरे होने जा रहे हैं, ऐसे में इस ऐतिहासिक मौके पर भारत में इन खेलों का आयोजन होना अपने आप में बड़ी उपलब्धि है।

### 15 से 17 खेल होंगे शामिल

2010 में दिल्ली में हुए राष्ट्रमंडल खेलों के लिए भारत ने लगभग 70,000 करोड़ रुपये खर्च किये थे जो 1600 करोड़ रुपये के प्रारंभिक अनुमान से कहीं अधिक था। चार साल में एक बार होने वाले इन खेलों में 72 देश हिस्सा लेते हैं जिनमें से ज्यादातर पूर्व ब्रिटिश उपनिवेश हैं। कॉमनवेल्थ स्पोर्ट ने साथ ही यह भी पुष्टि की है कि 2030 के खेलों में 15 से 17 खेल शामिल होंगे।


# आज मुंबई में होगी धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा, कार्यक्रम का नाम होगा 'जिंदगी का जश्न', उमड़ेगा बॉलीवुड

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र के निधन के बाद देओल परिवार अब उनकी प्रार्थना सभा की तैयारियों में जुट गया है। 24 नवंबर 2025 को मुंबई स्थित जुहू आवास में अंतिम सांस लेने वाले धर्मेंद्र पिछले एक महीने से अस्वस्थ थे। आखिरी समय में परिवार वाले उनकी घर पर ही देखभाल कर रहे थे। उनकी शांतिपूर्ण विदाई के बाद अब परिवार उनके लिए प्रार्थना सभा आयोजित करने जा रहा है।

### परिवार की ओर से आधिकारिक पुष्टि

धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा 27 नवंबर (गुरुवार) शाम 5 बजे से मुंबई के ताज लैंड्स एंड में आयोजित की जा रही है। अब देओल परिवार की टीम ने इसकी आधिकारिक घोषणा कर दी है। बताया जा रहा है कि इस सभा का आयोजन सनी देओल, बॉबी देओल, हेमा मालिनी और ईशा देओल मिलकर कर रहे हैं। इस कार्यक्रम का नाम जिंदगी का जश्न रखा गया है।




### प्रार्थना सभा में उमड़ेगी इंडस्ट्री

फिल्म इंडस्ट्री और धर्मेंद्र के चाहने वालों को इस आयोजन को लेकर आधिकारिक जानकारी का इंतजार था। धर्मेंद्र की प्रार्थना सभा में शाहरुख, सलमान से लेकर अमिताभ और शत्रुघन सिन्हा तक, हर सितारे के आने की उम्मीद है।

### अंतिम संस्कार में नहीं मिला राजकीय सम्मान

गौरतलब है कि धर्मेंद्र एक पूर्व सांसद रहे थे और पद्म पुरस्कार से भी सम्मानित थे। इसके बावजूद उनके अंतिम संस्कार में किसी तरह का सरकारी सम्मान नहीं दिया गया। शांत और निजी तरीके से सम्पन्न अंतिम संस्कार ने कई प्रशंसकों और राजनीतिक हलकों में सवाल खड़े किए। हालांकि, सूत्रों के मुताबिक यह निर्णय खुद परिवार का था, क्योंकि वो अभिनेता को बेहद निजी और सादगीपूर्ण विदाई देना चाहते थे।

### 'इक्कीस' बनेगी आखिरी फिल्म

धर्मेंद्र को उनके प्रशंसक आखिरी बार निर्देशक श्रीराम की फिल्म 'इक्कीस' में देख सकेंगे। निर्देशक ने भावुक होकर बताया कि उम्र और स्वास्थ्य दोनों कमजोर थे, लेकिन कैमरा जैसे ही चालू होता, धर्मेंद्र पूरी एनर्जी के साथ सीन पूरा करते।

# उत्तराखंड में इनवेस्ट करने वालों के लिए राहत, 'सुरक्षा ढाल' बनेगा बिल्डरों पर सरकार का 'प्रहार'

जन एक्सप्रेस। देहरादून

रियल एस्टेट सेक्टर में लंबे समय से चल रही अव्यवस्थाओं और निवेशकों के साथ हो रही ठगी पर अब प्रभावी रोक लगने की उम्मीद है। सरकार द्वारा तैयार की जा रही नई नियमावली से न केवल निवेशकों को राहत मिलेगी, बल्कि शहर में बेतरतीब निर्माण व अवैध बिल्डर फ्लोर की बढ़ती समस्या पर भी लगाम कसेगी।रियल एस्टेट सेक्टर में बढ़ती ठगी, अधूरे प्रोजेक्ट और निवेशकों के पैसे अटकने जैसी समस्याओं को देखते हुए सरकार जो नया कदम उठाने जा रही है, उससे हजारों निवेशकों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। बिल्डरों की मनमानी पर लगाम लगाने व उपभोक्ताओं का हित सुरक्षित रखने के लिए तैयार की जा रही नई नियमावली अब निवेशकों की सुरक्षा ढाल बनकर सामने आएगी। सरकार ने स्पष्ट किया है कि अब किसी भी निवेशक का पैसा बिना सुरक्षा के बिल्डरों के हाथ में नहीं जाएगा। नए प्रविधानों के लागू होते ही बिल्डरों के लिए पारदर्शिता, जवाबदेही और वित्तीय अनुशासन कायम रखना अनिवार्य हो जाएगा। दरअसल, सरकार को यह कदम देहरादून में पिछले दिनों बिल्डर शाश्वत गर्ग के फरार होने के बाद उठाना पड़ा है। दून-मसूरी रोड पर आरकेडिया हिलाक्स सोसाइटी के नाम से बन रही परियोजना में निवेशकों व बैंकों के करोड़ों रुपये लेकर बिल्डर शाश्वत गर्ग परिवार समेत फरार हो गया। इससे पांच वर्ष पहले देहरादून में ही पुष्पांजलि बिल्डर भी करोड़ों रुपये हड़पकर फरार हो गया था। शहर में निवेश के नाम पर कई बिल्डरों द्वारा फर्जी वादे करने, तय नक्शे से अलग निर्माण करने और सुविधाओं को लेकर भ्रमित करने की शिकायतें लगातार बढ़ रही थीं। कई उपभोक्ताओं ने अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी से खरीदे घरों में पार्किंग और संरचना से जुड़ी समस्याओं का सामना किया है। इन घटनाओं और करोड़ों ठगकर फरार हो रहे बिल्डरों को रोकने के लिए सरकार ने कड़ा ढांचा तैयार करने की शुरुआत की है। सरकार अब यह व्यवस्था बनाने जा रही, जिसमें बिल्डर फरार नहीं हो पाएंगे। शहर में कई ऐसे प्रोजेक्ट सामने आए, जहां बिल्डरों ने करोड़ों रुपये लेकर न तो निर्माण पूरा किया और न ही निवेशकों को पैसा लौटाया। कई बिल्डर शहर छोड़कर गायब ही हो गए। इसके चलते निवेशकों को आर्थिक व मानसिक रूप से भारी नुकसान उठाना पड़ा है। सरकार की नई नियमावली इन घटनाओं पर अंकुश लगाएगी एवं सुरक्षित निवेश का वातावरण बनाएगी।



### निवेशकों को सबसे बड़ी राहत, अब नहीं फंसेगा पैसा

शहर में कई प्रोजेक्ट ऐसे हैं जहां बिल्डरों ने निवेशकों के लाखों-करोड़ों रुपये अटका दिए। नई व्यवस्था में न केवल निवेशकों की धनराशि सुरक्षित रहेगी, बल्कि प्रोजेक्ट समय पर पूरे होने की संभावना मजबूत होगी। इसी के साथ तय समय-सीमा में घर मिलने की गारंटी भी रहेगी। मसूरी देहरादून विकास प्राधिकरण (एमडीडीए) के उपाध्यक्ष बंशीधर तिवारी का कहना है कि नियमावली बनने के बाद न केवल निवेशकों की परेशानी कम होगी, बल्कि शहर की भविष्य की विकास योजना भी मजबूत और संतुलित होगी।

### शहर की व्यवस्था सुधरेगी, रुकेगा अवैध निर्माण

देहरादून में लंबे समय से बिना अनुमति के फ्लोर बढ़ाने, स्टिल्ट पार्किंग पर कब्जा करने के साथ पड़ोसियों के अधिकारों का उल्लंघन करने जैसी समस्याएं बढ़ रही थीं। हालांकि, एमडीडीए ने इसका संज्ञान लेकर न केवल बिल्डर फ्लोर दो मंजिल से अधिक बनाने पर प्रतिबंध लगा दिया है बल्कि स्टिल्ट पार्किंग भी अनिवार्य कर दिया है। नई नियमावली में नक्शे से हटकर निर्माण पर तुरंत कार्रवाई होगी, पार्किंग और सार्वजनिक स्थानों पर कब्जा रोकने में मदद मिलेगी और शहर की यातायात और रहन-सहन व्यवस्था भी सुधरेगी। प्रोजेक्ट की अनुमति से लेकर निर्माण की स्थिति तक की जानकारी आनलाइन उपलब्ध होगी। इससे निवेशक आसानी से पता कर सकेंगे कि जिस प्रोजेक्ट में वे पैसा लगा रहे हैं, उसकी वास्तविक स्थिति क्या है। नियमावली में एक समर्पित शिकायत निस्तारण सेल बनाने का भी प्रस्ताव है। इससे निवेशक अपनी समस्या सीधे दर्ज करा सकेंगे और कार्रवाई भी समयबद्ध होगी। यह नियमावली न केवल निर्माण कार्यों को सुव्यवस्थित करेगी, बल्कि उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा भी सुनिश्चित करेगी।

### नई नियमावली में तुरंत कार्रवाई का होगा प्रविधान

- **दो मंजिल से अधिक निर्माण पर रोक:** एमडीडीए पहले ही आदेश कर चुका है कि दो से अधिक मंजिल वाले बिल्डर फ्लोर पूरी तरह प्रतिबंधित रहेंगे। नई नियमावली में इस प्रविधान को कानूनी ताकत दी जाएगी एवं बिना अनुमति अतिरिक्त मंजिल बनाने पर तुरंत कार्यवाई और निर्माण सील करने का प्रविधान होगा।
- **स्टिल्ट पार्किंग को अनिवार्य:** शहर में पार्किंग संकट लगातार बढ़ रहा है। कई बिल्डर स्टिल्ट पार्किंग दिखाकर बाद में उसमें कमरे बना देते हैं। नियमावली में यह स्पष्ट होगा कि स्टिल्ट पार्किंग का उपयोग किसी भी स्थिति में आवासीय या व्यावसायिक निर्माण के लिए नहीं किया जा सकेगा। उल्लंघन पर भारी जुर्माना और एफआइआर तक की कार्रवाई होगी।
- **आनलाइन नक्शा सत्यापन और पारदर्शिता:** खरीदारों की सुविधा के लिए एक पोर्टल बनाया जा रहा है। कोई भी व्यक्ति यहां जाकर किसी भी प्रोजेक्ट का नक्शा, अनुमति, निर्माण स्थिति और बिल्डर की प्रोफाइल देख सकेगा। इससे नकली अनुमतियों और गलत जानकारी देने पर रोक लगेगी।
- **नक्शे से हटकर निर्माण पर सीधे मामला दर्ज:** अब तक अधिकतर मामलों में नोटिस देकर कार्रवाई धीमी पड़ जाती थी। नई व्यवस्था में स्वीकृत नक्शे से अलग निर्माण मिलने पर नोटिस के साथ-साथ तुरंत मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया तय होगी। इससे बिल्डरों में जवाबदेही बढ़ेगी।
- **अनिवार्य एग्रीमेंट और समयबद्ध हैंडओवर:** कई मामलों में बिल्डर मौखिक वादों पर निर्माण बेच देते हैं। नई नियमावली में एग्रीमेंट को अनिवार्य किया जाएगा, जिसमें फ्लोर प्लान, निर्माण गुणवत्ता, सुविधाएं और हैंडओवर की तिथि स्पष्ट रूप से दर्ज होगी। समय-सीमा में देरी पर बिल्डर को पेनाल्टी देनी होगी।
- **निगरानी के लिए विशेष निरीक्षण टीम:** एमडीडीए और प्रशासन की संयुक्त टीम निर्माण के दौरान मौके पर अलग-अलग चरणों में निरीक्षण करेगी। इससे घटिया सामग्री उपयोग और सुरक्षा मानकों के उल्लंघन पर तुरंत रोक लगेगी और पारदर्शी निर्माण की उम्मीद बढ़ेगी।

### पूरी तरह एक्शन मोड में आया एमडीडीए

घर खरीदने वालों को ठगी, भ्रमित करने वाले दावों और अवैध निर्माण की मार से बचाने के लिए अब एमडीडीए पूरी तरह सक्रिय हो गया है। शहर में बिल्डर गतिविधियों में तेजी से बढ़ रही अनियमितताओं को देखते हुए अब बिल्डर लाबी को किसी तरह की राहत नहीं मिलती दिख रही। शहर में बिल्डर फ्लोर संस्कृति के तेजी से बढ़ने, अवैध अतिरिक्त निर्माण, पार्किंग पर कब्जा, बिना अनुमति मंजिलें खड़ी करना, नक्शों में मनमानी जैसी समस्या लगातार सामने आ रही हैं। प्राधिकरण को शिकायतें मिल रही थीं कि कई बिल्डर निवेशकों को अलग तरह की सुविधाओं का वादा करते हैं, लेकिन कब्जा देते समय स्थिति पूरी तरह अलग निकलती है।

# संविधान दिवस के अवसर पर किया गया प्रस्तावना का वाचन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को जनपद में विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन कर विद्यार्थियों व लोगों को जागरूक करते हुए प्रस्तावना का वाचन किया गया। इस दौरान भारतीय संविधान की विशेषता व उसके महत्व की जानकारी देते हुए समर्पण की शपथ भी दिलाई गई।
कलेक्टरेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में जिलाधिकारी पुलकित गर्ग ने कहा कि भारत सरकार द्वारा प्रत्येक वर्ष 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दिन देशभर में भारतीय संविधान की भावना, मूल्यों और आदर्शों के प्रति समर्पण व्यक्त किया जाता है। बताया कि संविधान दिवस की शुरुआत 2015 में की गई थी ताकि भारतीय नागरिकों विशेषकर युवाओं में संवैधानिक मूल्यों, न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके। 26 नवंबर 1949 को संविधान सभा ने भारत के संविधान को अंगीकृत किया था, इसलिए यह दिन राष्ट्र के लिए अत्यंत गौरवपूर्ण है। संविधान दिवस नागरिकों को यह स्मरण कराता है कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत की लोकतांत्रिक आत्मा का परिचायक है। यह दिन हम सभी को अपने कर्तव्यों, अधिकारों और राष्ट्र के प्रति दायित्वों को पुनः समझने और निभाने का संकल्प दिलाता है। इस दौरान सभी डीएम ने सभी अधिकारियों व कर्मचारियों के साथ भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन भी किया। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व उमेश चन्द्र निगम, अपर उप जिलाधिकारी अजय कुमार यादव सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।
इसी क्रम में पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस कार्यालय में नियुक्त सभी अधिकारी व कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी। इस दौरान एसपी ने डॉ भीमराव अम्बेडकर द्वारा निर्मित संविधान की विशेषताओं एवं महत्व की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस अधीक्षक ने पुलिस कार्यालय का भ्रमण कर निरीक्षण किया तथा कार्यालय परिसर में साफ-सफाई बनाए रखने के लिए सम्बन्धितों को निर्देशित किया। इस मौके पर वाचक पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार सिंह, निरीक्षक एलआईयू नागेन्द्र भूषण पाण्डेय, आईजीआरएस प्रभारी निरीक्षक नागेन्द्र नागर सहित सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे। इसी प्रकार अपर पुलिस अधीक्षक सत्यपाल सिंह ने पुलिस लाइन चित्रकूट में, क्षेत्राधिकारी राजापुर राज कलम द्वारा क्षेत्राधिकारी कार्यालय राजापुर में, क्षेत्राधिकारी मऊ फहद अली द्वारा थाना मानिकपुर में नियुक्त सभी पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना की शपथ दिलायी।

# 'मिशन शक्ति' एंटी ह्युमन ट्रैफिकिंग टीम ने महिला को खरीद व जबरन विवाह करने वाले आरोपी के साथी को किया गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। बांदा



पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में मिशन शक्ति अभियान व बाल भिक्षावृत्ति/बालश्रम की रोकथाम, किशोर न्याय संरक्षण, बाल विवाह, एवं मानव तस्करी की रोकथाम आदि हेतु चलाये जा रहे विशेष अभियान के क्रम में दिनांक 26नवम्बर को थाना एंटी ह्युमन ट्रैफिकिंग यूनिट द्वारा महिला को 01 लाख 38 हजार रूपए मे खरीद व जबरन विवाह करने वाले मुख्य अभियुक्त के दोस्त को गिरफ्तार कर लिया गया है।गौरलतब हो कि जनपद चित्रकूट की रहने वाली एक पीड़िता द्वारा दिनांक 22नवम्बर को थाना॥ज्ञ जनपद पर दिए गए प्रार्थना पत्र में आरोप लगाया गया कि दिनांक 20नवम्बर को उसकी माता मुन्नी एवं भाई जयनारायण ने उसे जनपद लाकर जबरन हरियाणा के कृष्ण कुमार पुत्र शिवराम नामक एक अनजान व्यक्ति को ?1,38,000/- में बेच दिया तथा उसकी जबरन शादी करा दी, जबकि पीड़िता पूर्व से ही शादीशुदा है।पीड़िता द्वारा लगाए गए गंभीर आरोपों एवं प्रकरण की संवेदनशीलता को देखते हुए थाना एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट जनपद द्वारा तत्काल सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत कर विवेचना प्रारम्भ की गई।विवेचना के दौरान एकत्र पीड़िता के विस्तृत बयान, भौतिक एवं तकनीकी साक्ष्यों, तथा अन्य तथ्यों के आधार पर पुलिस टीम द्वारा मुख्य अभियुक्त कृष्ण कुमार को दिनांक 25नवम्बर को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है।साथ ही अन्य अभियुक्त के गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे थे इसी क्रम में दिनांक 26नवम्बर को मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने मुख्य आरोपी के दोस्त बलराम को पुलिस लाइन के पीछे मोर्चरी के पास से गिरफ्तार कर लिया गया।जो सम्पूर्ण घटना क्रम में मुख्य अभियुक्त के साथ घटना कारित करनें में संलिप्त था। गिरफ्तार अभियुक्त- बलराम पुत्र राजेन्द्र निवासी ग्राम बडोकी थाना हसनपुर जिला पलवल (हरियाणा)।
गिरफ्तार करने वाली टीम-उप निरीक्षक अनिल कुमार उपाध्याय थाना॥ज्ञ, कांस्टेबल प्रशान्त कुमार आदि मौजूद रहे।

# सीडीओ ने किया विकास भवन का औचक निरीक्षण

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट



मुख्य विकास अधिकारी अमृतपाल कौर ने बुधवार को विकास भवन में संचालित विभागीय कार्यालयों का निरीक्षण किया गया। इस दौरान गैर हाजिर मिलने वालों को वेतन रोक दिया गया।
निरीक्षण के दौरान सीडीओ ने जिला विकास कार्यालय में उपस्थिति पंजिका का अवलोकन किया गया। जिसमें जीप चालक राघवेन्द्र सिंह के विगत चार माह से अनुपस्थित पाए जाने पर चार्जशीट गठित कर विभागीय कार्यवाही करने के निर्देश जिला विकास अधिकारी को दिए गए। जिला ग्राम विकास अभिकरण के कार्यालय कक्ष में निष्प्रयोज्य पडी हुयी सामग्री को अविलम्ब सूचीबद्ध करते हुए नीलामी कराने के निर्देश दिए। कार्यालय में प्रयोगार्थ खराब फोटोकापी मशीन को तत्काल ठीक कराने के लिए निर्देशित किया। सीडीओ ने विकास भवन में संचालित इण्डियन बैंक के पास स्थापित खराब आरो को हटवाने के निर्देश दिए। उपायुक्त स्वतः रोजगार कार्यलय की उपस्थिति पंजिका के अवलोकन में विगत 19 नवंबर से पीडीएफ विकास मिश्रा के अनुपस्थित पाये जाने पर अनुपस्थिति के दिनों का मानदेय बाधित करने के निर्देश दिए। उद्यमी मित्र सुधा सिंह अपने कार्यालय में अनुपस्थित पायी गयी। जिला समाज कल्याण कार्यालय की उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण में मल्टी टास्क शिवपूजन अनुपस्थित पाये गये। जिला पिछडा वर्ग कल्याण अधिकारी एवं जिला अल्प संख्यक कल्याण अधिकारी अपने कार्यालय कक्ष में अनुपस्थित पाए गए। जिला पंचायतराज अधिकारी कार्यालय निरीक्षण में डीसी एमआईएस हरवीश कुमार, डीसी एसएलडब्ल्यूएम यशवंत यादव, एकाउण्टेंट राहुल शुक्ला, कम्प्यूटर ऑपरेटर कमलेश गुप्ता अनुपस्थित पाये गये, जिनका एक दिन का मानदेय रोकने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिए। सहायक चकबंदी अधिकारी की उपस्थिति पंजिका के निरीक्षण में (चकबंदी लेखपाल) रंजिता सिंह विगत 13 अक्टूबर से लगातार अनुपस्थित पायी गयी। जिस पर सीडीओ ने कार्यवाही कर अवगत कराने के निर्देश दिए।

# पुलिस ने दो शातिर ट्रक लोकेटरों को दबोचकर स्कारपियो के साथ भेजा जेल

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर

ट्रक लोकेटरों का मजबूत नैटवर्क लम्बे वख्त से उरई, हमीरपुर, घाटमपुर,कानपुर, फतेहपुर,उन्नाव से लेकर लखनऊ तक फैला हुआ है।
ट्रक लोकेटर इतने शातिर हैं कि वो डीएम से लेकर सारे अधिकारियों पर पैनी नजर रखने के साथ ही उनकी पल-पल की लोकेशन वाट्सएप ग्रुप के साथ ही मोबाईल के जरिये मोरम और गिट्टी का ओवर लोड और अवैध परिवहन करने वाले ट्रक आपरेटर और ट्रक चालकों को पहुंचाते रहते हैं। जबकि ट्रक लोकेशन के इस अवैध कारोबार के दम पर मोरम, गिट्टी के ओवर लोड ट्रकों के साथ ही बिना एम0 एम0 ग्यारह के अवैध परिवहन कर करोड़ों के राजस्व का चूना लगाने के साथ ही अकूट सम्पत्ति इकट्ठा करने वाले शातिर ट्रक लोकेटरों के खिलाफ खनिज इंस्पैक्टर उमाकांत की तहरीर पर सदर कोतवाली में पवन पुत्र अज्ञात निवासी आटा, जालौन, दीपक पुत्र अज्ञात निवासी आटा जालौन, मनीष द्विवेदी पुत्र अज्ञात, निवासी रमेड़ी हमीरपुर, बदलू निषाद पुत्र अज्ञात,निवासी मेरापुर हमीरपुर, कल्लू सविता, पुत्र अज्ञात, निवासी कुछेछा हमीरपुर,रोहित पुत्र अज्ञात,निवासी हमीरपुर, राहुल पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात, आलोक अवस्थी उर्फ भूरा पुत्र अज्ञात, निवासी घाटमपुर, धर्मेन्द्र पुत्र अज्ञात, निवासी घाटमपुर, सिराज कुरैशी पुत्र अज्ञात निवासी सेवा आश्रम लक्ष्मी बाई तिराहा हमीरपुर, ब्रजेश कुमार पुत्र अज्ञात, निवासी रामपुर हमीरपुर, नवनीत पाल,पुत्र अज्ञात, निवासी विमल नर्सिंग होम के पीछे, दीपक पुत्र अज्ञात, निवासी कुछेछा हमीरपुर, अखिलेश उर्फ पुत्र चन्द्रपाल उर्फ चंदू राजपूत, निवासी नई बस्ती राठ, जयराम यादव पुत्र अज्ञात, पुराना आरटीओ आफिस हमीरपुर, ऋषि तिवारी पुत्र अज्ञात, कालपी चौराहा हमीरपुर, गम्भीर यादव पुत्र अज्ञात, कालपी चौराहा हमीरपुर, जगदीश पुत्र अज्ञात, कालपी चौराहा हमीरपुर, भूपेन्द्र द्ववेदी पुत्र अज्ञात, निवासी राठ हमीरपुर, चन्दन पुत्र अज्ञात, निवासी अज्ञात, ब्रजेश पुत्र अज्ञात, निवासी अज्ञात, बिंवार निवासी मातादीन कुशवाहा पुत्र

# शहीद नायक गोविन्द सिंह यादव को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि

जन एक्सप्रेस। हमीरपुर



कुरारा के कुसमरा निवासी भारतीय सेना में तैनात नायक गोविन्द सिंह यादव की सैन्य सम्मान के साथ अंतिम यात्रा सम्पन्न हुई। शहीद ने राष्ट्र की सेवा करते हुए अपना सर्वोच्च बलिदान दिया, जिसके प्रति जनपदवासियों सहित पूरे जिले में गहरा शोक व्याप्त है। आयोजित अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय नागरिकों ने शहीद को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान क्षेत्र के प्रमुख जनप्रतिनिधि और अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें खासतौर से सदर विधायक, पूर्व जिलाध्यक्ष, अपर जिलाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक, सहित गणमान्य नागरिक, सामाजिक संगठन और मौजूद रहे। अधिकारियों ने शहीद के पार्थिव शरीर पर पुष्पचक्र अर्पित कर श्रद्धांजलि दी साथ ही उनके परिवारजनों से मिलकर संवेदना व्यक्त की। भारतीय सेना की टुकड़ी ने सलामी देकर सैन्य रीति-रिवाजों के मुताबिक अंतिम यात्रा सम्पन्न कराई गई।

## बीट प्रणाली को बनाएं सुदृढ़- एसपी

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अरुण कुमार सिंह ने बुधवार को जनपद के सभी थाना एवं चैकियों में तैनात बीट पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान एसपी ने बीट बुक का अवलोकन करते हुए बीट प्रणाली को सुदृढ बनाने के सम्बन्ध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। बैठक में पुलिस अधीक्षक ने बीट प्रणाली के प्रभावी रूप से क्रियान्वयन के लिए बीट पुलिस अधिकारियों की बीट बुक का अवलोकन करते हुए बीट प्रणाली को सुदृढ़ बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कानून व्यवस्था एवं अपराध पर नियंत्रण के लिए पुलिस हल्कों एवं बीट व्यवस्था में दिए निर्देशों के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से जानकारी दी। उन्होंने बीट अधिकारियों के कर्तव्य एवं अधिकार जैसे ग्राम प्रहरियों का दायित्व, सी-प्लान एप का उपयोग, बीट क्षेत्र में लाइसेन्स धारकों, पासपोर्ट धारकों, सम्भ्रान्त व्यक्तियों के नाम बीट बुक में दर्शाने, थाने पर प्राप्त सभी प्रकार के बीट सम्मन, नोटिस, वारण्ट, प्रार्थना पत्र जांच, चरित्र सत्यापन, विवेचना आदि को पूरी ईमानदारी से करने को कहा। इस मौके पर सम्बन्धित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# शहर के महेश्वरी देवी चौराहे पर आयोजित हुआ सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

जन एक्सप्रेस। बांदा




यातायात माह नवंबर माह 2025 के अंतर्गत सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान के तहत दिनांक 25 नवंबर को मां महेश्वरी देवी चौराहे पर भगवत प्रसाद एकेडमी विद्यालय के छात्र /छात्राओं द्वारा सहायक पुलिस अधीक्षक मेविश टॉक,मंडलीय मास्टर ट्रेनर/समन्वयक सड़क सुरक्षा डॉ पीयूष मिश्रा,यातायात प्रभारी संजय मिश्रा एवं सदस्य जिला सड़क सुरक्षा समन्वयक समिति सुनील सक्सेना,अन्य संभ्रांत समाजसेवी की उपस्थिति में नगर वासियों को जागरूक किया इस अवसर पर सहायक पुलिस अधीक्षक ने छात्र-छात्राओं के इस प्रयास को सराहते हुए अपने जीवन में अमल में लाने की प्रेरणा दी डॉ. पीयूष मिश्रा ने उपस्थित सभी संभ्रांत नागरिकों से अपील की कि वह इस अभियान से जुड़कर जनपद को दुर्घटना रहित बनाने में मदद करें हेलमेट तथा सीट बेल्ट का प्रयोग कर जनपद को आदर्श जनपद बनाएं यातायात प्रभारी ने सभी से यातायात नियमों के पालन करने का आग्रह किया सड़क सुरक्षा समिति के सदस्य सुनील सक्सेना ने सभी बच्चों का उत्साह वर्धन किया समाजसेवी गोपाल कल्पना गारमेंट्स एवं अन्य नगर वासियों ने बढ़-चढ़कर छात्र-छात्राओं का उत्साह वर्धन किया इस अवसर पर प्रधानाचार्य शिवेंद्र प्रताप सिंह एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।अंत में डॉ पीयूष मिश्रा ने सभी को सड़क सुरक्षा शपथ दिलाई।

# पुलिस अधीक्षक ने कार्यालय में व सहायक पुलिस अधीक्षक ने पुलिस लाइन में मनाया संविधान दिवस

जन एक्सप्रेस। बांदा



दिनांक 26नवम्बर को संविधान दिवस के अवसर पर जनपद में पुलिस कर्मियों को संविधान के आदर्शों का पालन करने तथा देश की एकता और अखण्डता को बनाये रखने की शपथ दिलाई गई श। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा पुलिस कार्यालय में तथा सहायक पुलिस अधीक्षक मेविस टॉक द्वारा पुलिस लाइन में पुलिसकर्मियों को मौलिक कर्तव्यों की जानकारी देकर संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों एवं उदेश्यिका का स्मरण कराते हुये राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी।इसी क्रम में के समस्त थानों पर थाना प्रभारियों द्वारा थानों में नियुक्त पुलिसकर्मियों को राष्ट्र की एकता व अखण्डता बनाये रखने की शपथ दिलाई गयी।
संविधान दिवस -बता दें कि संविधान निर्माताओं के अथक परिश्रम के फलस्वरुप 26 नवम्बर 1949 को अंगीकृत किया गया था।भारत सरकार द्वारा वर्ष 2015 में संविधान निर्माता डॉ0 भीमराव अम्बेडकर की 125वीं जयंती पर संविधान दिवस मनाये जाने की घोषणा की तब से प्रतिवर्ष 26 नवम्बर को संविधान दिवस के रुप में मनाया जाता है । संविधान दिवस का उदेश्य लोगों को संविधान की उदेश्यिका, इसके मौलिक अधिकारों और इसके द्वारा दी गई जिम्मेदारियों के प्रति जागरुक करना है।इस दिन लोगों को संविधान के मूल्यों एवं आदर्शों का पालन करने व राष्ट्र की एकता व अखण्डता को अक्षुण्ण बनाये रखने की शपथ दिलाई जाती है।

## छात्रवृत्ति के लिए संशोधित समय सारिणी जारी

**चित्रकूट।** जिला समाज कल्याण अधिकारी डॉ वैभव त्रिपाठी ने बताया कि समाज कल्याण विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा संचालित पूर्वदशम छात्रवृत्ति (कक्षा 9-10) तथा दशमोत्तर छात्रवृत्ति (कक्षा 11-12) योजनान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में अनुसूचति जाति, अनुसूचित जनजाति, सामान्य वर्ग, अन्य पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक वर्ग के विद्यार्थियों के लिए संशोधित समय सारिणी निर्गत की गयी है। आनलाइन सत्यापित करने की तिथि 15 दिसम्बर से 20 दिसम्बर तक निर्धारित है। कहा कि सभी संस्थाएं व विद्यार्थी संशोधित समय सारिणी के अनुसार आनलाइन आवेदन तथा प्रक्रियात्मक कार्यवाही कर योजना का लाभ उठाएं।

# संविधान दिवस पर आर्य कन्या इंटर कॉलेज में आयोजित हुआ एक दिवसीय जन जागरूकता कार्यक्रम

जन एक्सप्रेस। बांदा



सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय,भारत सरकार के केंद्रीय संचार ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा शहर स्थित आर्य कन्या इंटर कॉलेज में संविधान दिवस के अवसर पर एक दिवसीय विशेष जन-जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन नगर पालिका परिषद की चेयरमैन मालती बासू द्वारा किया गया।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चेयरमैन मालती बासू ने छात्राओं व उपस्थित अन्य लोगों से आहवाहन किया कि वे संविधान का अध्ययन अवश्य करें।क्योंकि ये हमारी सम्पूर्ण और सशक्त प्रगति का मेरुदंड है और जीवन में राष्ट्र को सर्वोपरि स्थान दें। क्योंकि बिना राष्ट्र निष्ठा के हम प्रगति पथ पर आगे नहीं बढ़ सकते।उन्होने कहा कि राष्ट्र के प्रति सर्वोपरि भावना होने से देश को सम्मान मिलता है।
उन्होने कहा कि बच्चों को यह समझना चाहिए कि देश की एकता और अखंडता के लिए संविधान का अनुपालन अति आवश्यक है।इसके अभाव में देश की एकता और अखंडता सुनिश्चित नहीं की जा सकती है।संविधान दिवस मनाने के पीछे मूल लक्ष्य यह है कि भारत की भावी पीढ़ी को इस बात की जानकारी दी जा सके कि उन्हें संविधान के अनुकूल ही आचरण करना है। और वो इसके अनुकूल चलने का संकल्प भी लें।अपने संबोधन में मुख्य वक्ता के तौर पर उपस्थित राजकीय इंटर कॉलेज के अध्यापक डॉ पीयूष मिश्रा ने कहा कि आज विदेशों में भारत की तस्वीर बिलकुल बदली हुई नजर आती है।इधर कुछ वर्षों में देश ने जो प्रगति की है उसके लिए इसका नाम विश्व के विकसित और अविकसित दोनों ही देशों में बहुत सम्मान के साथ लिया जाता है।उन्होने कहा कि देश प्रेम राष्ट्र की तरक्की के लिए आवश्यक है।उन्होने कहा कि भारतीय संविधान विश्व के उन बिरले संविधानों में एक है जहां विभिन्न धर्म, जाति और पिछड़े वर्गों के विकास के लिए प्रावधान किए गए हैं।उन्हीं प्रावधानों का यह फल है कि आज देश में उन लोगों को भी सर्वोच्च स्थान प्राप्त हो रहा है जो अभी तक उपेक्षित रहे हैं।कार्यक्रम में उपस्थित विद्यालय की अध्यापिका सीमा पांडे ने संविधान के भिन्न अनुच्छेदों पर प्रकाश डालते हुए इस बात पर बल दिया कि संविधान पूरी तरह से सभी जाति, वर्ग और संप्रदायों के प्रति उदार भाव रखता है।विद्यालय की प्रधानाचार्या पूनम गुप्ता ने कहा कि संविधान को घर घर तक पहुंचाने का प्रयास हम सब को मिल कर करना होगा। मंत्रालय के क्षेत्रीय प्रचार अधिकारी गौरव त्रिपाठी ने कार्यक्रम में उपस्थित लोगों का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने संविधान की प्रस्तावना की शपथ ली।

## डकैतों के मददगार को सजा

**चित्रकूट।** दस्यु संरक्षण के मामले में दोष सिंद्ध होने पर न्यायालय ने आरोपी को तीन वर्ष कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही 10,000 रुपये अर्थदण्ड से दण्डित किया है। अपर जिला शासकीय अधिवक्ता गोपाल दास ने बताया कि वर्ष 2012 में तत्कालीन कर्वी कोतवाली प्रभारी निरीक्षक अजीत कुमार सिंह ने बरमपुर गांव के निवासी भोला पटेल को गिरफ्तार किया था। आरोपी को सुरेश गैंग को खाद्य सामग्री देने जाते समय पकड़ा गया था। जिसमें पुलिस ने गैंग को शरण देने के मामले की रिपोर्ट दर्ज करते हुए न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। बचाव और अभियोजन पक्ष के अधिवक्ताओं की दलीलें सुनने के बाद त्वरित न्यायालय के अपर सत्र न्यायाधीश नीरज कुमार श्रीवास्तव ने निर्णय सुनाया। जिसमें दोष सिद्ध होने पर आरोपी भोला पटेल को तीन वर्ष के कारावास के साथ 10,000 रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

--------------------------------

# भाकियू ने किसान समस्याओं को लेकर जिला मुख्यालय में किया प्रदर्शन

जन एक्सप्रेस। चित्रकूट

भारतीय किसान यूनियन के जिलाध्यक्ष राम सिंह राही के नेतृत्व में बुधवार को किसानों ने समस्याओं को लेकर कलेक्टरेट पहुंच कर प्रदर्शन किया। साथ ही निस्तारण के लिए राष्ट्रपति को सम्बोधित ज्ञापन जिलाधिकारी पुलकित गर्ग को सौंपा। प्रदर्शन के दौरान जिलाध्यक्ष राम सिंह राही ने बताया कि किसान आंदोलन की पांचवीं वर्षगांठ के अवसर पर 26 नवम्बर को देश भर में किसान और मजदूर जिला स्तर पर विरोध प्रदर्शन के लिए बाध्य है। 26 नवम्बर 2020 को दिल्ली की सीमाओं पर शुरू हुआ संयुक्त ट्रेड यूनिट का आन्दोलन 380 दिनों तक चलता रहा, जिसमें 736 किसान बलिदान हुए और भारत सरकार को तीन कॉरपोरेट परस्त काले कृषि कानूनों को निरस्त करने को मजबूर होना पड़ा। किसानों की मांग पर विस्तृत चर्चा करते हुए किसानों ने आंदोलन स्थगित किया। सरकार द्वारा किसानों को किए गए वादे अभी भी लंबित है। कहा कि लंबित किसानों की मांगों पर सरकार के रवैए से किसान दुखी हैं। मांग की कि सरकार द्वारा सभी फसलों के लिए एमएसपी सीटू प्लस फिफ्टी के साथ गारंटी खरीद के लिए कानून सभी राज्यों में पारित कराए, बिजली बिल अधिनियम 2025 तुरंत वापस लिया जाए, बिजली का निजीकरण रोका जाए, स्मार्ट मीटरों पर रोक लगाई जाए, 84 हजार करोड़ रुपए की उर्वरक सब्सिडी बहाल किया जाए, यूरिया डीएपी की पर्याप्त उपलब्धता कराई जाए, प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना को समाप्त कर सार्वजनिक क्षेत्र में फसल व पशुधन बीमा योजना बनाई जाए। हाल ही में मजूदरों को गुलाम बनाने वाले श्रम कानून संहिताएं तुरंत वापस लिया जाए।

# भौगोलिक उपदर्शन एवं अधिकृत उपयोगकर्ता की एक दिवसीय कार्यशाला सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बांदा

दिनांक 26नवम्बर को कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार निदेशालय, उत्तर प्रदेश सरकार के सहयोग से जनपद के कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय में ''स्थानीय उत्पादों के भौगोलिक उपदर्षन पंजीयन (जी.आई.) तथा अधिकृत उपयोगकर्ता'' विषय पर एक दिवसीय संवेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पद्मश्री सम्मानित डा0 रजनीकान्त, जनरल सेक्रेटरी, ह्यूमन वेलफेयर एसोसियेशन, वाराणसी थे, जो कि जी.आई. मैन ऑफ इण्डिया के नाम से भी प्रसिद्ध है विशिष्ठ अतिथि के रूप में डा0 दिनेश चन्द्र,सहायक विपरण अधिकारी,चित्रकूटधाम मण्डल ने प्रतिभाग किया इस कार्यशाला में भौगोलिक उपदर्शन (जी.आई.) से सम्बन्धित विश्वविद्यालय के समस्त प्राधिकारीगण,कृषि जिन्सो/उत्पादों को चिन्हित करने से सम्बन्धित कृषि विपणन एवं कृषि विदेश व्यापार, चित्रकूटधाम मण्डल के अधिकारीगण, विश्वविद्यालय के समस्त निदेशकगण/अधिष्ठातागण, समस्त शैक्षणिक स्टाफ, कृषि विज्ञान केन्द्रों के अधिकारीगण, शोध छात्र/छात्रायें, जिले में भौगोलिक उपदर्शन (जी.आई.) हेतु कार्य कर रहे गैर सरकारी




संगठनों(एन.जी.ओ.), किसान उत्पादक संगठनों (एफ.पी.ओ.) आदि ने कार्यक्रम में प्रतिभाग किया डा0 रजनीकान्त ने बताया कि कृषि जिन्सों तथा इनसे बनने वाले उत्पादों का भौगोलिक उपदर्शन (जी.आई.) पंजीकरण कराया जाना नितान्त आवश्यक है। इससे क्षेत्र के उत्पादों को नई पहचान व उत्पादों के व्यापार को नई दिशा मिलेगी तथा साथ ही भौगोलिक क्षेत्र के उत्पादों को उत्पादित करने वाले समुदाय को विशेष लाभ मिलेगा। उत्पादों का जी.आई. पंजीकृत होने के पश्चात् उक्त उत्पाद को किसी अन्य भौगोलिक क्षेत्र में दिये गये पंजीकृत नाम से उत्पादित नहीं किया जा सकेगा एवं उत्पाद का विपणन केवल पंजीकृत उपयोगकर्ता द्वारा ही किया जा सकेगा। जी.आई. उपरान्त भौगोलिक क्षेत्र के समुदाय का आजीविका वर्धन होगा। डा0 रजनीकान्त के एन.जी.ओ. ह्यूमन वेलफेयर एसोसियेशन, वाराणसी के सहयोग से भारत में अब तक लगभग 496 उत्पादों के जी.आई. हेतु आवेदन कराया गया है। जिनमें से 163 पारम्परिक उत्पादों को जी.आई. प्रदान किया जा चुका है। कार्यशाला में भौगोलिक उपदर्शन आवेदन एवं पंजीकृत उपयोगकर्ता बनने की प्रक्रिया को विस्तृत रूप से समझाया गया एवं जिले के सम्भावित उत्पादों के जी.आई कराने पर चर्चा की गयी। कार्यक्रम का आयोजन डा0 ए0के श्रीवास्तव, निदेशक, पी0एम0ई0सी0 एवं डा0 जगन्नाथ पाठक,निदेशक,शोध,डा0 मुकुल कुमार,अधिष्ठाता,स्नात्कोत्तर अध्ययन एवं उनकी समस्त टीम द्वारा सम्पादित किया गया।कार्यक्रम का संचालन डा0 बी0के0 गुप्ता, सहायक प्राध्यापक द्वारा किया गया।

लखनऊ एक्सप्रेस

हिंदी दैनिक, जन एक्सप्रेस | @janexpressnews | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper | janexpresslive | लखनऊ, गुरुवार, 27 नवंबर, 2025






**संविधान दिवस पर संविधान 9 नई भाषाओं...**

संसद के सेंट्रल हॉल में बुधवार को 150 वां संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को 9 नई भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया में जारी किया। राष्ट्रपति ने कहा- संसद ने तीन... पढ़ें पेज 12 पर...

# कानपुर पुलिस बनाम महिला आयोग

## नोटिस की 'अभद्र भाषा' पर बवाल, मामला और गरमाया

जन एक्सप्रेस । लखनऊ


कानपुर में पुलिस बनाम महिला आयोग का टकराव लगातार गहराता जा रहा है। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता को नोटिस भेजने के बाद मामला अब सरकार के शीर्ष स्तर तक पहुँच गया है। महिला आयोग की सदस्य ने कानपुर पुलिस पर पलटवार करते हुए कहा है कि नोटिस में अभद्र और अमर्यादित भाषा का प्रयोग हुआ है, जिससे संबंधित अधिकारी की महिलाओं के प्रति सोच साफ झलकती है। अनीता गुप्ता का कहना है कि कानपुर पुलिस को उन्हें इस प्रकार का नोटिस देने का कोई अधिकार ही नहीं। उन्होंने पूरी घटना की जानकारी महिला आयोग की अध्यक्ष को भेज दी है। उनके अनुसार, अध्यक्ष जल्द ही इस पूरे विवाद पर औपचारिक



चिट्ठी जारी करेंगी, जिसमें पुलिस की कार्रवाई को अनुचित ठहराया जा सकता है।

### क्या है पूरा मामला?

सूत्रों के मुताबिक बीते दिनों महिला आयोग की सदस्य अनीता गुप्ता ने कानपुर के एक थाने का अचानक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान कुछ अनियमितताओं और शिकायतों



सदस्य, राज्य महिला आयोग,
उत्तर प्रदेश।

विषय: दिनांक 22.11.2025 को थाना बर्रा, कमिश्नरेट कानपुर नगर के निरीक्षण के संबंध में।

दिनांक 22.11.2025 को आपके द्वारा, सदस्य, राज्य महिला आयोग, उत्तर प्रदेश के रूप में, थाना बर्रा, कमि... कानपुर नगर का निरीक्षण किया गया। इस संबंध में अवगत कराना है कि कानूनी प्रावधानों एवं निर्धारित क्षेत्राधिका... अनुसार राज्य महिला आयोग के सदस्यों को पुलिस थानों का सीधे निरीक्षण करने का अधिकार प्राप्त नहीं है।

2- ऐसे निरीक्षणों के फलस्वरूप दैनिक पुलिस कार्य में अनावश्यक व्यवधान उत्पन्न होता है, जिससे जन... उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाएँ तथा आपातकालीन दायित्वों का निर्वहन प्रभावित होता है। यह स्थिति पुलिस व्यवस... निरंतरता के लिए बाधक सिद्ध होती है।

3- अतः उपर्युक्त तथ्यों के परिप्रेक्ष्य में दृढ़तापूर्वक अपेक्षा की जाती है कि आप अपने प्रदत्त अधिकारों एवं ... के अंतर्गत ही कार्य करें। पुलिस विभाग के कार्य, व्यवस्था एवं आंतरिक कार्यप्रणाली से संबंधित निरीक्षण कार्य ... क्षेत्राधिकार में सम्मिलित नहीं है, अतः भविष्य में ऐसे किसी भी निरीक्षण से बचा जाना अपेक्षित है, ताकि पुलिस ...

की ओर उन्होंने पुलिस को आगाह किया। उसी के बाद कानपुर पुलिस की ओर से उन्हें एक नोटिस थमा दिया गया, जिसमें कहा गया कि थाने का निरीक्षण करना उनका अधिकार नहीं है और भविष्य में ऐसा न करें। यहीं से विवाद भड़क उठा। महिला आयोग ने इसे अपमानजनक व्यवहार बताया है, जबकि पुलिस महकमा अपने नोटिस को प्रक्रियागत कार्रवाई बता रहा है। कानपुर का यह विवाद ऐसे समय में सामने आया है जब अखिलेश दुबे मामले में पीड़ित लगातार आरोप लगा रहे हैं कि जांच ÷ठप÷ पड़ी है। पीड़ित पक्ष का कहना है कि पुलिस न तो कार्रवाई में तेजी ला रही है और न ही सुनवाई हो रही है। ऐसे माहौल में महिला आयोग से जुड़ा नया विवाद शहर में शासन-प्रशासन की कार्यशैली पर गंभीर प्रश्न खड़े कर रहा है।

### नई व्यवस्था का राजतिलक

कानपुर के सामाजिक और कानूनी हलकों में इस पूरे टकराव को लेकर तीखी प्रतिक्रिया है। लोग सवाल उठा रहे हैं कि जब महिला सुरक्षा और संवेदनशील मामलों की निगरानी करने वाली संस्था और सुरक्षा एजेंसी आमने-सामने आ जाएँ, तो आम जनता किस पर भरोसा करे? स्थिति यह है कि शहर में यह मामला सिर्फ एक नोटिस का विवाद नहीं, बल्कि व्यवस्था बनाम व्यवस्था की लड़ाई बन चुका है। और अब लोग तंज में यही कह रहे हैं हाथों में रोली, चंदन और अक्षत लीजिएज और इस नई व्यवस्था का राजतिलक कीजिए! तनाव और बयानबाज़ी के बीच अब सबकी नज़र महिला आयोग की आगामी चिट्ठी और शासन की प्रतिक्रिया पर टिकी है।

# संविधान दिवस पर टी.एस. मिश्र लॉ स्कूल में साइबर अवेयरनेस सेशन, डिजिटल युग में महिलाओं की सुरक्षा पर विशेष फोकस

- संविधान से सशक्त, साइबर ज्ञान से सुरक्षित-टी.एस. मिश्र लॉ स्कूल का संकल्प

जन एक्सप्रेस । लखनऊ



77वें संविधान दिवस के उपलक्ष्य में टी.एस. मिश्र लॉ स्कूल में आज संवैधानिक मूल्यों के प्रसार और डिजिटल सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देने हेतु विशेष साइबर अवेयरनेस सेशन का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मिशन शक्ति 5.0 के अंतर्गत महिलाओं की सुरक्षा, सशक्तिकरण एवं डिजिटल जागरूकता को समर्पित रहा। कार्यक्रम का विषय डिजिटल युग में महिलाओं को सशक्त बनाना संवैधानिक अधिकार और साइबर सुरक्षा था। मुख्य वक्ता के रूप में अधिवक्ता, हाई कोर्ट लखनऊ एवं साइबर लॉ विशेषज्ञ तितिक्षा श्रीवास्तव ने छात्रों को संबोधित किया। उन्होंने डिजिटल स्पेस में महिलाओं को प्राप्त संवैधानिक संरक्षण, साइबर अपराधों की पहचान, कानूनी उपायों और सुरक्षित ऑनलाइन व्यवहार के बारे में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने वास्तविक जीवन के मामलों, नवीनतम साइबर अपराध प्रवृत्तियों और महिलाओं को लक्षित करने वाले ऑनलाइन जोखिमों पर चर्चा की। साथ ही यह भी बताया कि मिशन शक्ति 5.0 के तहत सरकार महिलाओं को डिजिटल सुरक्षा, तत्काल कानूनी सहायता और रिपोर्टिंग तंत्र जैसे साइबर हेल्पलाइन, महिला हेल्पडेस्क और ऑनलाइन शिकायत पोर्टलों के माध्यम से सशक्त बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। कार्यक्रम मूट कोर्ट हॉल में आयोजित किया गया, जिसमें स्नातक और स्नातकोत्तर छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। वक्ता ने जोर देते हुए कहा कि डिजिटल युग में महिलाओं की सुरक्षा केवल तकनीकी समझ से नहीं, बल्कि उनके संवैधानिक अधिकारों की जानकारी से और अधिक मजबूत होती है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. (डॉ.) यू. एन. तिवारी ने की, जबकि आयोजन प्रो. (डॉ.) सी. पी. सिंह के मार्गदर्शन में सम्पन्न हुआ। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि संविधान दिवस का उद्देश्य केवल संवैधानिक प्रावधानों को याद करना नहीं, बल्कि उनकी भावना को जीवन में उतारना है। महिलाओं की डिजिटल सुरक्षा सुनिश्चित करना इसी संकल्प का महत्वपूर्ण हिस्सा है। कार्यक्रम का संचालन डॉ. शिप्रा मिश्रा, डॉ. अन्नपूर्णा त्रिवेदी, डॉ. प्रतीक त्रिपाठी, श्रद्धा शुक्ला और डॉ. शम्भु नाथ मिश्रा द्वारा किया गया। टी.एस. मिश्र लॉ स्कूल ने आशा व्यक्त की कि यह सत्र छात्रों में साइबर सुरक्षा, डिजिटल अधिकारों और संवैधानिक संरक्षण के प्रति जागरूकता को और सुदृढ़ करेगा।

# गुलाबखेड़ा में 'जहरीला भट्ठा' सरकार की छत्रछाया में?

## अनुमति खत्म, केस कोर्ट में फिर भी धुआँ जारी

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

सरोजनीनगर के ग्राम गुलाबखेड़ा मजरा कुरौनी में चल रहा नारायण ब्रिक फील्ड अब प्रदेश सरकार की जवाबदेही पर बड़ा सवाल बन गया है। अनुमति 2023 में समाप्त, मामला अदालत में लंबित, स्कूल-कालेज-वन भूमि की तय सीमा का घोर उल्लंघन, इसके बावजूद भट्ठा उसी रफ्तार से धुआँ उगल रहा है जैसे इसके पीछे कोई सरकारी वरदहस्त हो।

### नया निर्माण भी अवैध—फिर भी प्रशासन मौन

भट्ठा संचालक ने पुरानी समाप्त एनओसी के आधार पर नए स्थान गाटा 1491 पर चिमनी खड़ी कर दी। चौंकाने वाली बात यह जमीन यूको बैंक में बंधक है, यानी बिना अनुमति एक-एक ईंट भी लगाना अपराध। पर असली सवाल भट्ठा बिना मान्यता के चल कैसे रहा है? किसके संकेत पर?



तहसील प्रशासन ने खुद माना, प्राथमिक विद्यालय 100 मीटर, मॉडर्न कॉलेज ऑफ एजुकेशन 200 मीटर, जबकि नियम के तहत 300 मीटर दूरी अनिवार्य है। इसके बाद भी विभागों ने रिपोर्ट में सब 'अनुरूप' दिखा दिया। ग्रामीणों की आग बबूला प्रतिक्रिया, कागजों में सब सुरक्षित असल में हमारा गांव दम तोड़ रहा है।

### 300 मीटर का नियम तोड़ने की खुलेआम चुनौती

वन विभाग की जमीन 1486, बंजर 1487, और ग्रामसभा की विवादित 312 के ठीक पास चिमनी संचालित है। ग्रामीणों के अनुसार दूरी 100 मीटर से भी कम। लेकिन सरकारी कागजों में इसे 200–250 मीटर दिखाकर नियम पूरे कर दिए गए। गांव का आरोप, यह सिर्फ भट्ठा नहींज विभागों की मिलीभगत का विशाल कारखाना है।

### क्या प्रदूषण बोर्ड ने कोर्ट को गुमराह किया?

प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने अदालत में दिया, 'भट्ठा नियमों के अनुरूप' का दावा। जबकि अनुमति समाप्त थी, नया स्थान था, दूरी नियम टूट रहे थे, जमीन बैंक के पास बंधक थी और संचालन साफ-साफ अवैध था। ग्रामीणों का आरोप और तीखा कोर्ट को गलत तथ्य देकर भट्ठा बचाया गया आखिर किसके दबाव में? अब सड़क ही आखिरी रास्ता है गुलाबखेड़ा के लोग यह लड़ाई महीनों से लड़ रहे हैं। डीएम, एसडीएम, प्रदूषण बोर्ड—हर जगह शिकायतें दीं। सभी विभाग खामोश। ग्रामीणों का गुस्सा अब आंदोलन की मांग बन चुका है अगर कार्रवाई नहीं हुई, तो पूरा गांव सड़क पर उतरेगा। अब चुप नहीं बैठेंगे।

**निष्कर्ष:** जहरीली हवा से बड़ा मुद्दा—सरकारी चुप्पी और संरक्षण का संदेह गुलाबखेड़ा में अवैध भट्ठा सिर्फ पर्यावरण का खतरा नहीं, यह उस तंत्र की सच्चाई दिखाता है जहां कोर्ट केस लंबित हो, अनुमति खत्म हो चुकी हो, आबादी-स्कूल-वन भूमि खतरे में हों, बैंक में गिरवी जमीन पर निर्माण हो और इसके बाद भी सरकार की तरफ से कार्रवाई न हो तो सवाल सिर्फ भट्ठा माफिया पर नहीं, सीधे सरकार की नीयत पर उठता है। गुलाबखेड़ा आज खुलकर पूछ रहा है सरकार बताए—यह अवैध भट्ठा आखिर किसके संरक्षण में चल रहा है?

# अज्ञात कार ने हाईवे पर दो बाइकों में मारी टक्कर, एक की मौत, तीन घायल

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत सीतापुर लखनऊ हाईवे रोड पर न्यू यादव ढाबा के सामने एक अज्ञात कार सवार ने सड़क पर जा रहे दो मोटरसाइकिलों को जोरदार टक्कर मार दी। जिसमें एक की मौत हो गई और चार लोग बुरी तरह घायल हो गए हैं। बता दें कि इस सड़क हादसे में प्रकाश उम्र करीब 50 वर्ष व पप्पू 45 वर्ष निवासी लोहारन पूरवा बख्शी का तालाब इटौंजा से अपने घर जा रहे थे, तभी न्यू यादव ढाबा के सामने अज्ञात कर सवारने पीछे से टक्कर मार दी, जिसमें प्रकाश उम्र 50 वर्ष की मौत हो गई और पप्पू 45 वर्ष बुरी तरह घायल हो गए। वहीं उन्हें के आगे चल रहे अजय व पिता सनेही पत्नी अनीता निवासी कल्याणपुर अपने घर जा रहे थे, उसी कार ने टक्कर मार दी, जिसमें तीन बुरी तरह घायल हो गए। वहीं घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है। टक्कर मारने वाली कार मौके से फरार हो गई।

# दरोगा ने महिला से की अभद्रता से बात, थाने से भगाने का आरोप, एसीपी से शिकायत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

लखनऊ कमिश्नरेट के इटौंजा थाना क्षेत्र अंतर्गत अकड़रिया कलां गांव निवासी प्रेमावती पत्नी प्रताप नारायण यादव बुधवार सुबह 10 बजे इटौंजा थाने पर एक शिकायत के मामले में बातचीत करनें गए थे। बीट दरोगा ने इस मामले में शिकायतकर्ता प्रेमावती से अभद्रता से बात की और थाने से भाग जाने को कहा, वही प्रेमावती ने एसीपी बख्शी का तालाब से लिखित शिकायत में कहा है कि दरोगा संजय गुप्ता ने बात करने पर कहा कि लात मारेंगे तो घुस जायेगी थाने से भाग जाओ। वही इटौंजा थाना पर शिकायतकर्ता से अभद्रता से बात करने से नाराज महिला प्रेमावती ने एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह से लिखित और मौखिक शिकायत की हैं। वही



इस मामले में एसीपी बीकेटी ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि इस मामले में जांच कर आवश्यक वैधानिक कार्यवाही की जायेगी, एसीपी ने महिला को समझाया और कहा कि पुलिस आपके साथ है पुलिस मदद करेगी और सुरक्षा करेगी, दरोगा ने अगर कहा है तो वह गलत है, एसीपी ने कहा कि किसी भी शिकायतकर्ता से इस तरह की बात करना गलत है जांच की जायेगी।

# पशु चिकित्सालयों,सेवा केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु 3787.607 लाख स्वीकृत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में राष्ट्रीय पशु स्वास्थ्य तथा रोग नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पशु चिकित्सालयों,पशु सेवा केन्द्रों के सुदृढ़ीकरण हेतु वर्तमान वित्तीय वर्ष में 37 करोड़ 87 लाख 60 हजार 7 सौ मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है। इस संबंध में पशुधन विभाग द्वारा शासनादेश जारी कर दिया गया है।शासनादेश में निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि केन्द्र प्रायोजित योजनाओं के संबंध में भारत सरकार द्वारा समय-समय पर निर्गत शासनादेशों दिशा निर्देशों का अनुपालन सुनिश्चित किए जाने का दायित्व निदेशक, रोग नियंत्रण एवं प्रक्षेत्र, पशुपालन का होगा।

# पिकअप डाले की टक्कर से साइकिल से कोचिंग जा रहे छात्र की मौत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

**मलिहाबाद।** लखनऊ साइकिल से कोचिंग पढ़ने जा रहे छात्र को एक अज्ञात डाले ने पीछे से जोरदार टक्कर मार दी हादसे में छात्र की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। घटना के बाद से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया बताते चलें कि रहीमाबाद थाना क्षेत्र के अंतर्गत अहमदाबाद निवासी अंश पुत्र हजारीलाल 15 वर्ष जो की भीमराव अंबेडकर इंटर कॉलेज गहलवारा काकोरी में कक्षा 10 का छात्र था वह अपने गांव से कुछ दूरी पर लखनऊ हरदोई रोड के उस पार चांदपुर स्थित आकृति कोचिंग सेंटर ट्यूशन पढ़ने जा रहा था जिस समय वह कटौली गांव क्रॉस किया तभी पीछे से आ रहे तेज रफ्तार से एक अनियंत्रित पिकअप ने उसे पीछे से टक्कर मार दी हादसे में छात्र साइकिल सहित रोड पर गिर गया और बुरी तरह चोटिल हो गया सूचना पर मौके पर पहुंचे परिजन और पुलिस ने छात्र को उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मलिहाबाद ले गए जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया हादसे के बाद आक्रोशित परिजनों तथा ग्रामीणों ने थोड़ी देर के लिए लखनऊ हरदोई राजमार्ग को जाम किया मौके पर मौजूद थाना प्रभारी रहीमाबाद अरुण कुमार त्रिगुणायक ने पीड़ित परिवार को समझाया कि आपका हर संभव मदद की जाएगी तब जाकर परिजन शांत हुए और जाम खोला पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया अंश की मौत से उसकी माता मनोज कुमारी भाई प्रिंस बहन प्रियंका का रो रो कर बुरा हाल है।

# स्वास्थ्य भवन लखनऊ में भानू प्रधान सहायक द्वारा मृतक आश्रित भर्ती में खेला गया बड़ा खेल उजागर

## करिश्मा द्विवेदी को बचाने में स्वास्थ्य भवन के प्रधान सहायक भानू व सीएमओ कार्यालय की रेखा तोमर की खुली सांठगांठ?

- परीक्षा में अनुपस्थित, अनर्ह घोषितज फिर भी 10 महीने बाद 'विशेष अवसर'

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश के स्वास्थ्य विभाग में मृतक आश्रित भर्ती को लेकर सामने आया ताज़ा प्रकरण शासन की जीरो टॉलरेंस नीति पर बड़ा प्रश्नचिह्न लगा रहा है। लखनऊ में तैनात कनिष्ठ सहायक कु. करिश्मा द्विवेदी को बचाने के लिए विभाग के भीतर हुई कथित मिलीभगत के दस्तावेज़ अब सामने आ चुके हैं।

### अनुपस्थित रहने पर अनर्ह फिर भी नौकरी सुरक्षित

कार्मिक विभाग की अधिसूचना (27.12.2022) के अनुसार मृतक आश्रित कोटे में नियुक्त सभी कर्मियों के लिए एक साल के भीतर हिंदी कंप्यूटर टंकण परीक्षा अनिवार्य है। लेकिन 30 दिसंबर 2024 की परीक्षा में करिश्मा द्विवेदी अनुपस्थित रहीं महानिदेशालय ने उन्हें नियम अनुसार अनर्ह घोषित कर दिया यहीं नियुक्ति स्वतः निरस्त हो जानी चाहिए थी, लेकिन मामला यहीं नहीं रुका खेल यहीं से शुरू हुआ।

### सिस्टम से सीधे सवाल




### जन एक्सप्रेस की जांच के बाद भी क्यों बचाया गया एक ही नाम?

जन एक्सप्रेस ने मृतक आश्रित भर्ती की अनियमितताओं पर लगातार रिपोर्टें प्रकाशित कीं जिसके बाद प्रदेशभर में परीक्षाएँ दोबारा कराई गईं और सख्ती बढ़ी। लेकिन करिश्मा द्विवेदी का मामला वहीं अटका रहा, जैसे कि यह पूरी प्रक्रिया उनके लिए ही डिज़ाइन की गई हो।

### 10 महीने तक फाइल दबाए रखने का 'खास संरक्षण'

स्वास्थ्य भवन के प्रधान सहायक भानू और सीएमओ कार्यालय की रेखा तोमर, जिन पर पहले से ही विभागीय अनियमितताओं के आरोप हैं, ने मिलकर पूरे मामले को 10 महीने तक दफ्तरों में रोके रखा।

### विभागीय गलियारों में चर्चा तेज

करिश्मा द्विवेदी, रेखा तोमर की बेहद खास हैं इसलिए पूरा तंत्र सक्रिय रहा। विभाग ने खुद ही नियम तोड़ दिए, जारी कर दिया 'स्पेशल ऑर्डर' 31.12.2024 के कार्यालय ज्ञापन में विभाग ने स्वयं स्वीकार किया कि करिश्मा परीक्षा में हाजिर नहीं हुईं आगे 'अलग से निर्णय' लिया जाएगा लंबी चुप्पी के बाद 19 नवंबर 2025 को अचानक करिश्मा को विशेष अवसर देने का आदेश जारी कर दिया गया। इससे उठे गंभीर सवाल नियमों की खुली धज्जियाँ वीआईपी संरक्षण का खेल जीरो टॉलरेंस का छलावा

क्या अनिवार्य परीक्षा का नियम करिश्मा द्विवेदी के लिए स्थगित कर दिया गया? अनुपस्थिति के बाद 10 महीने तक फाइल किसके कहने पर दबाए रखी गई? प्रधान सहायक भानू और रेखा तोमर की भूमिका क्यों संदिग्ध? केवल एक अभ्यर्थी को ही विशेष मौका किस आधार पर? क्या मृतक आश्रित कोटे को निजी संबंधों की प्रयोगशाला बना दिया गया?

### निदेशक के आदेश भी बने औपचारिकता

निदेशक प्रशासन डॉ. अल्का वर्मा के आदेश (724-725) में साफ लिखा है अभ्यर्थी यदि पुन परीक्षा में उपस्थित न हुई तो स्वतः असफल मानी जाएगी। लेकिन विभागीय कार्रवाइयों ने इस चेतावनी को भी कागज़ का टुकड़ा बना दिया है।

### निष्कर्ष

एक अभ्यर्थी, दो दफ्तरज और नियमों की मौत लखनऊ स्वास्थ्य विभाग का यह मामला अब निजी संरक्षण बनाम सरकारी नीति की जद्दोजहद का सबसे बड़ा उदाहरण बन चुका है। अगर सरकारी नियम दोस्ती, प्रभाव और पहुंच के आगे झुकते रहेंगे, तो मृतक आश्रित जैसे संवेदनशील कोटे में यह मनचाही छूट, सीधा-सीधा भ्रष्टाचार का नया मॉडल बन जाएगी।

# कोलंबो में तिरंगा लहराने को सर्वोदय विद्यालय आगरा के खिलाड़ी तैयार

- वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में छात्र रमन कुमार और शिक्षक हरीश चंद्र करेंगे भारत का प्रतिनिधित्व

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित जयप्रकाश नारायण सर्वोदय विद्यालय इटौरा आगरा अंतरराष्ट्रीय मंच पर अपनी खेल उपलब्धियों से देश का मान बढ़ाने जा रहा है। विद्यालय के दो प्रतिभावान खिलाड़ी और छात्र रमन कुमार और व्यायाम शिक्षक श्री हरीश चंद्र वर्ल्ड पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप 2025 में भाग लेने के लिए मंगलवार को कोलंबो श्रीलंका के लिए रवाना हो गए।चौंपियनशिप 28 नवंबर से 30 दिसंबर तक आयोजित होगी, जिसमें 40 से अधिक देशों के खिलाड़ी हिस्सा ले रहे हैं। कक्षा 11 के छात्र रमन कुमार सब-जूनियर के 56भार वर्ग में और व्यायाम शिक्षक हरीश चंद्र सीनियर के 77 भार वर्ग में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे।

'राष्ट्रीय चौंपियनशिप में गोल्ड और रिकॉर्ड के दम पर चयन'दोनों का चयन हाल ही में गुजरात के मैसाना और सूरत में राष्ट्रीय पावरलिफ्टिंग चौंपियनशिप में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। इसमें रमन ने मैसाना में सब जूनियर में गोल्ड मेडल जीता और हरीश ने सूरत में गोल्ड मेडल हासिल किया और डेड लिफ्ट में राष्ट्रीय रेकॉर्ड बनाया।उनकी इस उपलब्धि पर समाज कल्याण राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण ने बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्र रमन कुमार और शिक्षक हरीश चंद्र का अंतरराष्ट्रीय मंच पर चयन गर्व की बात है। खिलाड़ियों को उत्कृष्ट सुविधाएं देकर हम उन्हें और मजबूत बना रहे हैं। मेरी शुभकामनाएं दोनों के साथ हैं। वे कोलंबो में देश का नाम रोशन करें। समाज कल्याण विभाग के उपनिदेशक और योजनाधिकारी जे राम ने कहा कि सर्वोदय विद्यालय से खिलाड़ियों का अंतरराष्ट्रीय मंच तक पहुंचना गर्व का विषय है। यह उपलब्धि विद्यालय में उपलब्ध प्रशिक्षण, अनुशासन और खेल प्रोत्साहन वातावरण का सशक्त प्रमाण है।

# बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान की योजना हेतु 153.56 लाख स्वीकृत

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश में पशुधन विकास के तहत बकरियों में कृत्रिम गर्भाधान की योजना के सुनियोजित एवं सुव्यवस्थित क्रियान्वयन के लिए वर्तमान वित्तीय वर्ष में 1 करोड़ 53 लाख 56 हजार मात्र रूपये की धनराशि स्वीकृत की है।

शासनादेश में निदेशक, प्रशासन एवं विकास, पशुपालन विभाग को निर्देशित किया गया है कि स्वीकृत की जा रही धनराशि का आहरण व्यय अनुमोदित कार्ययोजना एवं मदों में योजना हेतु निर्धारित गाइडलाईन्स का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करते हुए किया जाएगा तथा पूर्ण विवरण सहित उपयोगिता प्रमाण-पत्र शासन को उपलब्ध कराया जाएगा।

# राज्यमंत्री ने किया सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड दफ्तर का निरीक्षण, रद्द की 5 दिसंबर तक कर्मचारियों की छुट्टियां

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री दानिश आज़ाद अंसारी ने आज लखनऊ स्थित सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। यह निरीक्षण वक्फ संशोधन अधिनियम लागू होने के बाद उम्मीद पोर्टल की प्रगति एवं उसके क्रियान्वयन की समीक्षा के उद्देश्य से किया गया। इस दौरान उनके साथ उत्तर प्रदेश सुन्नी सेंट्रल वक्फ बोर्ड के सीईओ मासूम अली सरवर जी मौजूद रहे। उन्होंने कक्षों का गहन निरीक्षण किया और रिकॉर्ड रूम में रखी फाइलों को शीघ्र डिजिटल करने का निर्देश दिया। वक्फ संपत्तियों से जुड़ी सभी फाइलो और दस्तावेज का सही ढंग से रख रखाव किया जाए।निरीक्षण के दौरान मंत्री ने प्रदेशभर से आए विभिन्न वक्फ मुतवल्लियों से मुलाकात की तथा उनसे वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण, प्रबंधन, पारदर्शिता तथा डिजिटलीकरण से जुड़ी प्रक्रियाओं की जानकारी दी। उन्होंने मुतवल्लियों से संवाद करते हुए कहा कि उम्मीद पोर्टल वक्फ संपत्तियों के संरक्षण, बेहतर निगरानी और सुचारु प्रशासन के लिए केंद्र की मोदी सरकार द्वारा उठाया गया महत्वपूर्ण कदम है। इससे न केवल वक्फ संपत्तियों के प्रबंधन में पारदर्शिता बढ़ेगी, बल्कि भ्रष्टाचार एवं अनियमितताओं पर भी प्रभावी रोक लगाई जा सकेगी तथा वक्फ की संपत्तियों का इस्तेमाल मुस्लिम समाज खासतौर पर पिछड़े पसमांदा मुस्लिम समाज तथा मुस्लिम महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए हो सकेगा।निरीक्षण के बाद दानिश आजाद अंसारी ने वक्फ बोर्ड के मुख्य कार्यपालक अधिकारी मासूम अली सरवर के साथ समीक्षा बैठक भी की। बैठक में केंद्र सरकार की उम्मीद पोर्टल पर वक्फ संपत्तियों के पंजीकरण को लेकर प्रगति की समीक्षा की गई। दानिश आजाद अंसारी ने बताया कि उत्तर प्रदेश में वक्फ संपत्तियों की संख्या सबसे अधिक है।

# गांवों में निर्मित अमृत सरोवरों पर मनाया गया संविधान दिवस

जन एक्सप्रेस । लखनऊ

उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के निर्देशो के क्रम मे प्रदेश की ग्राम पंचायतों में मनरेगा योजनातंर्गत बने अमृत सरोवर स्थलों पर संविधान दिवस को उत्साहपूर्व मनाया गया। 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर गांवों में बने अमृत सरोवर स्थलों पर पर भारत रत्न बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर को नमन कर सामूहिक रूप से संविधान की उद्देशिका का सशपथ पाठन किया गया। जानकारी दें कि प्रदेश भर में मनरेगा योजना के अंतर्गत मिशन अमृत सरोवर योजना के प्रथम चरण में ग्राम पंचायतों में अब तक 19 हजार से ज्यादा अमृत सरोवर बनाये जा चुके हैं। इन अमृत सरोवर पर संविधान दिवस मनाने के निर्देश निर्गत किये गये थे। इस संबंध में ग्रामीण विकास मंत्रालय भारत सरकार द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में आयुक्त ग्राम्य विकास उत्तर प्रदेश ने जनपदों को संविधान दिवस मनाने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिये गये थे। संविधान दिवस के उपलक्ष्य पर समस्त अमृत सरोवर स्थलों पर आज यानि 26 नवंबर 2025 को सुबह से ही जनभागीदारी कराते हुए सामूहिक रूप से संविधान की प्रस्तावना का वाचन कराया गया। इसमें प्रदेश भर में गांवों में अमृत सरोवर उपयोगकर्ता समूह, सरकारी अधिकारी कर्मचारी एवं स्थानीय समुदाय के हजारों लोग शामिल शामिल हुए।

# यशवंतपुर एक्सप्रेस आवारा सांड़ से टकराई, सांड़ की मौत

## अमेठी में एक घंटे रोकी गई ट्रेन,ट्रैक साफ होने के बाद रवाना

जन एक्सप्रेस। अमेठी




यशवंतपुर-लखनऊ सुपरफास्ट एक्सप्रेस बुधवार को ताला खजूरी स्टेशन के पास एक आवारा सांड़ से टकरा गई।हादसे में सांड़ की मौके पर ही मौत हो गई,जबकि टक्कर के बाद ट्रेन करीब एक घंटे तक ट्रैक पर खड़ी रही।घटना के बाद यात्रियों में कुछ देर तक अफरा-तफरी का माहौल बना रहा।जानकारी के मुताबिक ट्रेन दोपहर करीब 2¬45 बजे अमेठी रेलवे स्टेशन पहुंची थी। और यहां से आगे रायबरेली की दिशा में रवाना हुई थी।स्टेशन से लगभग पांच किलोमीटर दूर गेट संख्या 5 और 7 के बीच सांड़ अचानक ट्रैक पर आ गया,जिससे ट्रेन सीधे टकरा गई।टक्कर इतनी जोरदार थी कि सांड़ ट्रेन के इंजन में फंस गया और ट्रेन आगे नहीं बढ़ सकी।घटना की सूचना मिलते ही रेलवे कर्मचारी मौके पर पहुंचे और करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद सांड़ के शव को ट्रैक से हटाया गया। इसके बाद ट्रेन को आगे के लिए रवाना किया गया।अमेठी रेलवे स्टेशन अधीक्षक ने बताया कि यह घटना अप लाइन पर हुई है।उन्होंने बताया कि मामले में किसी यात्री को कोई चोट नहीं लगी है।ट्रेन करीब एक घंटे की देरी से आगे रवाना की गई।रेलवे प्रशासन ने क्षेत्र में आवारा पशुओं द्वारा ट्रैक पर आने की घटनाओं को रोकने के लिए सुरक्षा बढ़ाने की बात कही है।

### छात्रों को संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति किया गया जागरूक

**रायबरेली।** न्यू स्टैंडर्ड पब्लिक स्कूल सीनियर सेकेंडरी स्कूल त्रिपुला में संविधान दिवस बड़े ही उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया, कार्यक्रम में भारत के संविधान निर्माता डॉ भीमराव आंबेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करते हुए विद्यार्थियों को संवैधानिक मूल्यों, अधिकारों और कर्तव्यों के प्रति जागरूक किया गया। छात्रा स्तुति यादव ने भारतीय संविधान के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि 26 नवम्बर 1949 को भारत की संविधान सभा द्वारा इसे अंगीकृत किया गया और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ। संविधान अंगीकृत किये जाने के समय इसके 22 भागों में 395 अनुच्छेद 8 अनुसूचियाँ और लगभग 145,000 शब्द थे, इस कारण यह अब तक का अंगीकृत किया जाने वाला सबसे लंबा राष्ट्रीय संविधान बन गया।

# बोलेरो और ट्रैक्टर की आमने-सामने टक्कर, तीन लोग गंभीर घायल

जन एक्सप्रेस। अमेठी



गौरीगंज थाना क्षेत्र अंतर्गत सैनिक स्कूल के पास मंगलवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बोलेरो और ट्रैक्टर-ट्राली की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत में बोलेरो में सवार तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।हादसा इतना भयावह था कि बोलेरो के परखच्चे उड़ गए और वाहन पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक बोलेरो की ओर से आ रही थी,जबकि ट्रैक्टर-ट्रॉली उसी मार्ग पर विपरीत दिशा से आ रही थी।अचानक दोनों वाहन अनियंत्रित होकर आमने-सामने भीड़ गए।टक्कर की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास मौजूद लोग मौके पर दौड़ पड़े।घायलों को स्थानीय ग्रामीणों की मदद से तत्काल जिला अस्पताल पहुंचाया गया,जहां उनकी हालत नाजुक बताई जा रही है।सूचना मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंची और क्षतिग्रस्त वाहनों को सड़क किनारे हटवाकर रास्ता साफ कराया।हादसे के कारण कुछ समय तक मार्ग पर आवागमन प्रभावित रहा।स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर तेज रफ्तार और नियमों की अनदेखी ऐसे हादसों का बड़ा कारण है। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

# विधायक खेल स्पर्धा आयोजन को लेकर जिलाधिकारी ने की बैठक

जन एक्सप्रेस। अमेठी




प्रांतीय रक्षक दल व विकास दल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा उप्र ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन कराया जाएगा।कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी संजय चौहान की अध्यक्षता में बुधवार कलेक्ट्रेट सभागार में बैठक आयोजित हुई।बैठक में जिला युवा कल्याण अधिकारी मयंक पटेल ने बताया कि विधायक खेल स्पर्धा का आयोजन जनपद अमेठी की चारों विधानसभा क्षेत्र तिलोई,अमेठी जगदीशपुर एवं गौरीगंज में कराया जाना है।जिसके लिए मुख्यालय स्तर से बजट भी प्राप्त हो गया है।बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि कार्यक्रम स्थल चयनित करते हुए सभी विधायक गणों से तिथि का निर्धारण कराते हुए खेल स्पर्धा को सकुशल संपन्न कराएं।उन्होंने कहा कि विधायक खेल स्पर्धा में आठ खेल विधाओं यथा एथलेटिक्स,कबड्डी, कुश्ती,वॉलीबॉल,फुटबॉल, भारोत्तोलन,जूडो एवं बैडमिंटन में विधान सभा क्षेत्र में खिलाड़ियों की उपलब्धता के अनुसार सब जूनियर, जूनियर एवं सीनियर आयु वर्ग में महिला,बालिका एवं पुरुष,बालक श्रेणी में आयोजित कराया जाए। व्यक्तिगत स्पर्धा में एथलेटिक्स विद्या में अनिवार्य रूप से प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाए।तथा कम से कम चार अन्य खेल विधाओं में भी खेल प्रतियोगिता का आयोजन कराया जाए।इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी सचिन कुमार सिंह,जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संजय तिवारी,जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ राजेश कुमार द्विवेदी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### संविधान दिवस पर डीएम ने कलेक्ट्रेट सभागार में दिलाई संविधान उद्देशिका की शपथ

**बलरामपुर-** संविधान दिवस के अवसर पर जनपद के सभी सरकारी, अर्द्ध-सरकारी कार्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों एवं स्थानीय निकायों में भारत के संविधान की उद्देशिका (Preamble) का सामूहिक पठन किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य संविधान के मूल्यों—न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व—को जीवन और कार्यसंस्कृति में उतारना तथा नागरिकों और अधिकारियों में संवैधानिक कर्तव्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री का वर्चुअल संबोधन सुना गया।कार्यकम में डीएम विपिन कुमार जैन ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संविधान की उद्देशिका की शपथ दिलाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण और लोकतांत्रिक व्यवस्था की नींव है, जिसके मूल सिद्धांतों का पालन प्रत्येक नागरिक और सरकारी कर्मचारी का दायित्व है। उन्होंने यह भी बताया कि संविधान दिवस हमारे लोकतांत्रिक मूल्यों के संरक्षण, नागरिक अधिकारों की रक्षा और कर्तव्यों के निर्वहन की प्रेरणा देता है।

# खेल से होता है, बच्चों का सर्वांगीण विकास: मुन्ना सिंह

जन एक्सप्रेस। तिलोई,अमेठी



सुभाष पशुपतिनाथ विद्यापीठ इंटर कॉलेज तिलोई के क्रीड़ा मैदान में बुधवार को दो दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता की शुरुआत हुई। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि कृष्ण कुमार सिंह 'मुन्ना' तिलोई प्रमुख ने फीता काटकर किया। प्रतियोगिता का संचालन रमाकांत मौर्य ने किया।आयोजन बीईओ रामकिशन कश्यप व व्यायाम शिक्षक ओंकारनाथ सिंह के निर्देशन में किया गया।मुख्य अतिथि का स्वागत माला,पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह देकर किया गया।इस दौरान प्रांतीय उपाध्यक्ष धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने खेल सामग्री उपलब्ध कराने की मांग रखी,जिस पर मुख्य अतिथि ने सहमति जताई।कार्यक्रम में बच्चों ने सांस्कृतिक और खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया।भेलाई कला विद्यालय की छात्राओं आरती और सुप्रिया ने स्वागत गीत प्रस्तुत किया,जबकि प्रा.वि.छवहिया के बच्चों ने जुम्बा डांस व पीटी प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया।बच्चों के प्रदर्शन से प्रभावित होकर मुन्ना सिंह ने घोषित किया कि प्रतिभाग करने वाले सभी बच्चों को ट्रैक सूट उपलब्ध कराए जाएंगे।साथ ही जनपद स्तरीय प्रतियोगिता में चयनित खिलाड़ियों को भी ट्रैक सूट देने की घोषणा की।अपने संबोधन में मुन्ना सिंह ने कहा कि खेल में जीत-हार नहीं,बल्कि सहभागिता महत्वपूर्ण होती है। खेलकूद बच्चों में शारीरिक, मानसिक और बौद्धिक विकास का माध्यम है।प्रतियोगिता में क्षेत्र की दस न्याय पंचायतों के बच्चों ने प्रतिभाग किया।पहले दिन प्राथमिक वर्ग में दौड़ प्रतियोगिता के परिणाम इस प्रकार रहे,बालक वर्ग¬ 50 मीटर सबलू भेलाई कला विद्यालय,100 मीटर नीतीश कुमार सैमरोता,200 मीटर आदित्य कुटमरा,तथा बालिका वर्ग¬ 50 मीटर अल्फिजा बानो अकबरपुर फर्शी,100 मीटर हिमांशी प्रा.वि.बसावनदास,200 मीटर तैयबा जनापुर,प्रतियोगिता में सैकड़ों छात्र-छात्राएं,शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी व अभिभावक उपस्थित रहे।

### आयुष्मान कार्ड बनाने के लिए माह का विशेष अभियान शुरू

**रायबरेली।** आयुष्मान भारत योजना के अंतर्गत गरीबों को पांच लाख रुपये तक का मुफ्त उपचार देने के लिए आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का महा अभियान मंगलवार से शुरू हो गया है। इस अभियान में जिले भर में 5.88 लाख लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाने का लक्ष्य तय किया गया है। केंद्र सरकार की गरीबों के लिए पांच लाख तक के मुफ्त उपचार वाली आयुष्मान भारत योजना से काफी परिवार वंचित हैं। पात्र होने के बाद भी इन परिवारों के लाखों लोगों के आयुष्मान कार्ड तक नहीं बन सके हैं। इन परिवारों को आयुष्मान से जोड़ने के लिए शासन के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग का विशेष आयुष्मान कार्ड अभियान मंगलवार से शुरू हो गया है।आयुष्मान के नोडल अधिकारी डॉ अशोक कुमार ने बताया कि 25 नवंबर से 25 दिसंबर तक कैंप में सहयोग कर छूटे हुए लोगों के आयुष्मान कार्ड बनाए जाएंगे। जिले की सभी ग्राम पंचायतों में कैंप लगाए जाएंगे।

# एमएलके कालेज में संस्कृत निबंध लेखन प्रतियोगिता आयोजित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कॉलेज में बुधवार को पाठ्य सहगामी क्रियाओं के अंतर्गत आयोजित प्रतियोगिता के क्रम में संस्कृत भाषा में निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने ÷परोपकाराय सतां विभूतयः÷ विषय पर अपने रचनात्मक लेखन कौशल को प्रदर्शित किया। जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को आयोजित निबंध लेखन प्रतियोगिता का शुभारंभ महाविद्यालय प्रबंध समिति के सचिव रिटायर्ड कर्नल संजीव कुमार वार्ष्णेय व प्राचार्य प्रो0 जे पी पाण्डेय ने किया। उपस्थित प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए सचिव कर्नल वार्ष्णेय ने कहा कि ÷परोपकाराय सतां विभूतयः÷ का अर्थ है कि सज्जनों की संपत्ति और सामर्थ्य परोपकार के लिए होते हैं। यह श्लोक दर्शाता है कि महान और सदाचारी लोग अपनी संपत्ति, ज्ञान और शक्ति का उपयोग केवल अपने लिए नहीं, बल्कि दूसरों के भले के लिए करते हैं। यह इस बात पर जोर देता है कि सच्ची महानता त्याग और सेवा में निहित है। प्राचार्य प्रो जे पी पाण्डेय ने सचिव कर्नल वार्ष्णेय का स्वागत करते हुए सभी प्रतिभागियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। प्रतियोगिता के संयोजक डॉ ए के दीक्षित व समन्वयक डॉ पूजा मिश्रा ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। प्रतियोगिता में कुल 21 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया। इस अवसर पर मुख्य नियंता प्रो0 वीणा सिंह,आई क्यू ए सी समन्वयक प्रो0 एस पी मिश्र,सांस्कृतिक निदेशक प्रो0 रेखा विश्वकर्मा, डॉ आशीष लाल, डॉ संदीप कुमार, डॉ अभयनाथ ठाकुर,डॉ दिनेश कुमार, डॉ ओम प्रकाश व लेफ्टिनेंट डॉ देवेन्द्र कुमार चौहान मौजूद रहे।

### 75वें संविधान दिवस पर कार्यकारी निदेशक ने दिलाई शपथ

**रायबरेली।** एनटीपीसी ऊँचाहार में 75वां संविधान दिवस गरिमा के साथ मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत संविधान की शपथ ग्रहण के साथ हुई, जिसे परियोजना प्रमुख एवं कार्यकारी निदेशक अभय कुमार श्रीवास्तव ने कर्मचारियों को दिलाई। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के प्रमुख, वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में आशुतोष बिस्वास, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) तथा दिलीप कुमार साहू, महाप्रबंधक (प्रचालन) भी सम्मिलित हुए।
इस अवसर पर कार्यकारी निदेशक एवं वरिष्ठ अधिकारियों ने भारत के संविधान निर्माताओं के अमूल्य योगदान को याद किया तथा भारतीय संविधान की व्यापक और मजबूत संरचना पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम के दौरान भारत सरकार द्वारा लागू की गई नई श्रम संहिताओं पर एक विशेष सत्र भी आयोजित किया गया।

# मानवता की रक्षा के लिए गुरु तेग़ बहादुर ने दिया सर्वोच्च बलिदान- अरुण नौहवार

जन एक्सप्रेस। रायबरेली।



भारत विकास परिषद और गुरु सिंह सभा के संयुक्त तत्वावधान में गुरु तेग़ बहादुर बलिदान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। होटल जयदीप में आयोजित कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद के अध्यक्ष अरविंद श्रीवास्तव द्वारा अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर गुरु तेग़ बहादुर के जीवन पर आधारित परीक्षा भी आयोजित की गई। जिसमें जनपद के विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दो आयु वर्गों में आयोजित प्रतियोगिता में जेपीएस पब्लिक स्कूल ने प्रथम स्थान, बीएसएस स्कूल, एसजेएस स्कूल और एलपीएस स्कूल ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि क्षेत्राधिकारी नगर अरुण कुमार नौहवार ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान किए। उन्होंने कहा कि गुरु तेग़ बहादुर का बलिदान धार्मिक स्वतंत्रता और मानवाधिकारों की रक्षा का अनुपम उदाहरण है। जिससे नई पीढ़ी को प्रेरणा लेनी चाहिए। विशिष्ट अतिथि ज्ञानी जगजीत सिंह जाचक ने गुरु तेग़ बहादुर की शहादत को सर्वोच्च बताते हुए कहा कि उन्होंने अत्याचार के विरुद्ध खड़े होकर समस्त मानवता के लिए अपने प्राणों का बलिदान दिया। उनका जीवन त्याग, साहस और सत्य की मिसाल है। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डॉ. चम्पा श्रीवास्तव ने कहा कि गुरु तेग़ बहादुर ने न सिर्फ धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा की, बल्कि अपने आचरण से समाज को मानवता और शांति का वास्तविक संदेश दिया। गुरु सिंह सभा के अध्यक्ष हरमंदर सिंह सलूजा ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम का संचालन सुरेंद्र सिंह मोंगा और ऊषा त्रिवेदी ने संयुक्त रूप से किया।

# एसएसबी 9वीं वाहिनी द्वारा निशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर



जनपद बलरामपुर के इंडो नेपाल सीमा पर तैनात सशस्त्र सीमा बल नवीं वाहिनी द्वारा बुधवार को सीमावर्ती ग्राम गनेशपुर में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया ।
जानकारी के अनुसार 26 नवम्बर को मनोरंजन कुमार पाण्डेय कमांडेंट 09 वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल के निर्देशन एवं कुमुद रंजन, द्वितीय कमान अधिकारी, 09 वीं वाहिनी बलरामपुर के कुशल नेतृत्व में ग्राम गनेशपुर, एफ-समवाय सीरियानाका में निःशुल्क पशु चिकित्सा शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य सीमावर्ती ग्रामीण किसानों को सुलभ एवं गुणवत्तापूर्ण पशु स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना था। शिविर में डॉ. चंदन तालुकदार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसजी), क्षेत्रक मुख्यालय सशस्त्र सीमा बल गोरखपुर द्वारा पशुओं का परीक्षण, उपचार एवं परामर्श प्रदान किया गया तथा लाभार्थियों को निःशुल्क दवाइयां वितरित की गईं। शिविर में कुल 17 किसानों के 47 पशुओं का उपचार किया गया। सेवाओं में सामान्य रोगों का उपचार, परजीवी नियंत्रण, टीकाकरण रोकथाम संबंधी परामर्श, तथा पोषण एवं प्रबंधन संबंधी सलाह सम्मिलित रही। इस अवसर पर ग्राम प्रधान फूल जहां (गनेशपुर) की विशिष्ट उपस्थिति रही। कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्र में पशुधन स्वास्थ्य सेवाओं की पहुंच बढ़ाकर पशुपालकों की आजीविका एवं दुग्ध कृषि-आधारित आय में स्थिरता को प्रोत्साहित करना तथा रोग-निवारण, समयबद्ध उपचार और पोषण-प्रबंधन संबंधी जागरूकता के माध्यम से पशुधन उत्पादकता में वृद्धि करना है।

### पुलिस आफिस में एसपी ने पुलिस कर्मियों को दिलाई संविधान की शपथ

**बलरामपुर।** जनपद बलरामपुर के पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने बुधवार को संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस कार्यालय में भारत के संविधान की प्रस्तावना पढ़कर उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की शपथ दिलाई । जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को संविधान दिवस के अवसर पर पुलिस अधीक्षक विकास कुमार ने पुलिस अधीक्षक कार्यालय में उपस्थित समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों को संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी दी तथा संविधान मे निहित आदर्शों, उद्देशिका को स्मरण कराते हुए संविधान की शपथ दिलाई । शपथ का महत्व यह शपथ हमें संविधान के प्रति अपनी जिम्मेदारी की याद दिलाती है और हमें देश के विकास में योगदान देने के लिए प्रेरित करती है। यह शपथ हमें संविधान के मूल्यों और आदर्शों को अपनाने और उनका पालन करने के लिए प्रेरित करती है। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नगर श्रीमती ज्योति श्री व क्षेत्राधिकारी कार्यालय ललिया डी0के0 श्रीवास्तव, प्रतिसार निरीक्षक बिहारी सिंह यादव व अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा संविधान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजित

जन एक्सप्रेस। बलरामपुर




जनपद बलरामपुर के एमएलके पीजी कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना आयोग द्वारा संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
जानकारी के अनुसार 26 नवंबर को महाविद्यालय के सभागार मे प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय के निर्देशानुसार तथा राष्ट्रीय सेवा योजना के सरोजनी नायडू ईकाई, कल्पना चावला इकाई तथा डॉ कलाम इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह, डॉ जितेन्द्र भट्ट के संयोजकतव मे संविधान दिवस के अवसर पर एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय थे तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह थी ।कार्यक्रम का प्रारंभ वैदिक मंगलाचरण सरस्वती वंदना, दीप प्रज्वलन तथा मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण से हुआ । वैदिक मंगलाचरण गौरी मिश्रा, जया तथा मेनका ने किया । तत्पश्चात राष्ट्रीय सेवा के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल, डॉ अनामिका सिंह तथा डॉ जितेन्द्र भट्ट के द्वारा मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय तथा विशिष्ट अतिथि मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह का स्वागत परंपरागत ढंग से किया । मुख्य अतिथि प्राचार्य प्रो जनार्दन प्रसाद पाण्डेय ने संविधान दिवस के महत्व की जानकारी संक्षेप मे छात्र छात्राओं को दी । प्राचार्य ने इस वर्ष संविधान दिवस के थीम हमारा संविधान हमारा स्वाभिमान विषय पर छात्र छात्राओं को जानकारी दी । प्राचार्य ने कहा कि भारत का संविधान विश्व का सबसे लंबा लिखित संविधान है। प्राचार्य ने कहा कि भारत के संविधान ने न्याय,स्वतंत्रता , समानता और बंधुत्व की गारंटी देकर एकता और अखंडता को मजबूत किया है । प्राचार्य ने कल्याणकारी राज्य की विचारधारा को संक्षेप मे छात्र छात्राओं को बतलाया । प्राचार्य ने छात्र छात्राओं से कहा कि वे भारतीय संविधान पर सुभाष कश्यप तथा डी डी बसु आदि लेखकों की पुस्तको को महाविद्यालय के पुस्तकालय से लेकर पढे ।प्राचार्य के द्वारा भारतीय संविधान की प्रस्तावना को छात्र छात्राओ के समक्ष पढा गया जिसे सभी छात्र छात्राओ ने दोहराया। मुख्य नियंता प्रो वीणा सिंह ने अपने सम्बोधन मे वर्ष 1946 मे संविधान सभा के गठन के विषय मे संक्षेप मे संक्षेप छात्राओ को जानकारी दी । प्रो वीणा ने संविधान सभा के प्रथम अध्यक्ष डॉ सच्चिदानंद सिंहा के व्यक्तित्व एवम कृतित्व के विषय मे संक्षेप मे छात्र छात्राओं तथा स्वयंसेवक एवम स्वयं सेविकाओं को जानकारी दी । प्रो वीणा ने छात्र छात्राओं से कहा कि एक जिम्मेदार नागरिक वह है जिसे अपने मौलिक अधिकार के साथ मैलिक कर्तव्यों का भी ज्ञान है । उन्होंने कहा कि सिविल सेवा परीक्षा तथा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं के दृष्टिकोण से यह आवश्यक है की छात्र आधुनिक भारत का इतिहास तथा संविधान निर्माण की प्रकिया के विषय मे प्रमाणिक पुस्तकों का अध्ययन करें । सरोजनी नायडू इकाई के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ रमेश शुक्ल ने अपने सम्बोधन मे देश रत्न बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के व्यक्तित्व एवम कृतित्व पर प्रकाश डाला । डॉ शुक्ल ने वर्ष 1932 मे महात्मा गांधी तथा बाबा साहेब भीमराव अम्बेडकर के बीच हुए पूना समझौता के विषय मे छात्र छात्राओ को जानकारी दी । साथ ही , डॉ शुक्ल ने भारतीय संविधान की प्रस्तावना के महत्व की जानकारी छात्र छात्राओ को संक्षेप मे दी ।

# जिला कारागार, कानपुर नगर में वेदान्ता हास्पिटल द्वारा विशाल निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन





## 456 बंदियों का किया गया स्वास्थ्य परीक्षण

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति के संयुक्त तत्वावधान में वेदान्ता मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल, कानपुर नगर द्वारा जिला कारागार में एक वृहद नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। जेल अधीक्षक डॉ0 बी0डी0 पाण्डेय ने बताया कि कारागार में चिकित्सा शिविर के आयोजन से पूर्व में ही बंदियों की सूची तैयार कर ली गयी थी। अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति तथा वेदान्ता मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल द्वारा दिना बीते दिन बुधवार को कारागार चिकित्सालय में एक वृहद नि:शुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया। स्वास्थ्य शिविर का शुभारम्भ श्री कमलेश मौर्य-अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश/सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा किया गया। वेदान्ता मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल के निदेशक डॉ0 गोविन्द त्रिवेदी अपने हॉस्पिटल के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम के साथ प्रातः 11:00 बजे कारागार पहुंचे। विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम में डॉ0 गोविन्द त्रिवेदी-हड्डी रोग विशेषज्ञ, डॉ0 शिवांश त्रिवेदी-लिगामेन्ट स्पेशलिस्ट, डॉ0 प्रशान्त पाण्डेय-फिजीशियन जनरल मेडिसिन, डॉ0 देवांश त्रिवेदी-गैस्ट्रो मेडिसिन, डॉ0 पारूल आहूजा-डेंटल ओरल मैक्सोफेशियल सर्जन, डॉ0 शिवशंकर झा-चर्म रोग विशेषज्ञ, डॉ0 ए0के0 सिंह व डॉ0 आरती गुप्ता-फिजियोथरेपिस्ट तथा वेदान्ता मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल के मार्केटिंग हेड श्री शरद त्रिपाठी आवश्यक उपकरणों एवं औषधियों के साथ उपस्थित रहे। इलेक्ट्रोथेरेपी मशीन द्वारा बंदियों की फिजियोथेरेपी की गयी। बी0एम0डी0 मशीन द्वारा बंदियों ने अपनी हड्डियों की जाँच करायी। ई0सी0जी0 मशीन द्वारा बंदियों के हृदय सम्बन्धी जांचे की गयी। बंदियों द्वारा रक्तचाप एवं मधुमेह की जाँच भी करायी गयी।

डेण्टल सर्जन ने भी कारागार चिकित्सालय में उपलब्ध डेन्टल चेयर के माध्यम से कार्मिकों एवं बंदियों के दांतो का परीक्षण कर उन्हें समुचित उपचार प्रदान किया। आयोजित कैम्प में कुल 456 बंदी लाभान्वित हुये तथा समस्त लाभान्वित बंदियों को विशेषज्ञों के परामर्शानुसार नि:शुल्क औषधि वितरण किया गया। इस मेडिकल कैम्प के आयोजन में अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति के चैयरमैन श्री आशुतोष बाजपेई का प्रयास सराहनीय रहा। वेदान्ता मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल तथा कारागार स्टॉफ के मध्य समन्वय स्थापित करते हुये कैम्प का सफल आयोजन कराया गया। वेदान्ता मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल की ओर से कैम्प में दवाओं का भी नि:शुल्क वितरण किया गया। सभी आधुनिक मशीनों से सुसज्जित इस कैम्प में बंदियों द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों की सेवाओं का भरपूर लाभ प्राप्त किया गया। कारागार अधीक्षक द्वारा वेदान्ता मल्टीस्पेशियलिटी हास्पिटल के निदेशक डॉ0 गोविन्द त्रिवेदी तथा अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति के चैयरमैन आशुतोष बाजपेई को प्रशंसा-पत्र देकर उनके योगदान की सराहना की गयी। आयोजित चिकित्सा शिविर में कारागार चिकित्साधिकारी-डॉ.प्रभाकर त्रिपाठी, जेलर मनीश कुमार, डिप्टी जेलर अरूण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार, राजेन्द्र मिश्रा एवं फार्मासिस्ट इन्द्रजीत सिंह राना मौजूद रहे।

## पांडु नदी पुल के पास मालगाड़ी का वैगन बेपटरी, यातायात रहा सामान्य

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

पनकी धाम रेलवे स्टेशन से सचेंडी के भौंती स्थित भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) डिपो के लिए रवाना हुई मालगाड़ी बुधवार सुबह पांडु नदी पुल के पास हादसे का शिकार हो गई। मालगाड़ी के पिछले हिस्से के एक वैगन के पांच पहिए अचानक पटरी से उतर गए। वैगन के बेपटरी होते ही लोको पायलट ने ट्रेन को तत्काल रोक दिया और कंट्रोल रूम को इसकी सूचना दी। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के इंजीनियरिंग और सुरक्षा विभाग के अधिकारी मौके पर पहुंचे और निरीक्षण शुरू किया। रेलवे के डिप्टी सीटीएम आशुतोष सिंह ने बताया कि ट्रेन के एक वैगन के कुछ पहिए बेपटरी हुए हैं, लेकिन अन्य लाइन उपलब्ध होने के कारण किसी भी ट्रेन का रूट बाधित नहीं हुआ है। यातायात पूरी तरह सामान्य रहा। रेलवे की तकनीकी टीम क्रेन और उपकरणों की मदद से वैगन को दोबारा पटरी पर लाने में जुटी है। अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही प्रभावित वैगन को वापस ट्रैक पर लाकर मालगाड़ी को आगे भेज दिया जाएगा। घटना के कारण का पता लगाने के लिए ट्रैक और वैगन की तकनीकी जांच की जा रही है। रेलवे प्रशासन ने आश्वासन दिया कि स्थिति पूरी तरह नियंत्रण में है और सुरक्षा मानकों का पालन किया जा रहा है।

## यातायात माह में पुलिस की जन-जागरूकता पहल: अरौल थाने पर नुक्कड़ नाटक से सड़क सुरक्षा का मजबूत संदेश

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



अरौल। यातायात माह 2025 के अवसर पर थाना अरौल में अनोखे और प्रभावशाली तरीके से सड़क सुरक्षा का संदेश नागरिकों तक पहुँचाया गया। रवीन्द्र कुमार के निर्देशन में ट्रैफिक पुलिस की विशेष जागरूकता टीम ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्थानीय लोगों को यातायात नियमों के प्रति सजग किया। कार्यक्रम की थीम यातायात के नियम अपनाओ, जीवन सुरक्षित पाओ÷ और ÷सुरक्षित वाहन चलाएँ, सुरक्षित घर जाएँ पर आधारित रही। कलाकारों ने वास्तविक जीवन से जुड़े दृश्यों और संवादों के ज़रिए तेज़ रफ्तार, मोबाइल पर बात करते हुए ड्राइविंग, शराब पीकर वाहन चलाने और हेलमेट तथा सीट बेल्ट न पहनने से होने वाले हादसों के खतरों को नाट्य रूप में जीवंत तरीके से प्रस्तुत किया, जिसने उपस्थित जनता पर गहरा असर छोड़ा।जागरूकता टीम ने कहा कि यातायात नियमों का पालन कानून का डर नहीं, बल्कि परिवार और समाज के प्रति जिम्मेदारी है। उन्होंने नागरिकों से विशेष अपील की कि वे हेलमेट, सीट बेल्ट का उपयोग अनिवार्य रूप से करें, गति सीमा का सम्मान करें, नाबालिगों को वाहन न चलाने दें और मोबाइल ड्राइविंग से दूर रहें।साथ ही, श्रीमान् राह-वीर योजना का भी मंच से जिक्र किया गया, जिसके अंतर्गत सड़क दुर्घटना के घायलों को गोल्डन आवर में मदद पहुँचाने वाले गुड समेरिटन (राह-वीर) को प्रोत्साहन स्वरूप 25,000 की सम्मान राशि प्रदान की जाती है। इस मानवीय संदेश ने कार्यक्रम को सामाजिक चेतना से भी जोड़ दिया।

कार्यक्रम में उपस्थिति दर्ज कराने वाले प्रमुख अफसरों में सहायक पुलिस आयुक्त मंजय सिंह, अरौल थाना प्रभारी निरीक्षक जनार्दन सिंह यादव, प्रीतांजली सहित मकनपुर और गूँजेपुर चौकी के इंचार्ज एवं अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे। नुक्कड़ नाटक समाप्त होते ही लोगों ने पुलिस और कलाकारों की प्रशंसा की और सड़क सुरक्षा की सामूहिक शपथ ली। नागरिकों ने कहा कि जागरूकता का यह तरीका किताबों या भाषणों से ज्यादा असरदार है। इस तरह, यातायात माह 2025 में कानपुर पुलिस कमिश्नरेट की यह पहल न केवल जागरूकता अभियान साबित हुई, बल्कि पुलिस-जनता संवाद और सामुदायिक जिम्मेदारी की कार्यशैली का उत्कृष्ट उदाहरण बन गई।

## चार बूथ लेबल अधिकारी सम्मानित

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

कलेक्ट्रेट सभागार में 147-हरगांव विधानसभा क्षेत्र के 04 बूथ लेवल अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र एवं उपहार देकर सम्मानित किया। जिलाधिकारी ने बताया कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अन्तर्गत इन बी0एल0ओ0 द्वारा शतप्रतिशत डिजिटाइजेशन का कार्य निर्धारित समय से पूर्व ही पूर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया गया है। सम्मानित होने वाले बूथ लेवल अधिकारियों में शिक्षामित्र सतीश कुमार गौतम, रोजगार सेवक अनिल कुमार वर्मा, पंचायत मित्र उमाकांत, आंगनबाड़ी कार्यकत्री गोधनी शुक्ला शामिल रहीं। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी सदर धामनी एम0 दास, तहसीलदार सदर अतुल सेन सिंह सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।



## तेज रफ्तार ट्रक ने मोटर साइकिल सवार पति-पत्नी को मारी टक्कर, पत्नी की मौत

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



सचेंडी क्षेत्र के भौंती से भीमसेन की ओर जाने पर तेज रफ्तार ट्रक ने घर जा रहे हैं मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी को टक्कर मार दी जिससे अनियंत्रित होकर पत्नी रोड पर गिर पड़ी और उसी ट्रक का पिछला पहिया सर पर चढ़ गया जिससे मौके पर महिला की मौत हो गई ट्रक चालक सौ मीटर दूर जाकर ट्रक खड़ा करके भाग गया सूचना पर पहुँची सचेंडी पुलिस ने महिला का शव हैलट मोर्चरी भेज।

सचेंडी के पँचमपुरवा निवासी नीरज सिंह के अनुसार वह चार भाइयों में तीसरे नंबर पर हैं अहमदाबाद में प्राइवेट फैक्ट्री में काम करते हैं बीती 14 मई को भरथना में शिवदेवी (20) से विवाह हुआ था अभी तीन दिन पहले अहमदाबाद से घर आए हैं बुधवार दोपहर पत्नी शिव देवी को कानपुर खरीदारी कराने बाजार ले गए थे सायंकाल वापस आने पर भौती से भीमसेन जाने वाली रोड पर सिटी मॉडल स्कूल के पास भीमसेन से भौंती की ओर आते समय तेज रफ्तार ट्रक ने मोटरसाइकिल पर टक्कर मार दी जिससे पत्नी अनियंत्रित होकर ट्रक के नीचे आ गई हम बाल बाल बच गए। कुछ दूर जाकर ट्रक चालक ट्रक खड़ा करके भाग गया, राहगीरों की सूचना पर पुलिस ने पहुंच कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और ट्रक को कब्जे में लेकर फरार ट्रक चालक की तलाश में जुटी।

# बिल्हौर में सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर निकली 'एकता यात्रा'

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर




बिल्हौर की सड़कों पर राष्ट्रीय एकता और राष्ट्रभक्ति का अद्भुत नजारा देखने को मिला।सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर आयोजित एकता यात्रा में हजारों नागरिक, युवा, महिलाएँ और बुजुर्ग शामिल हुए और एकता का संदेश पूरे इलाके में फैलाया। यात्रा का नेतृत्व विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने किया, जबकि कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान ने की। भाजपा के वरिष्ठ नेता और पूर्व सांसद सुब्रत पाठक मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।यात्रा की शुरुआत सुंदर कोल्ड स्टोर से हुई और जल्द ही यह एक विशाल जनआंदोलन का रूप ले गई। सड़कों और गलियों में हाथों में तिरंगा लिए लोग खड़े थे, और वन्दे मातरम्, भारत माता की जय और एक भारत–श्रेष्ठ भारत के उद्घोष पूरे क्षेत्र में गूंज रहे थे। मुख्य अतिथि सुब्रत पाठक ने कहा- 562 रियासतों का एक भारत में विलय सरदार पटेल की दूरदर्शिता और राष्ट्रभक्ति का प्रतिफल है। आज हमें उनकी तरह संकल्पित होकर भारत को वैश्विक शक्ति बनाना है। विधायक राहुल बच्चा सोनकर ने कहा राष्ट्र केवल कागज़ पर नहीं, बल्कि साहस, समरसता और एकता से बनता है। बिल्हौर की जनता ने यह सिद्ध कर दिया कि पटेल आज भी हर भारतीय के लिए प्रेरणा हैं। जिलाध्यक्ष उपेंद्र पासवान ने जोड़ा सरदार पटेल का जीवन अनुशासन और अखंडता की मिसाल है। यह यात्रा उन्हीं आदर्शों की सामूहिक स्वीकारोक्ति है। यात्रा का समापन बिल्हौर ब्लॉक स्थित सरदार पटेल की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ हुआ। समापन के बाद आयोजित विशाल जनसभा में एक भारत अखंड भारत शक्तिशाली भारत के संकल्प को बल मिला। कार्यक्रम में प्रमुख उपस्थितियों में जय प्रकाश कुशवाहा, अविनाश शुक्ला, अंशुल बाजपेई, सुशील कटियार, मनोरमा कठेरिया, अमितेश स्वर्णकार (अंटू भैया), मनोज पाण्डेय समेत सैकड़ों नागरिक और समाजसेवी शामिल रहे। इस आयोजन ने साबित कर दिया कि बिल्हौर की जनता आज भी एकता, समरसता और राष्ट्र निर्माण के विचार की सबसे बड़ी मशाल है।

# अपना दल (एस) कानपुर ग्रामीण में बड़ा बदलाव

## अर्जुन दिवाकर बने जिलाध्यक्ष (अनुसूचित जाति)

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



अपना दल (एस) कानपुर ग्रामीण ने आज संगठन में अहम नियुक्ति की है। जिलाध्यक्ष विपनेश कटियार (डब्बन) ने अर्जुन दिवाकर, निवासी बिल्हौर, को जिलाध्यक्ष (अनुसूचित जाति) पद पर नियुक्त किया।

नेतृत्व में नई ऊर्जा और प्रतिबद्धता का संकेत ,इस नियुक्ति के साथ संगठन ने अपने नेतृत्व ढांचे को और मजबूत करने का संकेत दिया है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि अर्जुन दिवाकर की नियुक्ति से दल की गतिविधियों में तेजी आने और स्थानीय स्तर पर समाज के सभी वर्गों के साथ जुड़ाव बढ़ने की उम्मीद है।

जिलाध्यक्ष का संदेश - विपनेश कटियार ने कहा, यह कदम समाज के हर वर्ग को संगठन में शामिल करने और नेतृत्व में सक्रिय सहभागिता बढ़ाने की दिशा में उठाया गया है। हमें उम्मीद है कि अर्जुन दिवाकर अपने नए पद पर संगठन को मजबूती प्रदान करेंगे।

स्थानीय स्तर पर असर - अर्जुन दिवाकर की नियुक्ति से कानपुर ग्रामीण क्षेत्र में दल की सामाजिक जिम्मेदारियों और जनसंपर्क गतिविधियों में तेजी आने की संभावना जताई जा रही है। स्थानीय नेताओं और कार्यकर्ताओं ने भी इस निर्णय का स्वागत किया है और उन्हें शुभकामनाएं दी हैं।

## संविधान दिवस पर पल्लवी क्लासेज में जगा देशभक्ति का जज़्बा, बच्चों ने किया संविधान को नमन

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर



शिक्षा और संस्कार के संगम के रूप में पहचान रखने वाले पल्लवी क्लासेज में बुधवार को संविधान दिवस का आयोजन बेहद उल्लासपूर्ण माहौल में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में संस्थान से जुड़े सभी बच्चों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की, जिससे पूरा परिसर देशभक्ति और संवैधानिक मूल्यों के रंग में सराबोर दिखा। कार्यक्रम का शुभारंभ संविधान की प्रस्तावना के सामूहिक पाठ से हुआ, जहां इसे मात्र एक औपचारिक पाठ नहीं बल्कि एक नागरिक प्रतिज्ञा के रूप में ग्रहण किया गया। बच्चों ने एक स्वर में प्रस्तावना का पाठ कर भारत के संविधान के प्रति श्रद्धा प्रकट की।

संस्थान के संचालक विशाल चतुर्वेदी ने अपने प्रेरक संबोधन में बच्चों को संविधान प्रतिज्ञा का अर्थ और उसकी गरिमा समझाई। उन्होंने कहा कि यह वह गौरवपूर्ण शपथ है, जिसे देश के उच्च पदों पर कार्यरत लोग संविधान के प्रति सच्ची निष्ठा, देश की संप्रभुता और अखंडता की रक्षा तथा अपने कर्तव्यों के ईमानदार निर्वहन का वचन देते हुए लेते हैं। उन्होंने आगे बच्चों को बताया कि संविधान दिवस लोकतंत्र का उत्सव है, जो हमें देश प्रेम, समानता और जिम्मेदार नागरिक बनने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर प्रमुख रूप से मनोज चतुर्वेदी, सारिका और रजनी की गरिमामय उपस्थिति रही, जिन्होंने आयोजन को दिशा और ऊर्जा प्रदान की। कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थियों में सौम्या, शिवांशु, शिवम्, अभिराज, लक्ष्य, दीपांशु, हर्षित, अंशी, तलत, तूबा सहित अन्य बच्चे भी मौजूद रहे।

आयोजन का समापन राष्ट्रहित एवं सामाजिक उत्तरदायित्व की प्रतिज्ञा के साथ हुआ। बच्चों ने विश्वास दिलाया कि वे संविधान से मिले अधिकारों के साथ-साथ अपने कर्तव्यों का भी सदैव पालन करेंगे और देश की एकता में अपना योगदान देंगे।यह कार्यक्रम बच्चों के लिए यादगार बन गया, जिसने उनमें लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति सम्मान और राष्ट्रप्रेम की भावना को और अधिक सशक्त किया। पूरे आयोजन ने एक संदेश को स्पष्ट किया संविधान केवल किताब का हिस्सा नहीं बल्कि हर भारतीय के जीवन का मार्गदर्शक है।

# आयुष्मान कार्ड महाअभियान 25 नवम्बर से

## गांव-गांव, घर-घर चलेगा कार्ड निर्माण, ग्राम प्रधान होंगे नोडल अधिकारी

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

बिल्हौर। केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अंतर्गत पात्र परिवारों को ?5 लाख तक का नि:शुल्क उपचार सुनिश्चित कराने के लिए 25 नवम्बर से 25 दिसम्बर तक विशेष आयुष्मान कार्ड निर्माण अभियान शुरू किया गया है। अभियान को ब्लॉक स्तर पर प्रभावी रूप से लागू कराया जा रहा है, जिसके तहत बिल्हौर क्षेत्र की ग्राम पंचायतों में गठित टीमें घर-घर जाकर छूटे हुए सभी लाभार्थियों का कार्ड बनाएंगी।प्रदेश के मुख्य सचिव के आदेश के अनुपालन में ग्राम प्रधानों को इस अभियान का नोडल अधिकारी नामित किया गया है और लक्ष्य निर्धारित किया गया है कि 70 वर्ष से अधिक वरिष्ठ नागरिकों सहित एक भी पात्र व्यक्ति कार्ड से वंचित न रहे। इसके लिए माइक घोषणा, मुनादी, ई-रिक्शा के पीए सिस्टम और ग्राम पंचायत सचिवालय से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।उत्तर प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य विभाग द्वारा माइक्रोप्लान पहले ही सभी ब्लॉकों को भेजा जा चुका है। खंड विकास अधिकारी और सहायक विकास अधिकारी पंचायत को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और पंचायत सहायकों के समन्वय से शत-प्रतिशत कार्ड निर्माण का लक्ष्य निर्धारित समय में पूरा किया जाए।

जवाबदेही तय, लापरवाही पर सख्त एक्शन, प्रशासन ने इस अभियान को सर्वोच्च प्राथमिकता में रखा है और चेतावनी दी है कि किसी भी स्तर पर लापरवाही मिलने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। सीएचसी अधीक्षक का वक्तव्य-सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिल्हौर के अधीक्षक धर्मेंद्र राजपूत ने बताया कि गठित टीमें लाभार्थियों की पहचान, दस्तावेज सत्यापन, ऑनलाइन आवेदन और ऑन-द-स्पॉट कार्ड निर्माण का कार्य करेंगी। उन्होंने कहा, सरकार की मंशा है कि कोई भी गरीब परिवार इलाज के अभाव में आर्थिक तंगी का शिकार न हो, इसलिए जिनके कार्ड अब तक नहीं बने, उन्हें उनके द्वार पर ही आयुष्मान कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा। क्षेत्र में उत्साह, हजारों परिवार होंगे लाभान्वित, अभियान से उत्तर प्रदेश की इस तहसील में हजारों गरीब व पात्र परिवार सीधे उपचार सुविधा से जुड़ेगे, जिससे उन्हें गंभीर बीमारी के खर्च से सुरक्षा मिलेगी। स्थानीय निवासियों ने इस पहल की सराहना करते हुए प्रशासन और सरकार का आभार व्यक्त किया है।

## ऑल इंडिया असंगठित कर्मचारी मजदूर यूनियन ने बाबा साहब पर किया कार्यक्रम



जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

ऑल इंडिया असंगठित कर्मचारी मजदूर यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष विजय सिंह मर्तोलिया जी के नेतृत्व में कैंप कार्यालय मसवानपुर में संविधान दिवस में बाबा साहब जी के चित्र पर का पुष्पांजलि अर्पित करें श्री मर्तोलिया जी ने कहा कि जिस प्रकार से बाबा साहब जी संविधान के निर्माता बने और इस प्रकार से देश को एक सर्वोच्च स्थान दिया। आज संविधान खतरे में हैं हम सब मिलकर बाबा साहब जी के सपनो को साकार करना होगा। यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष श्री श्यामदेव सिंह जी ने कहा कि भारत के संविधान से छेड़छाड़ किया जा रहा है। वर्तमान की सरकारे बाबा साहब के संविधान को नहीं मानते है। वर्तमान में तो भाजपा का संविधान चल रहा है। दलितों, पिछड़ों का हक छीना जा रहा है। हम यूनियन के लोग बर्दाश नहीं करेंगे, सभी के अधिकारों को न्याय दिलाते रहेंगे। कार्यक्रम में विजय मर्तोलिया, श्यामदेव सिंह, नरेन्द्र चंचल कुशवाहा, डाक्टर आर. ए.गौतम, हरि राम कटियार, मनोज वर्मा, उदय शंकर शुक्ला, महेश वर्मा, आदि लोग थे।

## गोंदलामऊ ब्लाक प्रमुख व भाजपा नेता मुनेन्द्र अवस्थी की पत्नी का निधन

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

वरिष्ठ भाजपा नेता मुनेन्द्र अवस्थी की पत्नी नमिता अवस्थी जो विकास खण्ड गोंदलामऊ की ब्लाक प्रमुख थी लम्बी बीमारी के चलते निधन दिल्ली के मैक्स हास्पिटल में हुआ। ब्लाक प्रमुख नमिता अवस्थी के पति मुनेन्द्र अवस्थी द्वारा सोशल मीडिया के एक प्लेटफार्म पर डाली गई पोस्ट के अनुसार नमिता अवस्थी का पार्थिव शरीर दिल्ली से सीतापुर उनके निज निवास आर्य नगर में लाया जा रहा है।

उसके बाद 27 नवम्बर को उनका अंतिम संस्कार नैमिषारण्य में व्यास गददी के निकट गोमती तट पर किया जायेगा।

ब्लाक गोंदलामऊ सहित पूरे जिले में जैसे ही नमिता अवस्थी के निधन का समाचार पहुंचा पूरे जिले में शोक की लहर दौड़ गई। नपर पालिका परिषद सीतापुर से लेकर राजनैतिक संगठनों द्वारा शोक सभाओं का दौर जारी हो गया।

## प्रधानों ने शिक्षिका के खिलाफ खोला मोर्चा

### बीएसए से शिकायत; निष्पक्ष जांच और कार्रवाई की मांग

जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर

तहसील के अकबरपुर सेंग स्थित उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में तैनात एक शिक्षिका के आचरण को लेकर क्षेत्र में असंतोष गहराता जा रहा है। अभिभावकों और ग्राम प्रधानों ने शिक्षिका पर बच्चों, अभिभावकों और अन्य शिक्षकों के साथ दुर्व्यवहार का आरोप लगाते हुए शिक्षा विभाग से कठोर कार्रवाई की मांग की है। ग्राम पंचायत अकबरपुर सेंग की प्रधान रजनी देवी के नेतृत्व में दरियापुर और रसूलपुर सहित कई पंचायत प्रतिनिधियों ने संयुक्त रूप से बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय, कानपुर नगर और खंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय, बिल्हौर को शिकायती पत्र सौंपा।प्रधानों का आरोप है कि शिक्षिका विद्यालय में बच्चों के साथ मारपीट और अभद्र व्यवहार करती हैं। शिकायत के अनुसार, अभिभावकों से भी कथित तौर पर गाली-गलौज की जाती है, जबकि ग्राम प्रधानों के लिए अपमानजनक भाषा का प्रयोग कर उनको झूठे मुकदमों में फंसाने की धमकी भी दी जाती रही है। ग्रामीणों का यह भी कहना है कि संबंधित शिक्षिका पूर्व में अन्य विद्यालयों के शिक्षकों और शिक्षिकाओं पर निराधार आरोप लगाकर शिक्षा व्यवस्था में तनाव पैदा करने का प्रयास कर चुकी हैं। पंचायत प्रतिनिधियों का दावा है कि यह चौथी बार है जब शिक्षिका की शिकायत शिक्षा अधिकारियों के सामने पेश की गई है, जबकि पूर्व में तीन बार दिए गए पत्रों पर अभी तक कोई ठोस विभागीय कार्रवाई देखने को नहीं मिली।प्रधानों का कहना है कि शिक्षिका के व्यवहार के चलते विद्यालय में बच्चों की मानसिक स्थिति पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है तथा शिक्षण-कार्य भी बाधित हो रहा है। इससे शिक्षकों के बीच भी आपसी तनाव की स्थिति बनी हुई है, जो शैक्षिक वातावरण के लिए हानिकारक साबित हो रहा है। शिकायत के अंत में प्रधानों ने शिक्षा अधिकारी से आग्रह किया है कि प्रकरण की निष्पक्ष जांच कर अनुशासनात्मक कदम उठाए जाएं, ताकि विद्यालय में सुरक्षित, सम्मानजनक और सकारात्मक माहौल दोबारा स्थापित किया जा सके।

# गुणवत्ता भरे कार्यो के साथ होगा नैमिष का विकास

जन एक्सप्रेस। सीतापुर

जिलाधिकारी डा. राजागणपति आर. ने नैमिषारण्य क्षेत्र में पर्यटन विकास के उद्देश्य से नैमिषारण्य धाम तीर्थ विकास परिषद द्वारा संचालित विकास कार्यों का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य तीर्थ में 84 कोसी परिक्रमा मेले के प्रथम पड़ाव ग्राम कैरोना में सौन्दर्यीकरण एवं पर्यटन विकास कार्य, विकास खण्ड मिश्रिख के ग्राम-पनाह नगर में गोमती नदी के किनारे नीलकण्ठ महादेव मंदिर का पर्यटन विकास कार्य एवं नैमिषारण्य तपोभूमि में आने वाले श्रद्धालुओं एवं पर्यटकों हेतु शयनगृह (डॉरमेट्री) का निर्माण का स्थलीय निरीक्षण किया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि निर्धारित कार्ययोजना के अनुसार समस्त कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण किया जाय। उन्होंने कहा कि निर्माण कार्यों की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाय। जिलाधिकारी ने कहा कि क्षेत्र के सर्वांगीण विकास हेतु समुचित कार्यवाही की जाय। उन्होंने कहा कि पर्यटकों के लिए बेहतर सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से संचालित समस्त विकास कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय से पूर्ण कराया जाय। ?निरीक्षण के दौरान पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भंडारी सहित कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि एवं सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे। पर्यटन मंत्रालय, भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना स्वदेश दर्शन 2.0 के कार्यों के संबंध में समीक्षा बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने नैमिषारण्य क्षेत्र के 84 कोसीय परिक्रमा मार्ग में पड़ने वाले समस्त पड़ावों पर श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के उद्देश्य से व्यापक कार्ययोजना बनाये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी स्थलीय निरीक्षण कर समस्त पड़ावों पर नियमानुसार कार्ययोजना प्रस्तावित करें। उन्होंने स्वदेश दर्शन योजना के अन्तर्गत कार्यदायी संस्था द्वारा प्रस्तुत किये गये प्रेजेंटेशन का भी अवलोकन किया। जिलाधिकारी ने प्रस्तावित कार्यों की उपयोगिता के दृष्टिगत आवश्यक संशोधनों के साथ कार्ययोजना प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिये। उन्होंने कहा कि संचालित कार्यों को पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयावधि में पूर्ण कराया जाये। बैठक के दौरान अपर जिलाधिकारी नीतीश कुमार सिंह, परियोजना प्रबंधक इरफान सिद्दीकी, पर्यटन सूचना अधिकारी संजय भण्डारी सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। 200 वर्ष से भी पूर्व जीर्णोद्धार किए गए गौरी देवी मंदिर का कायाकल्प होने जा रहा है जिसमें नगर पालिका परिषद पालिका अध्यक्ष श्रीमती बेबी गुप्ता तथा अध्यक्ष प्रतिनिधि अभिषेक गुप्त के द्वारा रुपया एक करोड़ से गौरी देवी मंदिर को सुंदर बनाकर इसका पुनरू जीर्णोद्धार कराया जाएगा।

▸ पढ़ें पेज 12 पर...


## जन एक्सप्रेस



### सम्पादकीय

# भर गये सदियों के घाव, आस्था का हो रहा विजयगान, केसरिया ध्वज लहराते ही नया युग शुरू

**भीड़ के उत्साह में जो संयम और अनुशासन दिखा, वह सामाजिक सहिष्णुता और साझा गर्व का प्रतीक था। संतों के भावपूर्ण शब्दों ने इस क्षण को दैवीयता का अनुभाव बना दिया और भक्तों की आशा-आभा ने यह संकेत दिया कि यह भूमि अब एक नए अध्याय में प्रवेश कर रही है—जहाँ आध्यात्मिकता और सामाजिक विकास साथ-साथ आगे बढ़ने का वादा करते हैं। आज का दिन हमें यह भी संदेश देता है कि किसी भी महान लक्ष्य की पूर्ति के लिये संकल्प, सहनशीलता और सामूहिक भागीदारी अनिवार्य हैं।**

*अयोध्या की धरती पर एक ऐसा क्षण उत्पन्न हुआ जो केवल ईंट-पत्थर और वास्तुकला का नहीं, बल्कि पीढ़ियों की आस्था, अनवरत संकल्प और सामूहिक स्मृति का साक्षी बना। जब केसरिया धर्मध्वज गर्व से श्रीराम जन्मभूमि के शिखर पर लहरा उठा, तो वह केवल एक ध्वज नहीं था– वह सैकड़ों वर्ष के अरसे से बँधी हुई वेदना का, अटूट विश्वास का और उन अनगिनत लोगों के संघर्ष का प्रतीक बन गया जो इस पवित्र भूमि को पुनः उसकी गरिमा प्रदान करने के लिये अग्रसर थे। विवाह पंचमी के अभिजीत मुहूर्त पर, वैदिक मंत्रों की गूँज और 'जय श्रीराम' के उद्घोष के बीच जो आराधना हुई, वह व्यक्तिगत श्रद्धा से ऊपर उठकर राष्ट्र के सांस्कृतिक स्मरण का साझा अनुष्ठान बन गई। मंदिर के चारों ओर निर्मित परकोटे की शिल्पकला, मुख्य मंदिर की दीवारों पर उकेरे गए 87 प्रसंग और कॉपर-शिल्प की 79 समृद्ध झांकियाँ, यह सब केवल स्थापत्य कौशल का प्रदर्शन नहीं, बल्कि रामकथा के विविध आयामों का मूर्त रूप हैं जो हमारी परंपरा की बहुरंगी विविधता को दर्शाते हैं। यह आयोजन केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं रहा; यह उन अनेकों साधना-यात्रियों, संतों, पुरोहितों, शिल्पकारों, वास्तुकारों, अनुगामियों, श्रमिकों और दानदाताओं की कहानियों का संगम रहा जिनकी तपस्या और त्याग भारत के इतिहास में विशेष स्थान रखते हैं। जिन लोगों ने वर्षों, दशकों तक अपनी ऊर्जा समर्पित की, वह आज जहां भी रहे हों, उनके मन में आज निश्चित रूप से आत्म-संतोष का भाव रहा होगा। साधु-संतों की भक्ति-भाषाएँ, श्रद्धालुओं की भीड़ और नगरवासियों की आतिथ्य-भावना ने भी यह प्रमाणित किया कि आस्था और सामूहिक विश्वास किस तरह किसी स्थान की आत्मा को पुनर्जीवित कर सकते हैं। नया ध्वजारोहण केवल अतीत का जश्न नहीं है; यह भविष्य की दिशा का संकेत भी है। आज की अयोध्या, जहाँ प्राचीन रामकथा और आधुनिक योजनाओं का अप्रत्याशित संगम दिख रहा है, वह इस बात का उदाहरण है कि विरासत और विकास साथ-साथ फल-फूल सकते हैं। महर्षि वाल्मीकि हवाई अड्डे से लेकर आधुनिकीकरण किए गए रेलवे टर्मिनलों, रामपथ और भक्ति-पथ तक, ये सब उस दृष्टि का हिस्सा हैं जो तीर्थ को वैश्विक रूप से सुलभ, सुरक्षित और आदर्श-आधारित बनाने की कल्पना करती है। इस पवित्र क्षण पर, हमें उन अनगिनत नामरहित कर्मयोगियों को भी याद करना चाहिए जिनका श्रम बिना किसी प्रचार-प्रसार के मंदिर निर्माण को साकार करने में सहायक रहा। वे श्रमिक जिनके हाथों ने पत्थरों को संवारा; वे शिल्पकार जिनकी कला ने कथानक को जीवन दिया; वे पुरोहित, संत और पंडित जिनके अनुष्ठानिक ज्ञान ने मार्ग दिखाया; और वे स्वयं सेवक व आयोजक जिनकी रात-दिन की मेहनत ने समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की, इन सबका आभार केवल शब्दों में सीमित नहीं किया जा सकता। इसके साथ ही राम मंदिर आंदोलन के नेतृत्वकर्ताओं, भागीदारों तथा श्रीराम जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के संकल्प को सिद्ध करने की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रतिबद्धता के बिना आज के इस दिन की कल्पना करना संभव नहीं था। आज, उन समुदायों और परिवारों का भी अभिवादन आवश्यक है जो शांतिपूर्ण और संयत भाव से इस ऐतिहासिक आयोजन का हिस्सा बने रहे।*

### एक्सप्रेस आलेख

**आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं। अब हम समस्त भारतीय नागरिकों को वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा फैलाए जा रहे उक्त वर्णित जाल में नहीं फंसते हुए, हमारे अपने भारतीय व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाते हुए अपनी भारतीय परम्पराओं का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। हमें अपने जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में केवल स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करना चाहिए चाहे वह तुलनात्मक रूप से थोड़ा महंगा ही क्यों न हो।**

# भारतीय परम्पराओं का अनुपालन कर हमें संयुक्त परिवारों को बचाना होगा



प्रहलाद सबनानी

**भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणती के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं।**

भारत की आर्थिक प्रगति को रोकने, कम करने अथवा प्रभावित करने के उद्देश्य से दरअसल, चार शक्तियों ने हाथ मिला लिए हैं। ये चार शक्तियां हैं, कट्टरवादी इस्लाम, प्रसारवादी चर्च, सांस्कृतिक मार्क्सवाद एवं वैश्विक बाजार शक्तियां। हालांकि उक्त चारों शक्तियों की अन्य देशों में आपसी लड़ाई है परंतु भारत के मामले में यह एक हो गई हैं और भारत में यह आपस में मिलकर भारत के हितों के विरुद्ध कार्य करती हुई दिखाई दे रही हैं। इसी संदर्भ में आज वैश्विक स्तर पर भारत के विरुद्ध कई झूठे विमर्श भी गढ़े जा रहे हैं। हाल ही के समय में इस प्रक्रिया ने कुछ रफ्तार पकड़ी है। विमर्श के माध्यम से जनता के मानस को प्रभावित करने का प्रयास किया जाता है। विमर्श सत्य, अर्द्धसत्य अथवा झूठ भी हो सकता है। भारत के बारे में पूरे विश्व में धारणा है कि यहां आध्यात्मिकता की पराकाष्ठा रही है। परंतु, अब पूरे विश्व में विशेष रूप से भारत के संदर्भ में पुराने विमर्श टूट रहे हैं और नित नए विमर्श गढ़े जा रहे हैं। भारत चूंकि, हाल ही के समय में वैश्विक स्तर पर एक मजबूत आर्थिक ताकत बन कर उभर रहा है, भारत की यह प्रगति कुछ देशों को रास नहीं आ रही है एवं यह सभी मिलकर भारत के सम्बंध में झूठे विमर्श गढ़ रहे हैं। पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है। इसके ठीक विपरीत भारतीय सनातन संस्कृति पुनर्जन्म में विश्वास करती है इससे भारतीय नागरिकों द्वारा उपभोग में संयम बरता जाता है एवं उत्पादन में बहुलता होने की विचारधारा पर कार्य करते हुए दिखाई देते हैं। ईश्वर से प्रार्थना की जाती है कि प्रभु इतना दीजिए कि मैं भी भूखा ना रहूं और अन्य कोई भी भूखा ना सोय, यह भारतीय विचारधारा है। भारतीय सनातन संस्कृति की विचारधारा के ठीक विपरीत आज वैश्विक बाजार शक्तियां भारत में भी उपभोक्तावाद को फैलाने का प्रयास कर रही हैं। विशेष रूप से दीपावली एवं रक्षाबंधन जैसे शुभ त्यौहारों के अवसर पर कुछ मीठा हो जाए जैसे विज्ञापन देकर यह विमर्श खड़ा करने का प्रयास किया जाता है कि भारतीय मिठाइयों एवं व्यंजनों जैसे जलेबी, इमरती तथा दूध एवं खोए से बनी मिठाइयां खाने से मधुमेह का रोग हो जाता है, अतः सदियों से भारत में उपयोग हो रहे इन स्वादिष्ट व्यंजनों के स्थान पर केडबरी चाकलेट अधिक स्वास्थ्यवर्धक है, जिसका अधिक उपयोग करना चाहिए। इस प्रकार, भारी भरकम राशि खर्च कर, विदेशी बहुराष्ट्रीय कम्पनियों द्वारा निर्मित मीठे पदार्थों को, विभिन्न विज्ञापनों के माध्यम से भारतीय समाज के मानस पर उतारने का प्रयास किया जाता है। साथ ही, विभिन्न भारतीय त्यौहारों के समय वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा यह भी कह कर कि,



**पश्चिमी विचारधारा में उत्पादों के अधिकतम उपभोग को जगह दी गई है। आज को अच्छी तरह से जी लें, कल किसने देखा है, यह पश्चिमी सोच, चर्च की प्रेरणा एवं भौतिकवाद पर आधारित है। इस्लाम एवं ईसाईयत में पुनर्जन्म पर विश्वास नहीं किया जाता है। जो कुछ भी करना है वह इसी जन्म में करना है।**

दीपावली के शुभ अवसर पर जलाए जाने वाले फटाके पर्यावरण का नुक्सान करते हैं, होली पर्व पर भारी मात्रा में पानी की बर्बादी की जाती है, महाशिवरात्रि पर्व पर दूध की बर्बादी की जाती है, माई बॉडी माई चोईस, हमको भारत में रहने में डर लगता है, आदि विमर्श स्थापित करने का प्रयास किया जाता है। कुल मिलाकर पश्चिमी देशों द्वारा आज भारतीय सनातन संस्कृति पर आधारित हिन्दू परम्पराओं पर लगातार प्रहार किए जा रहे हैं। भारतीय सनातन संस्कारों के अनुसार भारत में कुटुंब को एक महत्वपूर्ण इकाई के रूप में स्वीकार किया गया है एवं भारत में संयुक्त परिवार इसकी परिणती के रूप में दिखाई देते है। परंतु, पश्चिमी आर्थिक दर्शन में संयुक्त परिवार लगभग नहीं के बराबर ही दिखाई देते हैं एवं विकसित देशों में सामान्यतः बच्चों के 18 वर्ष की आयु प्राप्त करते ही, वे अपना अलग परिवार बसा लेते हैं तथा अपने माता पिता से अलग मकान लेकर रहने लगते हैं। इस चलन के पीछे संभवत आर्थिक पक्ष इस प्रकार जुड़ा हुआ है कि जितने अधिक परिवार होंगे उतने ही अधिक मकानों की आवश्यकता होगी, कारों की आवश्यकता होगी, टीवी की आवश्यकता होगी, फ्रिज की आवश्यकता होगी, आदि। लगभग समस्त उत्पादों की आवश्यकता इससे बढ़ेगी जो अंततः मांग में वृद्धि के रूप में दिखाई देगी एवं इससे इन वस्तुओं का उत्पादन बढ़ेगा। ज्यादा वस्तुएं बिकने से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों की लाभप्रदता में भी वृद्धि होगी। कुल मिलाकर इससे आर्थिक वृद्धि दर तेज होगी। विकसित देशों में इस प्रकार की मान्यताएं समाज में अब सामान्य हो चलीं हैं। अब बहुराष्ट्रीय कम्पनियां भारत में भी प्रयासरत हैं कि किस प्रकार भारत में संयुक्त परिवार की प्रणाली को तोड़ा जाय ताकि परिवारों की संख्या बढ़े एवं विभिन्न उत्पादों की मांग बढ़े और इन कम्पनियों द्वारा निर्मित उत्पादों की बिक्री बाजार में बढ़े। इसके लिए बहुराष्ट्रीय कम्पनियां इस प्रकार के विभिन्न सामाजिक सीरियलों को बनवाकर प्रायोजित करते हुए टीवी पर प्रसारित करवाती हैं जिनमे संयुक्त परिवार के नुक्सान बताए जाते हैं एवं छोटे छोटे परिवारों के फायदे दिखाए जाते हैं। सास बहू के बीच, ननद देवरानी के बीच, दो बहिनों के बीच, पड़ोसियों के बीच, छोटी छोटी बातों को लेकर झगड़े दिखाए जाते हैं एवं जिनका अंत परिवार की टूट के रूप में बताया जाता है, ताकि भारत में भी पूंजीवाद की तर्ज पर व्यक्तिवाद को बढ़ावा मिल सके। भारत एक विशाल देश है एवं विश्व में सबसे बड़ा बाजार है, बहुराष्ट्रीय कम्पनियां यदि अपने इस कुचक्र में सफल हो जाती हैं तो उनकी सोच के अनुसार भारत में उत्पादों की मांग में बेतहाशा वृद्धि हो सकती है, इससे विशेष रूप से बहुराष्ट्रीय कम्पनियों को सीधे सीधे फायदा होगा। इसी कारण के चलते आज जोर्ज सोरोस जैसे कई विदेशी नागरिक अन्य कई विदेशी संस्थानों एवं बहुराष्ट्रीय कम्पनियों के साथ मिलकर भारतीय संस्कृति पर हमला करते हुए दिखाई दे रहे हैं एवं भारतीय संस्कृति को नष्ट करने का प्रयास कर रहे हैं। पश्चिमी देशों के नागरिकों के लक्ष्य भौतिक (जड़) हो रहे हैं और चेतना कहीं पीछे छूट रही है। केवल आर्थिक विकास अर्थात अर्थ का अर्जन करना ही जैसे इस जीवन का मुख्य उद्देश्य हो। परंतु, भारत के नागरिक सनातन संस्कृति का अनुसरण करते हुए समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारी के अहसास के प्रति भी सजग दिखाई देते हैं, अर्थात उनमें चेतना के दर्शन भी होते हैं। अब हम समस्त भारतीय नागरिकों को वैश्विक बाजार शक्तियों द्वारा फैलाए जा रहे उक्त वर्णित जाल में नहीं फंसते हुए, हमारे अपने भारतीय व्यंजनों का भरपूर आनंद उठाते हुए अपनी भारतीय परम्पराओं का अनुपालन सुनिश्चित करना चाहिए। हमें अपने जीवन के लगभग प्रत्येक क्षेत्र में केवल स्वदेशी उत्पादों का ही उपयोग करना चाहिए चाहे वह तुलनात्मक रूप से थोड़ा महंगा ही क्यों न हो। उदाहरण के तौर पर हमारे जीवन में रोजाना उपयोग होने वाले कुछ उत्पादों के नाम यहां पर दिए जा सकते हैं, जिनका उत्पादन सदियों से भारत में ही पर्याप्त मात्रा में होता चला आया है। केवल और केवल भारतीय कम्पनियों द्वारा निर्मित इन उत्पादों का उपयोग एवं विदेशी कम्पनियों द्वारा निर्मित इन उत्पादों का उपयोग नहीं करने की शपथ ली जानी चाहिए। जैसे, नहाने का साबुन, कपड़े धोने का साबुन, सौंदर्य प्रसाधन औषधियां, टुथथपेस्ट दंतमंजन टुथब्रश, दाढ़ी का साबुन ब्लेड्स रेजर, कम्प्यूटर लैपटॉप एवं उपकरण, टेलिकॉम उपकरण, बाम और मरहम, दो पहिया वाहन, चार पहिया वाहन, स्वचालित वाहन एवं मोबाइल फोन आदि।

### आज का पंचांग

*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | सप्तमी 24:25 तक |
| नक्षत्रः | धनिष्ठा 26:19 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | गुरुवार |
| योगः | ध्रुव, 12:01 |
| सूर्योदयः | 06:52 |
| सूर्यास्तः | 17:17 |
| चंद्रमाः | मकर राशि में |
| राहुकालः | 13:23-14:41 |
| विक्रमी संवत्: | 2082 |
| शक सम्वतः | 1947 |
| मासः | मार्गशीर्ष |
| शुभ मुहूर्तः | 11:44-12:26 |

## जन एक्सप्रेस

### है कुचलना फन !

*सुलझ रही है गुत्थी ।*
*जुड़े दूर तक तार ।।*
*है कुचलना फन ।*
*हमको बार बार ।।*
*लंबी है लड़ाई ।*
*और बड़ा इलाज ।।*
*खुल रहीं हैं परतें ।*
*कई गहरे राज ।।*
*पल पल नया मोड़ ।*
*धर पकड़ है जारी ।।*
*लग रहा इस बार ।*
*बड़ी कुछ तैयारी ?।।*
*गहन छानबीन और ।*
*उठ रही भी मांग ।।*
*समाधान स्थायी हो ।*
*चल रहा जो स्वांग ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

### एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# चटकती हड्डियों का सहारा है विटामिन डी3

**विटामिन** डी3 को कोलेकैल्सिफेरॉल भी कहते हैं जो कि एनालॉग नामक दवाओं के एक वर्ग का हिस्सा है। ये विटामिन शरीर को स्वस्थ रखने के साथ हड्डियों, मांसपेशियों, तंत्रिकाओं और प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत बनाने के लिए जरूरी है। यह शरीर को खाद्य पदार्थों या सप्लीमेंट्स में पाए जाने वाले कैल्शियम का भरपूर इस्तेमाल करने में मदद करके काम करता है लेकिन आज हम बात करेंगे कि ऑस्टियोपोरोसिस के मरीजों के लिए खासतौर पर ये विटामिन कैसे फायदेमंद है? ये इस बीमारी में कैसे मददहगार साबित हो सकता है और इसके सेवन के दौरान आपको किन बातों का ध्यान रखना चाहिए? ऑस्टियोपोरोसिस से पीड़ित लोगों के लिए विटामिन डी3 महत्वपूर्ण है क्योंकि यह शरीर को कैल्शियम अवशोषित करने में मदद करता है, जिससे हड्डियां मजबूत रहती हैं और फ्रैक्चर का खतरा कम होता है।

**टिशूज की मरम्मत में मददगारः** यह हड्डियों के ऊतकों की वृद्धि और मरम्मत में सहायक होता है, जिससे समय के साथ हड्डियां कम कमजोर और भंगुर होती जाती हैं। दरअसल, ऑस्टियोपोरोसिस के मरीजों में हड्डियां



अंदर से खोखली होकर चटकने लगती हैं जिससे टिशूज का नुकसान होता है। ऐसी स्थिति में विटामिन डी हड्डियों को खोखली होने से बचाने और इसकी बनावट को बेहतर बनाने में मददगार है।

**कैल्शियम का अवशोषण बढ़ाने में मददगारः** जब विटामिन डी3 का स्तर कम होता है, तो शरीर कैल्शियम का ठीक से उपयोग नहीं कर पाता, इसलिए हड्डियां खनिजों की कमी से पतली हो जाती हैं। कैल्शियम के साथ विटामिन डी3 लेने से हड्डियों का घनत्व बेहतर हो सकता है और हड्डियों का क्षरण धीमा हो सकता है, खासकर वृद्धों में। विटामिन डी3 का सेवन हड्डियों में कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ावा देता है जिससे ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या में कमी आती है।

**कैल्शियम का अवशोषण बढ़ाने में मददगारः** जब विटामिन डी3 का स्तर कम होता है, तो शरीर कैल्शियम का ठीक से उपयोग नहीं कर पाता, इसलिए हड्डियां खनिजों की कमी से पतली हो जाती हैं। कैल्शियम के साथ विटामिन डी3 लेने से हड्डियों का घनत्व बेहतर हो सकता है और हड्डियों का क्षरण धीमा हो सकता है, खासकर वृद्धों में। विटामिन डी3 का सेवन हड्डियों में कैल्शियम के अवशोषण को बढ़ावा देता है जिससे ऑस्टियोपोरोसिस की समस्या में कमी आती है।

**मांसपेशियों की मजबूती में मददगारः** यह मांसपेशियों की मजबूती में भी मदद करता है, जिससे गिरने और चोट लगने की संभावना कम हो जाती है। इसके अलावा ऑस्टियोपोरोसिस के मरीजों में ये हड्डियों के फ्रैक्चर को रोकता है। इसके अलावा ये हड्डियों की बनावट को मजबूती देने के साथ ऑस्टियोपोरोसिस के खतरे को कम करता है। इस प्रकार से विटामिन डी3 का सेवन ऑस्टियोपोरोसिस में फायदेमंद है। तो पर्याप्त धूप, खाद्य स्रोतों या पूरक आहार के साथ, विटामिन डी3 समग्र हड्डियों के स्वास्थ्य को बनाए रखने में मदद करता है और ऑस्टियोपोरोसिस से दीर्घकालिक सुरक्षा प्रदान करता है।

### एक्सप्रेस विशेष

# राम ध्वज के नीचे जन्म लेता नया भारत



प्रो. आरके जैन

**सरल शब्दों में कहें तो यह वादा हर भारतीय का है। मोदी जी की वाणी जैसे राम की वाणी—शांत, लेकिन अटूट। हमारी विरासत पर गर्व करो, गुलामी की मानसिकता से मुक्त हो जाओ। युवाओं, सुनो—यह तुम्हारा समय है।**

**अयोध्या** की सुबह, सरयू की लहरों के साथ जैसे राम की वापसी का गान गा रही थी। सूरज की पहली किरण मंदिर के शिखर पर पड़ रही थी, और वहां खड़े थे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी—साधारण वेश में, लेकिन आंखों में अटूट संकल्प लिए। हाथों में 22 फुट ऊंचा धर्म ध्वज, भगवा रंग (सूर्य, ओम और कोविदार वृक्ष का प्रतीक) में लिपटा, जैसे राम के न्याय, त्याग और सत्य का प्रतीक है। जैसे ही ध्वज हवा में लहराया, लाखों दिल धड़क उठे। यह क्षण केवल एक उत्सव नहीं था; यह था गुलामी की जंजीरों को तोड़ने का बिगुल। मोदी जी की आवाज, शांत लेकिन गरजती हुई, बोली सदियों पुराने घाव अब भर रहे हैं। और फिर वह ऐतिहासिक वादा—अगले दस वर्षों में भारत को गुलामी की मानसिकता से पूरी तरह आजाद करना। यह रोडमैप कोई कागजी योजना नहीं, बल्कि एक जीवंत क्रांति है, जो हर भारतीय को राम की तरह संघर्षशील बनाएगी, अपनी जड़ों से जुड़ाएगी। अयोध्या, जहां राम मंदिर अब खड़ा है, वहां 45 करोड़ से ज्यादा लोग दर्शन कर चुके हैं—यह संख्या नहीं, बल्कि एक आंदोलन है, जो बताता है कि राम सिर्फ मंदिर में नहीं, हर दिल में बसते हैं। गुलामी की मानसिकता—यह क्या है? वह अदृश्य जहर जो 1835 में लॉर्ड मैकॉले ने बोया, शिक्षा के नाम पर हमें अपनी संस्कृति से दूर करना, हमें पश्चिमी सोच का गुलाम बनाना। आज भी वह जहर हमारे विचारों में बहता है- अपनी भाषा को कमतर समझना, पश्चिमी संस्कृति को श्रेष्ठ मानना, राम को सिर्फ कहानी मानना। मोदी जी ने इसे सीधे चुनौती दी—÷हमारी आजादी अधूरी है, क्योंकि मन अभी गुलाम है। दस वर्षों का यह रोडमैप इसी जहर को निकालने का है। सांस्कृतिक जागरण। राष्ट्रीय शिक्षा नीति को मैकॉले की छाया से मुक्त करना, स्कूलों में रामायण को जीवंत बनाना। जहां बच्चे न सिर्फ पढ़ें, बल्कि राम के गुणों—धैर्य, दया, नेतृत्व—को जीएं। जैसे राम ने वनवास में भी संकल्प नहीं छोड़ा, वैसे ही हर बच्चा अपनी जड़ों से मजबूत बने। यह होगा राष्ट्र का नया निर्माण, जहां भारत अपनी विरासत पर गर्व करे, न कि किसी विदेशी सोच पर। मोदी जी ने कहा, राम व्यक्ति नहीं, मूल्य हैं—जो हमें दिशा देते हैं। और यह मूल्य अब भारत की अर्थव्यवस्था में भी दिखेंगे- आज हम दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं, जल्द तीसरी बनेंगे। लेकिन असली जीत तब होगी जब हम आर्थिक स्वावलंबन को राम के स्वदेशी से जोड़ें। यह रोडमैप सरल है, लेकिन अप्रतिम—क्योंकि यह राम राज्य के सपने पर टिका है। राम राज्य में क्या था? न्याय की धारा हर घर तक, पर्यावरण का सम्मान जहां जटायु और गिलहरी भी योगदान दें, समाज जहां कोई भेदभाव न हो। मोदी जी ने अयोध्या को इसी का प्रतीक बताया—यहां का सामूहिक प्रयास विकसित भारत 2047 का रोडमैप है। दस वर्षों में, हमें मेक इन इंडिया को राम की उद्यमिता से सशक्त करना है। युवाओं को स्टार्टअप्स में राम सेतु जैसा पुल बनाना सिखाना—छोटे प्रयासों से बड़ा लक्ष्य। अयोध्या, अब हजारों तीर्थों का मॉडल बनेगी। पर्यटन से अर्थव्यवस्था बूम करेगी, लेकिन साथ में सांस्कृतिक दूतावास भी। युवाओं की भूमिका यहां सबसे दमदार है। आज की पीढ़ी, जो सोशल मीडिया पर खोई है, उसे राम की कहानी से जोड़ना। मोदी जी का आह्वान युवा उठो, राम के धनुष को उठाओ। दस वर्षों का दूसरा चरण- युवा सशक्तिकरण। सोशल मीडिया पर राम कथा वायरल करना, एनजीओ से ग्रामीण भारत में राम मेलों का आयोजन। जैसे राम ने लक्ष्मण और हनुमान के साथ टीम बनाई, वैसे ही युवा एकजुट हों। लेकिन यह सिर्फ शब्द नहीं—व्यावहारिक कदम, जैसे डिजिटल रामायण ऐप्स, जहां युवा राम के संघर्ष से प्रेरणा लें और अपनी जिंदगी में लागू करें। अनुपम बात यह है कि यह रोडमैप समावेशी है। राम राज्य में कोई भेदभाव नहीं—दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक, सबका साथ। मोदी जी ने कहा, राम के कण-कण में भारत, भारत के कण-कण में राम।

**विपक्ष की आलोचना, सेकुलरिज्म के नाम पर सांस्कृतिक अस्मिता को दबाना। मोदी जी का जवाब साफ संकल्प की सिद्धि में सबका प्रयास। यह दस वर्ष 2047 तक विकसित भारत की नींव रखेंगे, जब आजादी के सौ साल पूरे होंगे। तब भारत न सिर्फ आर्थिक महाशक्ति बनेगा, बल्कि विश्व गुरु भी—राम के आदर्शों से। अयोध्या का यह ध्वजारोहण 500 साल पुराने संकल्प की पूर्ति है, लेकिन नई शुरुआत भी।**


स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (प्रबन्ध संपादक- मनोज तिवारी, सह-संपादकः इमरान खान, राज्य ब्यूरो प्रमुख- सन्तोष कुमार दीक्षित) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)

# लिटिल एंजेल्स स्कूल में रोबोटिक्स प्रदर्शनी

## नन्हे वैज्ञानिकों की प्रतिभा देख अभिभावक हुए मंत्रमुग्ध






- कक्षा 3 से 7 तक के विद्यार्थियों ने तैयार किए नवाचार से भरपूर मॉडल, विद्यालय प्रबंधन ने की सराहना

जन एक्सप्रेस। मुकेश कुमार

पीलीभीत। लिटिल एंजेल्स स्कूल में बुधवार को आयोजित रोबोटिक्स प्रदर्शनी बच्चों की रचनात्मकता और तकनीकी दक्षता का बेहतरीन उदाहरण बनी। विद्यालय के कक्षा 3 से 7 तक के विद्यार्थियों ने रोबोटिक्स पर आधारित कई आकर्षक और तकनीकी रूप से विविध मॉडल प्रस्तुत कर उपस्थित अभिभावकों व अतिथियों को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रदर्शनी का मुख्य उद्देश्य अभिभावकों को यह बताना था कि विद्यालय में रोबोटिक्स की शिक्षा केवल सैद्धांतिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों को इसे प्रयोगात्मक रूप से समझने और बनाने का अवसर भी दिया जाता है। विद्यार्थियों द्वारा तैयार किए गए मॉडल्स में सेंसर आधारित रोबोट, ऑटोमैटिक सिस्टम, स्मार्ट कंट्रोल मशीनें और मिनी रोबोटिक टेक्नोलॉजी जैसे नवाचार देखने को मिले। अभिभावकों ने बच्चों की मेहनत, तकनीकी समझ और मॉडल्स की प्रस्तुति की भूरी-भूरी प्रशंसा की। कई अभिभावकों ने कहा कि ऐसे कार्यक्रम बच्चों के आत्मविश्वास को बढ़ाते हैं और उन्हें आधुनिक तकनीक से जोड़ने में मददगार होते हैं।

विद्यालय प्रबंधक डॉ.संजीव अग्रवाल और प्रधानाचार्य एन.सी. पाठक ने सभी मॉडल्स का अवलोकन कर विद्यार्थियों को उनकी सृजनात्मक प्रतिभा, जिज्ञासा और नवाचार के लिए प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों में तकनीकी कौशल विकसित करती हैं और उन्हें भविष्य के लिए तैयार करती हैं। विद्यालय में रोबोटिक्स प्रशिक्षण में योगदान देने वाले शिक्षक एवं शिक्षिकाएँ आंचल, भुवनेश, अमित मिश्रा, शुभांगी गोयल, खुशबू श्रीवास्तव और साक्षी मिश्रा—की मेहनत की भी विशेष सराहना की गई। विद्यालय प्रबंधन ने कहा कि इन शिक्षकों के सहयोग से ही विद्यार्थी रोबोटिक्स जैसे आधुनिक विषय को सहजता से समझ पा रहे हैं और उत्कृष्ट मॉडल तैयार कर रहे हैं। दर्शनी के दौरान बच्चों, शिक्षकों और अभिभावकों में भारी उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

## आर एम ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज में संविधान दिवस पर नशा उन्मूलन विषयक प्रतियोगिताएँ आयोजित

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। संविधान निर्माण दिवस के अवसर पर आर.एम. ज्ञान दायिनी इंटर कॉलेज राजाजीपुरम राजापुर में नशा उन्मूलन विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता एवं पोस्टर बनाओ प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों में नशा–मुक्ति के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उन्हें सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रेरित करना रहा। इस प्रतियोगिता के अंतर्गत छात्र–छात्राओं ने बहुत ही उत्कृष्ट पोस्टर बनाये तथा बहुत ही सुंदर और सारगर्भित निबंध लेखन किया।कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के प्रबंधक राकेश वर्मा एडवोकेट तथा प्राचार्य सचिन शुक्ला द्वारा संविधान दिवस के महत्व एवं नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका पर प्रकाश डालते हुए की गई। विभिन्न कक्षाओं के छात्रों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा निबंध एवं पोस्टर के माध्यम से नशे के दुष्परिणामों और जागरूकता संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया।विद्यालय प्रबंधन ने विजेता प्रतिभागियों को समारोह में सम्मानित किया तथा पुरस्कार भी प्रदान किये। इस अवसर पर छात्र छात्राओं को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने की प्रतिज्ञा दिलाई गयी।

# 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी (हीरक जयंती 2025) में पीलीभीत दल का प्रदर्शन सराहनीय

**लखनऊ में राष्ट्रीय जम्बूरी में चमका पीलीभीत Gyana अंतराष्ट्रीय विद्यालय के स्काउट्स ने दिखाया अनुशासन व कौशल**

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत




राजधानी में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय जम्बूरी (हीरक जयंती 2025) इन दिनों पूरे उत्साह, ऊर्जा और अनुशासन के साथ जारी है। जनपद पीलीभीत से 83 स्काउट एवं गाइड प्रतिभागी तथा 11 स्काउट मास्टर और गाइड कप्तान इस भव्य आयोजन में सक्रिय रूप से भाग ले रहे हैं। इन सभी प्रतिभागियों के उत्कृष्ट नेतृत्व, कौशल और टीम भावना ने जम्बूरी में पीलीभीत का गौरव बढ़ाया है।

### त्र4ड्डद्वड्ड अंतरराष्ट्रीय विद्यालय के स्काउट्स का शानदार प्रदर्शन

इस राष्ट्रीय जम्बूरी में त्र4ड्डठ्ठड्ड अंतरराष्ट्रीय विद्यालय, पीलीभीत से 9 स्काउट और 1 स्काउट मास्टर भाग ले रहे हैं। स्काउट्स के रूप में शिखर सिंह, हृद्यांश, स्कंद गंगवार, साहिब हुसैन, अनंत शुक्ला, शशांक, कृष्ण पाल सिंह, अखिलेश और आयुष शामिल हैं। मैदान पर इन स्काउट्स के अनुशासन, उत्साह और कौशल की लगातार सराहना की जा रही है, जो विद्यालय की स्काउटिंग परंपरा और प्रशिक्षण की गुणवत्ता को दर्शाता है।

### अंतरराष्ट्रीय रंगों से सराबोर जम्बूरी

इस भव्य आयोजन में भारत के सभी राज्यों के साथ नेपाल, श्रीलंका, मालदीव और जापान के दल भी हिस्सा ले रहे हैं। इससे यह जम्बूरी अंतरराष्ट्रीय सांस्कृतिक और कौशल आदान-प्रदान का अनोखा मंच बन गई है। परिसर में भोजन प्रदर्शनी, कबूतर प्रदर्शनी, शिविर निर्माण कार्य, संकेत प्रणाली, पद-यात्रा जैसी कई गतिविधियाँ लगातार जारी हैं।

### शिविर निर्माण में त्र4ड्डद्वड्ड अंतरराष्ट्रीय विद्यालय को मिली विशेष जिम्मेदारी

विशेष उपलब्धि यह रही कि शिविर निर्माण—विशेषकर तंबू निर्माण—के लिए त्र4ड्डठ्ठड्ड अंतरराष्ट्रीय विद्यालय के स्काउट्स का चयन किया गया है, जो पीलीभीत के लिए गर्व का विषय है। शिविर निर्माण क्षेत्र में स्कूल दल द्वारा 25 से अधिक उपकरण बनाए जा चुके हैं। साथ ही एक सुंदर बंगाली झोंपड़ी भी प्रदर्शित की गई है, जो जम्बूरी के आकर्षण का मुख्य केंद्र बनी हुई है। अधिकारियों द्वारा इस रचनात्मक कार्य की लगातार प्रशंसा की जा रही है। पीलीभीत जिले के प्रवक्ता सचिन सक्सेना, जो वर्तमान में व्याख्याता और जिला प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट) हैं, जम्बूरी में जिला प्रतिनिधि दल के नेता के रूप में अपनी जिम्मेदारी कुशलता से निभा रहे हैं। उनका नेतृत्व सभी स्काउट प्रतिभागियों के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा का स्रोत बना हुआ है। स्काउट्स की उपलब्धियों और अनुशासन पर विद्यालय के प्रबंधक देवेंद्र छाबड़ा और प्रधानाचार्या व जिला आयुक्त पूजा छाबड़ा ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए सभी प्रतिभागियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दी हैं। उन्होंने उत्तर प्रदेश दल की सफलता की भी कामना की है।

### सेवा, साहस और सहयोग का उत्सव बनी जम्बूरी

राष्ट्रीय जम्बूरी इन दिनों स्काउटिंग की मूल भावना—सेवा, साहस, सहयोग और चरित्र निर्माण—का विशाल उत्सव बनकर उभर रही है। देश-विदेश से आए स्काउट्स इस आयोजन से अद्भुत अनुभव प्राप्त कर रहे हैं।

# लोकतंत्र की रक्षा नागरिकों की जागरूकता से ही संभव- नफीस अहमद अंसारी




- भारत का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक से किया गया पवित्र वादा है- जिला महासचिव

### लोकतंत्र की मजबूती नागरिक जागरूकता पर निर्भर

सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने स्पष्ट कहा कि लोकतंत्र तभी मजबूत होता है, जब नागरिक संवैधानिक मूल्यों की रक्षा के लिए जागरूक हों। उन्होंने युवाओं से विशेष रूप से आह्वान किया कि वे देश की लोकतांत्रिक धारा को मजबूत बनाने में अपनी भूमिका निभाएं और संविधान की रक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दें। उन्होंने यह भी कहा कि मौजूदा समय में संविधान को केवल राजनीतिक मुद्दा बनाने के बजाय इसे सामाजिक चेतना का केंद्र बनाना होगा।

### सामूहिक संकल्प के साथ सम्पन्न हुआ कार्यक्रम

इस मौके पर सपा जिला उपाध्यक्ष नरेंद्र मिश्रा, हाजी अकबर अंसारी, रमेश राजा, महेश पटेल, होरीलाल नेताजी, रामगोपाल, मोहम्मद जावेद, अर्जुन भारती, धनपत मौर्य, चंदा अंसारी, रामू सक्सेना, मुनेंद्र मौर्य, मनोज पांडे, इतवारी लाल, प्रेम सागर, संजय मिश्रा, शोएब अंसारी, मोहम्मद रिजवान, अब्दुल राजू सहित बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी ने संविधान दिवस की शुभकामनाएं दीं और लोकतांत्रिक मूल्यों एवं संवैधानिक मर्यादाओं की रक्षा के लिए एकजुट रहने का संकल्प लिया।

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत

संविधान दिवस केवल एक औपचारिक अवसर नहीं, बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा को स्मरण करने का दिन है। बुधवार को नकटादाना स्थित के.जी.एन-2 कॉलोनी के लोकसभा चुनाव कार्यालय में समाजवादी पार्टी द्वारा आयोजित विशेष कार्यक्रम इसी भावना को समर्पित रहा। राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश पर आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे सपा जिला महासचिव नफीस अहमद अंसारी ने संविधान की मूल आत्मा और उसकी रक्षा की अनिवार्यता पर विशेष जोर दिया।

### संविधान भारतीय लोकतंत्र का सुरक्षा कवच

अपने विस्तृत संबोधन में नफीस अहमद अंसारी ने कहा कि भारत का संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक से किया गया पवित्र वादा हैं। यह वादा समानता, सम्मान, न्याय और स्वतंत्रता का है। उन्होंने याद दिलाया कि संविधान ने देश को वह शक्ति दी है,

जिससे विविधताओं से भरे भारत को एक सूत्र में पिरोया गया है। श्री अंसारी ने कहा कि संविधान गरीबों, मजदूरों, किसानों, अल्पसंख्यकों और कमजोर वर्गों के लिए सुरक्षा कवच के समान है। जब तक संविधान सुरक्षित है, तब तक देश के नागरिकों के अधिकार भी सुरक्षित हैं। यही कारण है कि संविधान पर किसी प्रकार का आघात केवल एक दस्तावेज पर हमला नहीं, बल्कि देश की लोकतांत्रिक संरचना पर प्रहार है।

### संवैधानिक मूल्यों को व्यवहार में उतारने की अपील

कार्यक्रम में उन्होंने उपस्थित लोगों से संविधान की मूल भावना को समझने और उसे अपने दैनिक आचरण में उतारने की अपील की। उन्होंने कहा कि संविधान केवल किताबों में नहीं, बल्कि हमारे व्यवहार, निर्णय और सोच में जीवित रहना चाहिए। श्री अंसारी के अनुसार, देश तभी आगे बढ़ेगा जब नागरिक अपने मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों को भी गंभीरता से निभाएं। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को संविधान को अंगीकृत करते समय देश के संस्थापकों ने एक ऐसे भारत की परिकल्पना की थी जहाँ हर नागरिक को समान अवसर मिले और कानून सबके लिए समान रूप से लागू हो।

# बीसलपुर में दबंगों ने गोली मारकर युवक की हत्या, पुलिस की लापरवाही उजागर

- गांव में देर रात हुई वारदात, मृतक प्रदीप कुमार 25 वर्षीय था, बरेली में रहकर कर रहा था पढ़ाई

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत



जनपद की तहसील बीसलपुर क्षेत्र में मंगलवार देर रात्रि पसंड़ी गांव में दबंगों ने 25 वर्षीय युवक प्रदीप कुमार को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। मृतक बरेली में रहकर जीएनएम की पढ़ाई कर रहा था और घर पूजा में शामिल होने आया था। इस घटना ने पुलिस की लापरवाही को उजागर कर दिया है।

घटना के बाद पुलिस अधीक्षक अभिषेक यादव ने तत्काल कदम उठाते हुए थानाध्यक्ष दिगंबर सिंह, हल्का दरोगा अभिषेक यादव और बीट कांस्टेबल अखिलेश यादव को निलंबित कर दिया। इसके साथ ही थाना हजारा की कंबोज नगर चौकी प्रभारी गौतम सिंह को दियोरिया थाने की कमान सौंपी गई और अंतिम संस्कार से पहले छह टीमें लगाकर आरोपियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं।

### पुराना मामला रहा हत्या की वजह

पुलिस की लापरवाही से पहले से ही पीड़ित परिवार दबंगों के डर में था। मृतक के पिता सुरेश चंद्र ने बताया कि 15 अप्रैल को उनकी चचेरी बहन ने आरोपियों के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कराया था, लेकिन पुलिस ने गिरफ्तारी नहीं की। लगातार धमकियों के बावजूद कार्रवाई न होने से दबंगों के हौसले बढ़ गए और उन्होंने साढ़े सात महीने बाद प्रदीप की हत्या कर दी।

### आरोपियों पर मुकदमा दर्ज, गिरफ्तारी के प्रयास तेज

पुलिस ने सुरेश चंद्र की तहरीर पर आठ लोगों के खिलाफ घर में घुसकर हत्या करने का मुकदमा दर्ज किया। आरोपियों में मुरारी लाल, मेवाराम, बादशाह, राम औतार पुत्रगण फूलचंद, अमन, शिवम् पुत्रगण मुरारी लाल, सूरज पाल पुत्र बादशाह, आशीष और आशीष की मां शामिल हैं। बताया गया कि पुराने छेड़छाड़ के मामले को लेकर आरोपियों ने मृतक के घर घुसकर ललकारा और जब प्रदीप बाहर निकला तो राइफल से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने शुरू की तलाशी, छह टीमें लगी हुई हैं। पुलिस अब आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी के लिए छह टीमें घटनास्थल और आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन चला रही है। पुलिस अधीक्षक ने मृतक के परिजनों से मामले की गंभीरता समझते हुए शीघ्र गिरफ्तारी का आश्वासन दिया है।

## पीलीभीत में उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ मनाया गया संविधान दिवस

जन एक्सप्रेस। पीलीभीत। बुधवार को जिले में उत्साह, उल्लास और उमंग के साथ संविधान दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गांधी सभागार में जिलाधिकारी ज्ञानेन्द्र सिंह की अध्यक्षता में मुख्य कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें संविधान की आत्मा उद्देशिका का पाठन किया गया।कार्यक्रम की शुरुआत जिलाधिकारी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर की। इसके बाद उपस्थित जिला स्तरीय अधिकारी और कर्मचारी कार्यक्रम में भाग लिया। अपर जिलाधिकारी (वि./रा.) प्रसून द्विवेदी, नगर मजिस्ट्रेट विजय वर्धन तोमर सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। कार्यक्रम में राजधानी लखनऊ में आयोजित मुख्यमंत्री के संविधान दिवस कार्यक्रम की लाइव स्ट्रीमिंग देखी और सुनी गई। जिलाधिकारी ने कहा कि 26 जनवरी, 1950 को संविधान हमारे देश में लागू हुआ, लेकिन संविधान सभा द्वारा 26 नवंबर, 1949 को ही संविधान अंगीकृत किया गया था। उन्होंने सभी नागरिकों से संविधान की महत्ता को समझते हुए इसके आदर्शों का पालन करने और राष्ट्र तथा लोकहित में कार्य करने का संकल्प लेने का आह्वान किया।

## एक्सप्रेस खबरें...

### गन्ने के खेत में आग लगाने के मामले में मुकदमा दर्ज

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। सेहरामऊ उत्तरी थाना क्षेत्र के ककरौआ गांव में गन्ने के खेत में आग लगाने के मामले में पुलिस ने पिता–पुत्र के खिलाफ मुकदमा मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।खेत स्वामी धीरेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि गांव के अशोक सिंह पुत्र श्रीपाल सिंह ने उनके नहर के पास स्थित गन्ने के खेत में आग लगा दी थी। इस आगजनी में गन्ने की फसल जलकर नष्ट हो गई। घटना का एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। धीरेन्द्र प्रताप सिंह के अनुसार, जब वे शिकायत करने अशोक सिंह के घर पहुंचे, तो अशोक और उनके पुत्र अंकित लाठी–डंडों के साथ बाहर आ गए। उन्होंने धीरेन्द्र प्रताप सिंह को गाली–गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।घटना का वीडियो वायरल होने के बाद खेत स्वामी ने पुलिस में तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अशोक सिंह और अंकित सिंह के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। सेहरामऊ उत्तरी के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने पुष्टि की कि आगजनी के मामले में शिकायत के आधार पर दो लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

### कैंप लगाकर भरे जा रहे एसआईआर फॉर्म

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। गावों में एसआईआर फॉर्म भरने के लिए एक विशेष कैंप लगाया। इस शिविर में स्थानीय लोगों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। जिसने लोगों को फॉर्म भरने में सहायता प्रदान की। कैंप का आयोजन कर हल्का लेखपाल उपस्थित लोगों को एसआईआर फॉर्म से जुड़ी आवश्यक जानकारी विस्तार से समझाई। लेखपाल ने फॉर्म भरने की प्रक्रिया, आवश्यक दस्तावेज और तकनीकी बिंदुओं को सरल भाषा में बताया, साथ ही लोगों की शंकाओं का समाधान भी किया। शिविर में सुबह से ही लोगों की आवाजाही लगी रही। ग्रामीण क्षेत्रों से आए कई लोगों ने बताया कि ऐसे कैंप से उन्हें काफी सुविधा मिलती है, क्योंकि इससे उन्हें सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगाने से मुक्ति मिलती है।

### गन्ना क्रय केंद्रों पर अव्यवस्थाए हावी, किसान लगातार परेशान

जन एक्सप्रेस। पूरनपुर। गन्ना क्रय केंद्रो पर अव्यवस्थाए वनी हुई है। इससे किसान परेशान है। तहसील क्षेत्र में विभिन्न चीनी मिल के गन्ना क्रय केंद्र लगे हुए है। केंद्र पर उपस्थित किसानों को गन्ना तौल, पर्ची आदि कि समस्याएं वनी हुई है। किसानों ने उठान व्यवस्था,पर्ची व्यवस्था आदि कई समस्या को वताया। उठान व्यवस्था ठीक न होने से किसानों को वाहन खडे है। कई गन्ना भरे वाहन खडे हुए है। उन्होंने व्यवस्था को दुरुस्त कराए जाने के लिए मांग की है।केंद्रो पर मौजूद किसानों से जानकारी की।

### चोरों के आतंक से थर्राया हैदराबाद थाना क्षेत्र

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद क्षेत्र के गांवों में बीते मंगलवार की रात पशुचोरों का आतंक देखने को मिला।पशुचोरों ने थाना क्षेत्र के तीन अलग –अलग गांवों बांसगांव,देवरिया, घरथनिया से पशुबाड़े में बंधी तीन दुधारू भैंसें चोरी कर ले गये।जानकारी के अनुसार घरथनिया गांव निवासी श्यामलाल वर्मा की भैंस अजान रोड पर मकान के बाहर बने बाड़े में बंधी हुई थी। बांसगांव निवासी नरेंद्र कुमार शुक्ल की दूधारु भैंस बीच गांव में बने पशुबाड़े से व देवरिया गांव मे रामाधार भार्गव की भैंस गांव के पश्चिम घर के बाहर बने पशुबाड़े से और पशुपालकों ने थाने में अज्ञात चोरों के खिलाफ तहरीर दी है। ग्रामीणो का आरोप है कि हैदराबाद पुलिस रात्रिगश्त के नाम पर क्षेत्र में दिखती ही नहीं जिससे चोर वेखौफ होकर घटना को अंजाम दे रहे हैं, पुलिस मामले को दबाने में जुटी रहती है। थानाध्यक्ष सुनील कुमार मलिक ने कहा कि घटना हुई है, हल्का दरोगा को मौके पर भेजकर जांचकर तहरीर लेने को कहा है।

### भाजपा नेता की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। थाना हैदराबाद की अज़ान पुलिस चौंकी क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसा हुआ है, जिसमें भाजपा के पूर्व मंडल अध्यक्ष हरिद्वार लाल वर्मा की मौत हो गई। वे अपनी टीवीएस स्पोर्ट बाइक पर सवार होकर अजान बैंक जा रहे थे, तभी एक अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी, जिससे वे गंभीर रूप से घायल हो गए और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई।थाना हैदराबाद क्षेत्र के ग्राम बिलहरी निवासी हरिद्वारी लाल वर्मा 75 वर्षीय पुत्र हेमराज वर्मा बुधवार की दोपहर को अपनी टीवीएस स्पोर्ट बाइक पर सवार होकर अजान बैंक के लिए अपने घर से निकले थे। करीब 12:45 पर जैसे ही उनकी बाइक छिछोना मार्ग पर पुलिस चौकी से 500 मीटर दूरी पर पहुंची, तभी किसी अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हरिद्वारी लाल उछलकर रोड पर जा गिरे, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। किसी राहगीर ने अजान चौंकी पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल हरिद्वारी लाल को एंबुलेंस से इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गोला भेज दिया, जहां पर डॉक्टरों ने हरिद्वारी लाल को मृतक घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जिला मुख्यालय भेज दिया है। घटना के बाद परिवार में शोक की लहर दौड़ गई।

### सनातन हिंदू एकता पदयात्रा

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी। तिकुनिया में सुथना देवी मंदिर से शारदानगर स्थित बालाजी मंदिर के लिए सनातन हिंदू एकता पदयात्रा बुधवार को मंदिर के बाबा बृजेश गिरि का आशीर्वाद लेकर रवाना हुई। पदयात्रा में युवतियों ने हाथों में तलवार, भाला और फरसा लेकर हिंदू एकता के नारे लगाए। विश्व हिंदू परिषद के रामगोपाल चौहान ने बताया कि बृहस्पतिवार को हिंदू सनातन पदयात्रा शारदा नगर स्थित बालाजी धाम में पहुंचेगी। शारदा नगर में ही पदयात्रा का समापन होगा। इस अवसर पर विश्व हिंदू परिषद के सुनील श्रीवास्तव, मनोज चौहान सहित कस्बे के आशीष अग्रवाल बाबू सिंह शाहिद सहित तमाम लोग मौजूद रहे।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर

पंडित दीनदयाल उपाध्याय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज, सीबीएसई में 26 नवम्बर 2015 को संविधान दिवस बड़े ही श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां शारदे के चित्र पर पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्वलन के साथ विधिवत रूप से किया गया।कार्यक्रम का संचालन आचार्या अपूर्वा जी ने सुचारू रूप से किया। इस अवसर पर बहन अनन्या मिश्रा (कक्षा 8), बहन भव्या मिश्रा (कक्षा 8), भैया प्रबल (कक्षा 9क) तथा भैया स्वरित (कक्षा 9क) ने संविधान की महत्ता एवं इसके विभिन्न पहलुओं पर अपने विचार व्यक्त किए।उप प्रधानाचार्य संजय द्विवेदी ने अनुरंजनी प्रतियोगिता एवं विज्ञान क्लब में प्रतिभाग करने वाले छात्रों की घोषणा की तथा उन्हें प्रधानाचार्य जी ने मंच पर छात्रों को सम्मानित किया। छात्रों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान किए गए।अंत में विद्यालय के प्रधानाचार्य जी ने संविधान दिवस की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि भारतीय संविधान केवल एक दस्तावेज नहीं बल्कि देश की आत्मा है,जो प्रत्येक नागरिक को अधिकारों और कर्तव्यों का बोध कराता है।


# 90 जोड़ों ने थामा एक-दूजे का हाथ

जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी



मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का भव्य आयोजन मंगलवार को रकेहटी स्थित वरदान पैलेस में बड़े ही उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। सुबह से ही विवाह स्थल पर रौनक बढ़ने लगी थी। परिजन, ग्रामीण और मेहमान धीरे-धीरे परिसर में पहुंचते गए और कुछ ही देर में पूरा स्थल उत्सवी माहौल में सराबोर हो गया। रंग-बिरंगी सजावट, ढोल-नगाड़ों की गूंज और बैंड-बाजे की धुनों ने शादी समारोह को और भी आकर्षक बना दिया। इसी खुशनुमा वातावरण में 90 जोड़ों ने वैवाहिक बंधन में बंधकर जीवन की नई शुरुआत की। निघासन और रमियाबेहड़ ब्लॉक से क्रमशः 38 और 36 जोड़े तथा नगर पंचायत सिंगाही के दो जोड़े समारोह का हिस्सा बने। कुल 90 जोड़ों में 16 मुस्लिम जोड़े भी शामिल रहे। मुस्लिम जोड़ों का निकाह काजी की मौजूदगी में पूरी सादगी और रीति-रिवाजों के साथ संपन्न कराया गया। वहीं हिंदू जोड़ों का वैदिक विवाह गायत्री परिवार टोली प्रमुख दयाशंकर मौर्य, वेदराम मौर्य, प्रहलाद शर्मा, ज्ञानप्रकाश और सुरेश द्वारा मंत्रोच्चार के बीच संपन्न हुआ। वैदिक मंत्रों की ध्वनि से पूरा परिसर पावन और आध्यात्मिक माहौल में डूब गया। समारोह में विधायक शशांक वर्मा, धौरहरा विधायक प्रतिनिधि रामकुमेश, डीडीओ गजेंद्र प्रताप सिंह, बीडीओ निघासन जयेश कुमार सिंह और बीडीओ रमियाबेहड़ श्रद्धा गुप्ता सहित कई प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे। उनकी देखरेख में पूरा कार्यक्रम शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ। मेहमानों ने व्यवस्थाओं को बेहतर बताते हुए संतोष जताया। विवाह की रस्में पूरी होने के बाद सभी नवदंपतियों को मंच पर बुलाया गया, जहां जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने उन्हें आशीर्वाद दिया। इसके बाद फोटो सेशन शुरू हुआ, जिसमें परिजन अपने नवविवाहित जोड़ों के साथ उत्साहपूर्वक तस्वीरें खिंचवाते नजर आए। पूरे दिन वरदान पैलेस शुभकामनाओं, बधाइयों और ढोल-नगाड़ों की थाप से गूंजता रहा। शाम ढलने तक माहौल में उत्सव का रंग बरकरार रहा। स्थानीय लोगों का कहना था कि इस बार का आयोजन न सिर्फ भव्य था, बल्कि व्यवस्थाओं के लिहाज से भी सराहनीय रहा। साफ-सफाई से लेकर भोजन और सुरक्षा प्रबंधन तक प्रशासन की तैयारी दिखाई दी। बड़े पैमाने पर हुए आयोजन में कहीं कोई अव्यवस्था नजर नहीं आई। समारोह के दौरान पुलिस प्रशासन की व्यवस्था भी चाक-चौबंद रही। सुरक्षा की कमान खुद कोतवाली प्रभारी महेशचंद्र और एसआई दिनेश सिंह ने संभाली। उनके नेतृत्व में पुलिसकर्मी पूरे कार्यक्रम में मुस्तैद रहे।पूरे दिन चले इस आयोजन में 90 जोड़ों का सामूहिक रूप से विवाह क्षेत्र में चर्चा का विषय बना रहा। समारोह के बाद परिजन और मेहमान नवदंपतियों के सुखी भविष्य की कामना करते हुए वापस लौटे।

# अनियंत्रित कार नदी में जा गिरी पांच की मौत, चालक घायल





जन एक्सप्रेस। निघासन खीरी

पढ़ुआ थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेहद दर्दनाक हुआ मंगलवार की आधी रात के बाद एक भयावह सड़क हादसा हुआ जिसमें एक कार अनियंत्रित होकर नदी में जा गिरी। इस हादसे में कार में सवार छह लोगों में से पांच की दर्दनाक मौत हो गई, जबकि चालक घायल है थाना क्षेत्र के गिरजापुरी बैराज से पहले स्थित शारदा सायफन के पास देर रात दिल दहला देने वाला सड़क हादसा हो गया। शादी समारोह से वापस लौट रही एक ऑल्टो कार अनियंत्रित होकर शारदा सायफन में जा गिरी, जिससे कार में सवार पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चालक को गंभीर हालत में बचा लिया गया।पढ़ुआ थाना प्रभारी अभिषेक सिंह के मुताबिक, कार में सवार जितेंद्र पुत्र विपिन बिहारी निवासी घाघरा बैराज, घनश्याम पुत्र बल्लू निवासी घाघरा बैराज, लालजी पुत्र मेवा लाल निवासी सीशियन पुरवा, अजीमुल्ला पुत्र अज्ञात निवासी गिरजापुरी, सुरेंद्र पुत्र विशुसोखा निवासी रामवृक्ष पुरवा थाना सुजौली जनपद बहराइच, लखीमपुर से शादी निपटाकर कार से बहराइच जनपद की तरफ वापस जा रहे थे। रास्ते में शारदा सायफन के पास चालक को गाड़ी चलाते समय नींद की झपकी आने से वाहन नियंत्रण खो बैठा और सीधे सायफन में जा गिरा। सूचना मिलते ही पढ़ुआ चौकी प्रभारी अभिषेक सिंह दल बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और रेस्क्यू अभियान चलाया। कार चालक बबलू पुत्र राजेश निवासी गिरजापुरी थाना सुजौली जनपद बहराइच को पुलिस ने बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार के लिए भेजा, जहां उसकी हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है। जबकि कार में सवार अन्य पांच लोगों की नदी में डूबने से मौत हो गई। पुलिस ने शवों को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए लखीमपुर भेजा। पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस दर्दनाक हादसे के कारणों का पता लगाने के लिए पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है। प्रारंभिक तौर पर कार के अनियंत्रित होने को दुर्घटना का कारण माना जा रहा है,

लेकिन इसके पीछे की वजहों की पड़ताल की जा रही है। स्थानीय प्रशासन ने पीड़ितों के परिवारों के प्रति गहरा दुख व्यक्त किया है और हर संभव सहायता का आश्वासन दिया है।

### डॉ कौशल वर्मा ने गरीब कन्या की शादी में कराई भोजन की व्यवस्था

जन एक्सप्रेस। गोला गोकर्णनाथ खीरी। समाज सेवा के क्षेत्र में निरंतर सक्रिय सनशाइन हॉस्पिटल गोला के संचालक, भाजपा नेता एवं जाने माने समाजसेवी डॉक्टर कौशल वर्मा एवं उनकी टीम ने समाज सेवा की फिर मिसाल बनते हुए आर्थिक रूप से कमजोर परिवार की कन्या की शादी में भोजन एवं नाश्ते की सम्पूर्ण व्यवस्था कराई है। दरअसल छतौनिया के निवासी रामनरेश चक्रवर्ती की पुत्री नैंसी देवी की शादी 25 नवंबर 2025 में कंजा स्थित हनुमान मंदिर से होनी थी। रामनरेश मंदिर पर ही स्वच्छता दूत के रूप में काम करता है। जिसकी आर्थिक स्थिति ठीक ना होने के चलते शादी के एक दिन पहले डॉक्टर कौशल वर्मा से अपनी मुसीबत साझा की थी। जिसे सुनकर डॉक्टर ने शादी में दोनों पक्षों के भोजन आदि की व्यवस्था खुद की टीम द्वारा कराने का निर्णय लिया।

# संविधान दिवस पर कलेक्ट्रेट में गूँजा संवैधानिक मूल्यों का संदेश

## संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता का संकल्प- कलेक्ट्रेट में मनाया गया संविधान दिवस

**जन एक्सप्रेस । उरई**




भारतीय संविधान के प्रति सम्मान, जागरूकता और संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से आज जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संविधान दिवस का भव्य आयोजन किया गया। जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलन और भारत के संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर सहित सभी संविधान निर्माताओं के प्रति श्रद्धांजलि अर्पित करने के साथ हुई। जिलाधिकारी ने अधिकारीगण व कर्मचारीगण के साथ मिलकर संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक रूप से वाचन किया। जिलाधिकारी ने कहा कि संविधान न केवल देश की सर्वोच्च विधिक संरचना है, बल्कि यह भारत की संप्रभुता, एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक मूल्यों का आधार भी है। उन्होंने कहा कि स्वतंत्रता के अमृत काल में हमें संविधान में निहित कर्तव्यों और अधिकारों को संतुलित रूप से समझते हुए राष्ट्र निर्माण में सक्रिय भूमिका निभानी होगी। उन्होंने कहा कि संविधान दिवस केवल एक औपचारिकता नहीं है, बल्कि यह नागरिकों के लिए आत्मचिंतन का अवसर है, क्या हम अपने दायित्वों का पालन कर रहे हैं।उन्होंने युवाओं को विशेष रूप से संदेश दिया कि वे डिजिटल प्रगति, शिक्षा और नवाचार के साथ-साथ अपने संवैधानिक दायित्वों के प्रति भी सजग रहें, क्योंकि भारत का भविष्य युवा शक्ति के हाथों में है।.उन्होंने कहा कि संविधान दिवस हमें उस गौरवशाली संघर्ष की याद दिलाता है, जिसके परिणामस्वरूप हमें एक सर्वाधिक प्रगतिशील, समावेशी और लोकतांत्रिक संविधान प्राप्त हुआ। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे समाज में शांति, सद्भाव और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखते हुए अपने अधिकारों का उपयोग और कर्तव्यों का पालन करें। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, एडीएम नमामि गंगे प्रेमचंद मौर्य आदि अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर की माँग

**उरई/जालौन।** राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक व नगर इकाई जालौन के संयुक्त प्रतिनिधिमंडल ने नगर अध्यक्ष हिमांशु पुरवार के नेतृत्व में उपजिलाधिकारी हेमंत पटेल को ज्ञापन सौंपा। नगर अध्यक्ष हिमांशु पुरवार ने कहा कि शासनादेश के अनुसार नगर की अर्हकारी सीमा के बाहर 8 किमी. की दूरी तक स्थित विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों व कर्मचारियों को नगरीय एचआरए देय है। नगर महामंत्री कल्पना बाजपेई ने बताया कि खंड शिक्षा अधिकारी ने एसडीएम को 4 नवंबर को पत्र भेजकर विस्तारित नगरीय सीमा के अनुसार नगरीय एचआरए की अनुमन्यता वाले विद्यालयों की सूची मांगी है। नगर कोषाध्यक्ष पवन प्रजापति ने कहा कि शासनादेश के अनुसार नगरीय सीमा से 8 किमी संपर्क मार्ग की सीमा में आने वाले विद्यालयों को सूची में शामिल करने से अधिकांश शिक्षक/कर्मचारी नगरीय एचआरए से आच्छादित हो सकेंगे। प्रतिनिधिमंडल में प्रदेशीय मीडिया प्रभारी बृजेश श्रीवास्तव, जिला महामंत्री इलयास मंसूरी, ब्लॉक अध्यक्ष अखिलेश रजक, ब्लॉक महामंत्री अभिषेक पुरवार, शेख इश्हाक मु0, कपिल द्विवेदी, आलोक गुप्ता, राजेश सक्सेना, अंकुर श्रीवास्तव, मुहम्मद अजीज आदि पदाधिकारी मौजूद रहे।

# मेडिकल कॉलेज में नवजात शिशु सुरक्षा पर जागरूकता कार्यक्रम किया गया

**जन एक्सप्रेस । उरई**




राजकीय मेडिकल कॉलेज के बाल रोग विभाग में बुधवार को नवजात शिशु सुरक्षा एवं स्वास्थ्य के विषय पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नवजात शिशुओं की माताओं के साथ दादी और नानी भी शामिल हुई। विशेषज्ञ चिकित्सकों ने शिशु की देखभाल, पोषण, सुरक्षा और सरकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य प्रो. अरविंद त्रिवेदी ने सरकार द्वारा संचालित मातृ एवं शिशु कल्याण योजनाओं की जानकारी दी और माताओं को इनका लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। बाल रोग विभाग के आचार्य एवं जालौन बाल रोग अकादमी के अध्यक्ष डॉ. जी.एस. चौधरी ने कहा कि नवजात के लिए जन्म के तुरंत बाद और छह माह तक केवल मां का दूध ही सर्वोत्तम आहार है। यह शिशु को पोषण के साथ रोगों से सुरक्षा भी प्रदान करता है। डॉ. दिव्या पिपरिया ने कम वजन और समय से पहले जन्मे शिशुओं के लिए कंगारू मदर केयर (चख्ष्ट) के महत्व पर चर्चा की और बताया कि मां की छाती से त्वचा का संपर्क नवजात के विकास और जीवन रक्षा में बेहद कारगर होता है। डॉ. संतोष कुमार लोधी ने नवजात की सुरक्षा के लिए जरूरी सावधानियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि बच्चे को गर्म रखें, तुरंत मां का दूध पिलाएं, आंखों में काजल न लगाएं और यदि बच्चा दूध न पी रहा हो, अत्यधिक सुस्त हो रहा हो या सांस फूल रही हो तो तुरंत डॉक्टर को दिखाएं। उन्होंने डेंजर साइंस के लक्षणों की भी जानकारी दी। कार्यक्रम मातृ एवं नवजात स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने की एक सराहनीय पहल साबित हुआ।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. छवि जायसवाल ने किया। इस दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रशांत निरंजन, बाल रोग विभाग के डॉक्टर, रेजिडेंट चिकित्सक, एमबीबीएस एवं बीएससी नर्सिंग के छात्र-छात्राएं, नर्सिंग ऑफिसर एवं अन्य स्टाफ मौजूद रहा।

# मतदाता सूची के विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण में लाएं तेजी

**जन एक्सप्रेस । उरई**



जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार विधानसभा क्षेत्रों में संचालित विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण कार्यक्रम की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि मतदाता सूची को अद्यतन व शुद्ध करने के लिए बीएलओ द्वारा घर-घर वितरण किए जा रहे फार्म समय पर जमा करना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने स्पष्ट किया कि बीएलओ द्वारा प्रदान किए गए प्रपत्र यदि निर्धारित समयसीमा में जमा नहीं किए जाते हैं, तो योग्य नागरिक मतदाता का नाम ड्राफ्ट सूची में नहीं होगा, जिसके लिए स्वयं मतदाता ही जिम्मेदार होंगे। जिलाधिकारी ने सभी आमजन से समय से अपने फार्म जमा करने की अपील की है, ताकि सभी पात्र नागरिकों का नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित किया जा सके और कोई भी व्यक्ति मतदान के अधिकार से वंचित न रह जाए। जिलाधिकारी ने यह भी कहा कि निर्वाचन कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण है तथा प्रत्येक योग्य नागरिक को इसमें सक्रिय सहयोग देना चाहिए। बीएलओ के साथ पूर्ण सहयोग कर, अपने फार्म समय पर उपलब्ध कराएं और लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने में भागीदार बनें।

# प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की जिला स्तरीय समिति की बैठक सम्पन्न

**जन एक्सप्रेस । उरई**

कलेक्ट्रेट सभागार में प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की जिला स्तरीय समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय की अध्यक्षता में आयोजित की गई। डॉ. मोहम्मद मुस्तफा, अध्यक्ष कृषि विज्ञान केंद्र ने जनपद के कृषि संबंधी आंकड़े, मृदा स्वास्थ्य, विभिन्न अंतरालों तथा प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना की जनपद में आवश्यकता पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया। उन्होंने बताया कि कृषि विकास के लिए कौन-कौन से क्षेत्रों में सुधार की आवश्यकता है और योजना के माध्यम से कौन से लाभ प्रत्यक्ष रूप से किसानों तक पहुँचाए जा सकते हैं। जिला कृषि अधिकारी गौरव यादव ने भारत सरकार से प्राप्त टेम्पलेट के आधार पर तैयार किए गए डिस्ट्रिक्ट एक्शन प्लान का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया। उन्होंने बताया कि योजना की गाइडलाइन के अनुसार कृषि विभाग तथा अन्य संबद्ध विभागों द्वारा किए जाने वाले कार्य एवं आगामी वर्षों का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।।जिलाधिकारी ने बैठक में उपस्थित सभी विभागों के अधिकारियों से विभागवार योजनाओं पर गहन चर्चा की तथा स्पष्ट निर्देश दिए कि प्रत्येक विभाग अपनी छह वर्षीय कार्ययोजना निर्धारित प्रारूप में तैयार कर दो दिवस के भीतर उप कृषि निदेशक को हार्ड और सॉफ्ट कॉपी में उपलब्ध कराए। उन्होंने उप कृषि निदेशक को निर्देशित किया कि सभी विभागों से प्राप्त प्रस्तावों को संकलित कर योजना को अंतिम रूप दिया जाए और उसके बाद संपूर्ण प्रस्ताव कृषि निदेशालय को त्वरित रूप से भेजा जाए।जिलाधिकारी ने कहा कि प्रधानमंत्री धन धान्य कृषि योजना का प्रभाव तभी दिखेगा जब सभी विभाग समयबद्ध और समन्वित रूप से कार्य करेंगे।योजना के प्रभावी क्रियान्वयन से जनपद के किसानों को नवीन सुविधाओं का लाभ मिलेगा, कृषि की उत्पादकता बढ़ेगी और किसानों की आय में वृद्धि सुनिश्चित होगी। इस अवसर मुख्य विकास अधिकारी, परियोजना निदेशक डीआरडीए, उप कृषि निदेशक, अधिशासी अभियंता वेतवा नहर प्रखण्ड प्रथम, अग्रणी जिला प्रबंधक इंडियन बैंक, कृषि विज्ञान केंद्र के अध्यक्ष, जिला विकास प्रबंधक नाबार्ड, उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, राजकीय संस्थान के प्रतिनिधि, आईटीआई उरई के प्रधानाचार्य तथा कृषि से संबंधित विभागों के अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## संविधान दिवस पर जिला कारागार में बंदियों को दिलाई गई शपथ, वितरित किए गए गर्म वस्त्र



**जन एक्सप्रेस । उरई**

संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार को जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय व पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार द्वारा जिला कारागार का भ्रमण कर बंदियों को संविधान की शपथ दिलाई गई। अधिकारियों ने बंदियों को मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों तथा संवैधानिक मूल्यों के पालन का संकल्प दिलाते हुए उन्हें समाज की मुख्यधारा में सम्मानपूर्वक पुनर्वास के लिए प्रेरित किया। ठंड से बचाव हेतु सभी बंदियों को जैकेट वितरित की गई। इस अवसर पर कारागार परिसर का निरीक्षण भी किया गया। जिसमें सुरक्षा व्यवस्था, स्वच्छता, स्वास्थ्य सेवाओं एवं बंदियों की दैनिक व्यवस्थाओं का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि संवैधानिक मूल्यों के प्रति जागरूकता और मानवीय दृष्टिकोण से बंदियों के पुनर्वास की दिशा में निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जेल अधीक्षक नीरज देव आदि सहित सम्बंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करना चाहिए : डीएम



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर स्वामी विवेकानन्द सभागार में डीएम अनुनय झा ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को भारतीय संविधान संकल्प की शपथ दिलायी। उन्होनें कहा कि हमें भारत के संविधान में दिए गए मूल कर्तव्यों का पालन करना चाहिए और देश में संप्रभुता, अखण्डता की रक्षा करनी चाहिए। उन्होनें कहा कि दुनिया भर के तमाम संविधानों को बारीकी से देखने-परखने के बाद डॉ. अंबेडकर ने भारतीय संविधान का मसौदा तैयार कर कर 26 नवंबर 1949 को इसे भारतीय संविधान सभा के समक्ष लाया गया। इसी दिन संविधान सभा ने इसे अपना लिया। यही वजह है कि देश में हर साल 26 नवंबर को संविधान दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि कहा कि हम भारत के लोग, भारत को एक सम्पूर्ण प्रभुत्व-संपंन, सामाजवादी, पंथनिरपेक्ष लोकतंत्रात्मक गणराज्य बनाने के लिए उसके समस्त नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक न्याय, विचार, अभिव्यक्ति, विश्वास, धर्म और उपासना की स्वतंत्रता, प्रतिष्ठा और अवसर की समता प्राप्त कराने के लिए उन सब में व्यक्ति की गरिमा और अखण्डता सुनिश्चित करने वाली बंधुता बढ़ाने के लिए दृढसंकल्प होकर भारत के संविधान को अंगीकृत, अधिनियमित और आत्मार्पित करते हैं, इस संकल्प/शपथ को सभी ने हाथ उठाकर दोहराया। इस अवसर पर सीडीओ सान्या छाबड़ा एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी व अन्य अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## एसिड पीने से युवती की बिगड़ी तबियत, अस्पताल में भर्ती



**जनएक्सप्रेस/हरपालपुर।** कोतवाली क्षेत्र के पलिया गांव निवासी एक बिटिया ने अपने ससुराल में एसिड पी लिया हैं।हालत गंभीर होने पर परिजनों ने उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया हैं।

जानकारी अनुसार हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के पलिया गांव निवासी सद्दीक की।पुत्री रीना की शादी लगभग चार साल पहले फर्रुखाबाद जनपद के राजेपुर थाना क्षेत्र के मोकुलपुर गांव निवासी एक युवक से हुई थी। पीड़िता के पिता ने सद्दीक का आरोप हैं कि शादी के बाद से ही ससुराल वाले बिटिया को दहेज की अतिरिक्त मांग को लेकर उसे आए दिन लगातार प्रताड़ित कर रहे थे।उनका आरोप हैं कि हाल ही में रीना का अपने जेठ और जेठानी से झगड़ा हो गया था। इसके बाद उसने घर में रखा एसिड पी लिया, जिससे उसकी हालत गंभीर हो गई। ससुराल वालों ने उसे घर के बाहर निकाल दिया।घटना की जानकारी मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे घर ले आए।बुधवार को हालत गंभीर होने पर परिजनों हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र हरपालपुर में भर्ती कराया,जहां उसका सीएचसी के डॉक्टर के द्वारा उपचार किया जा रहा है।

## तहसील प्रशासन ने चलाया ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान



**जन एक्सप्रेस । हरदोई**

विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दृष्टिगत विधान सभा 156 हरदोई के ग्रामीण क्षेत्रों में तहसील प्रशासन द्वारा विशेष अभियान चलाया गया जहाँ सभी ग्राम पंचायतों में विशेष कैम्प लगाकर स्ढ्ढक्र फॉर्म को भरने, भरकर जमा करने या फॉर्म प्राप्त ना होने की स्थिति में फॉर्म प्राप्त करने की व्यवस्था सुनिश्चित की गई। ग्रामीण क्षेत्र के मतदाताओं से विशेष अपील करने के लिए श्वक्रह्र 156 हरदोई विधानसभा सुशील कुमार मिश्रा द्वारा बीएलओ और क्चरु द्वारा लगाये गए कैम्प का निरीक्षण किया गया। सभी क्चरुह्र को प्रत्येक गणना प्रपत्र का शत प्रतिशत वितरण और दैनिक रूप से भरे हुए प्रपत्रों को एकत्र कर डिजिटाइज करने हेतु निर्देशित किया गया साथ ही सभी ग्रामीण मतदाताओं से आगे आकर फॉर्म जो उनके पास लंबित है तत्काल भरकर बीएलओ को उपलब्ध कराने हेतु अपील की गई।

## डीएम ने मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के साथ की बैठक




**जनएक्सप्रेस/हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी अनुनय झा की अध्यक्षता में आहूत बैठक में मान्यता प्राप्त/राज्यीय राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एसआईआर के सम्बन्ध मे चर्चा की। उन्होने ने बताया कि बीएलओ के द्वारा घर-घर जाकर मतदाता गणना प्रपत्र उपलब्ध करा रहे हैं। उन्होंने राजनैतिक दलों से कहा कि अपने-अपने बीएएलए बीएलओं से सम्पर्क कर प्रति दिन अधिक से अधिक फार्म लेकर उसे भरकर उन्हे बीएलओं को देना है, जिससे यह कार्य 04 दिसम्बर से पहले पूरा हो जाये। सभी बीएलए की जिम्मेदारी है, कि वो यह बताये कि डेटावाइज बूथ मे कितने फार्म बाटे गये है। इस कार्य मे आप सबका भी सहयोग होना चाहिए। उन्होंने बताया कि सभी बीएलओ को 2003 की सूची उपलब्ध करा दी गई है। इसके अलावा मतदाता स्वयं भी उत्तर प्रदेश चुनाव आयोग की वेबसाइट या किसी जन सेवा केंद्र के माध्यम से यह जानकारी चेक कर सकते हैं। बैठक में एडीएम न्यायिक प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, प्रभारी जिला सूचना अधिकारी दिव्या निगम आदि संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## आइकू 15 लॉन्च- एंड्रॉयड का अगला-लेवल फ्लैगशिप स्मार्टफोन-पावर, स्पीड और इनोवेशन में बेजोड़

**जन एक्सप्रेस । आगरा**

हाई-परफॉर्मेंस स्मार्टफोन ब्रांड आइकू ने आज अपने इस साल के प्रीमियम फ्लैगशिप स्मार्टफोन आइकू 15 को लॉन्च कर दिया। बेहतरीन हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर फीचर्स से लैस आइकू 15 एक ऐसा दमदार फोन है, जिसे खास तौर पर उन युवा प्रोफेशनल्स के लिए बनाया गया है जो अपने स्मार्टफोन से ज़्यादा उम्मीदें रखते हैं-चाहे बात काम की हो, सोशलाइजिंग की या फिर एंटरटेनमेंट की।आइकू के सीईओ, निपुन मार्या ने नए प्रीमियम फ्लैगशिप आइकू 15 के बारे में बात करते हुए, कहा कि आइकू 15 एक बड़ा कदम है, जिसे कामकाजी प्रोफेशनल्स और उन यूज़र्स के रियल कंस्यूमर फीडबैक के आधार पर बनाया गया है, जो बिना किसी समझौते के परफॉर्मेंस की उम्मीद रखते हैं। हर हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर फीचर को सोच-समझकर डिज़ाइन किया गया है ताकि यह एक ट्रूली प्रीमियम फ्लैगशिप एक्सपीरियंस दे सके और स्पीड, पावर और इनोवेशन की सीमाओं को आगे बढ़ा सके-वे वैल्यूज़ जो हमेशा से आइकू को परिभाषित करती रही हैं। हमें विश्वास है कि यूज़र्स आइकू 15 को एक कंप्लीट पैकेज के रूप में देखेंगे, जो उनके फास्ट-पेस्ड, मॉडर्न लाइफस्टाइल को सहजता से सपोर्ट करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। स्मार्टफोन्स, एक्सेसरीज़ और पोस्ट पर्चेज़ सर्विसेज़ के कैटेगरी लीडर तनमय शाह, ने कहा, आइकू 15 फ्लैगशिप स्मार्टफोन इनोवेशन की नेक्स्ट जेनरेशन को दर्शाता है, जो कटिंग-एज टेक्नोलॉजी और प्रीमियम परफॉर्मेंस को एक साथ लाता है, जिसका भारतीय कंस्यूमर लंबे समय से इंतजार कर रहा था।

# जन सुनवाई मे जिलाधिकारी ने सुनी 109 शिकायते

**जन एक्सप्रेस । हरदोई**



जन सुनवाई के दौरान डीएम अनुनय झा ने आमजन की समस्याओं को सुना। जन सुनवाई मे आज कुल 109 शिकायते प्राप्त हुई, जिसके त्वरित निस्तारण के निर्देश सम्बन्धित को दिए। आज जन सुनवाई में एक महिला को निराश्रित महिला पेंशन योजना, एक राशन तथा एक दिव्यागं पेशंन योजना से जोड़ा गया। जन सुनवाई में शिकायतों के निस्तारण के साथ ही लोगों को जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी दिया जाता है।डीएम ने कहा कि प्रत्येक शिकायत का निस्तारण समयबद्व और गुणावत्तापूर्ण ढंग से हो। उन्होंने समस्त उपजिलाधिकारियों को निर्देशित किया कि राजस्व कर्मी एवं ग्राम प्रधानों के माध्यम से निगरानी रखकर पराली जलाने की घटनाओं पर तत्काल कार्यवाही सुनिश्चित की जाये। राजस्व विभाग के अधिकारियों से कहा कि उत्तराधिकार का कोई भी प्रकरण लंबित न रखें तथा कृषक दुर्घटना बीमा योजना के किसी आवेदन को लंबित न रखा जाये। इस अवसर पर नगर मजिस्ट्रेट सुशील कुमार त्रिवेदी व अन्य सम्बन्धित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## डाबर च्यवनप्राश ने डिजिटल इम्यूनिटी स्कोर असेसमेंट के साथ 'सिस्टमैटिक इम्यूनिटी प्लान' (एस.आई.पी.) कैंपेन लॉन्च किया

**जन एक्सप्रेस । कानपुर**

भारत की सबसे बड़ी विज्ञान पर आधारित आयुर्वेद कंपनी, डाबर इंडिया लिमिटेड ने अपने खास स्वास्थ्य उत्पाद, डाबर च्यवनप्राश के लिए एक नया और बेहतरीन स्वास्थ्य अभियान शुरू करने की घोषणा की है, जिसका नाम है सिस्टमैटिक इम्यूनिटी प्लान। डाबर च्यवनप्राश का सिस्टमैटिक इम्यूनिटी प्लान एक आसान मगर पूरी योजना है जिसके चार मुख्य हिस्से हैं। यह लोगों को रोज़ाना अच्छी आदतें डालकर अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) मजबूत बनाने के लिए प्रेरित करती है। इस प्लान में अच्छी सेहत के तीन ज़रूरी चीज़ें शामिल हैं- संतुलित खाना, रोज़ाना कसरत करना, और वैज्ञानिक रूप से फायदा पहुँचाने के लिए रोज़ाना दो चम्मच डाबर च्यवनप्राश खाना। इसका चौथा और सबसे ज़रूरी हिस्सा है अपनी इम्यूनिटी की जाँच करना और उस पर नज़र रखना। इसके लिए एक नया डिजिटल टूल लाया गया है जो बताता है कि आपकी इम्यूनिटी कैसी है और आप इसे कैसे सुधार सकते हैं। यह प्लान सिखाता है कि अच्छी इम्यूनिटी बनाना कोई एक दिन का काम नहीं, बल्कि रोज़ाना और लगातार करने वाला काम है। डाबर च्यवनप्राश का सिस्टमैटिक इम्यूनिटी प्लान स्वास्थ्य के प्रति हमारी पूरी लगन को दर्शाता है। रोग प्रतिरोधक क्षमता (इम्यूनिटी) बनाना केवल एक दिन का प्रयास नहीं, बल्कि एक दैनिक अभ्यास है। हमने डाबर च्यवनप्राश में मौजूद आयुर्वेद के सदियों पुराने ज्ञान को, जिसमें आँवला, गिलोय और अश्वगंधा जैसी 40 से अधिक शक्तिशाली जड़ी-बूटियाँ शामिल हैं, आधुनिक डिजिटल तकनीक के साथ जोड़ा है। यह नया इम्यूनिटी स्कोर

# डीएम ने मेडिकल कॉलेज का किया निरीक्षण, व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने का निर्देश

## दवा स्टॉक रूम में अव्यवस्था पर फार्मासिस्ट के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई का निर्देश

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जनपद में बुधवार को डीएम शिव सहाय अवस्थी द्वारा डा. सोने लाल पटेल स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कालेज) का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान डीएम ने मेडिकल कालेज के विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से उनके स्वास्थ्य एवं मिलने वाली सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होने मेडिकल कालेज में रजिस्ट्रेशन काउन्टर, ओपीडी, लैब, सीटी स्कैन, आईसीयू, फिजियोथैरिपी, अल्ट्रासाउण्ड, ब्लड सेन्टर आदि का गहन निरीक्षण किया और वास्तविक स्थिति की फीडबैक प्राप्त की। उन्होने विभिन्न वार्डो में भर्ती मरीजों से वार्ता की और उनके स्वास्थ्य, उपचार, व्यवस्था तथा उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की। उन्होने निर्देशित किया कि मरीजों को गुणवत्तापूर्ण ईलाज व सेवा व्यवस्था में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दास्त नहीं की जायेगी। डीएम ने दवाओं के स्टाक रूम का निरीक्षण कर दवाओं की उपलब्धता की जानकारी ली तो बताया गया कि 286 दवाओं में से 260 दवाओं की उपलब्धता बतायी गयी, डम्ब दवाओं का रख-रखाव सहीं ढंग से न पाये जाने व स्टाक रूम में दवायें डम्प मिलने पर डीएम ने चीफ फार्मासिस्ट कैलाश नाथ व फार्मासिस्ट बृज किशोर श्रीवास्तव को कड़ी फटकार लगायी और सम्बन्धित के विरूद्ध विभागीय कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। मुख्य चिकित्साधिकारी को निर्देशित किया कि दवाओं के स्टाक रूम की विभागीय आडिट टीम गठित कर जांच करायी जाये और तीन दिवस के अन्दर रिपोर्ट उपलब्ध करायी जाये। रजिस्ट्रेशन काउंटर और ओपीडी में मरीजों की अधिक भीड़ को देखते हुए जिलाधिकारी ने भीड़ नियंत्रण के लिये टोकन सिस्टम लागू करने तथा मरीजों के बैठने और प्रतीक्षा क्षेत्र की व्यवस्था सुदृढ़ की जाये ताकि किसी भी मरीज को असुविधा न हो। निरीक्षण के दौरान मुख्य चिकित्साधिकारी डा. ए एन प्रसाद, सीएमएस डा. शैलेन्द्र कुशवाहा व स्वास्थ्य विभाग अधिकारी व डाक्टर उपस्थित रहे।

## संविधान की रक्षा का संकल्प दिलाकर मनाया संविधान दिवस

**जन एक्सप्रेस/महराजगंज।** पं. दीनदयाल इंटर कॉलेज में मंगलवार को संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एवं संस्था के संस्थापक विजय बहादुर सिंह ने कहा कि लोकतंत्र की आत्मा उसका संविधान होता है। संविधान के उद्देश्यों और नियमों का पालन किए बिना कोई भी लोकतांत्रिक व्यवस्था पूर्ण नहीं हो सकती। देश की समृद्धि और गौरव संविधान की मर्यादा को बनाए रखने में निहित है। इस अवसर पर छात्रों को संविधान की अखंडता बनाए रखने की शपथ भी दिलाई गई। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कॉलेज के प्रधानाचार्य डॉ. शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने कहा कि भारतीय संविधान सर्वोच्च कानून है, जो देश को संप्रभु, समाजवादी, धर्मनिरपेक्ष, लोकतांत्रिक गणराज्य घोषित करता है। उन्होंने कहा कि संविधान सभी नागरिकों को न्याय, स्वतंत्रता और समानता की गारंटी देता है।

संविधान दिवस पर छात्र-छात्राओं के बीच भाषण एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें अली हुसैन अंसारी ने प्रथम, अंकित पासवान ने द्वितीय तथा अमन जायसवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में तनू वर्मा, चांदनी कन्नौजिया, मातंगी, अमन, दसविजय, प्रतीक जायसवाल सहित अनेक छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। वहीं शिक्षक आनन्द प्रकाश राव, जितेन्द्र वर्मा, अनिल यादव, शिवेन्द्र कुमार आदि ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग दिया।

# जनता की समस्याओं को सुन एसपी ने दिया निस्तारण का निर्देश



जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़

जिले में बुधवार को एसपी दीपक भूकर ने अपने कार्यालय में जनसुनवाई कर लोगों की समस्या का निस्तारण किया और इसके साथ ही निर्देश दिया कि थाना प्रभारी थाने पर आने वाले फरियादियों की समस्या को गंभीरता से लेकर उसका निस्तारण करें। प्रत्येक शिकायत पर तथ्यों का अवलोकन करते हुए संबंधित राजपत्रित अधिकारियों एवं थाना प्रभारियों को निष्पक्ष, गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। पुलिस अधीक्षक प्रतापगढ़ द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए तथा पीड़ित पक्ष को न्याय दिलाने के उद्देश्य से प्रत्येक प्रकरण का निस्तारण पारदर्शी एवं परिणामोन्मुख हो। उन्होंने थानों से आने वाले लोगों की समस्याओं को सुना और कुछ मामलों में संबंधित को आदेशित कर तत्काल कार्रवाई करने को कहा। थाना प्रभारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। कहा कि थाने पर किसी भी फरियादी के आने पर उसकी बातों को सुना जाए और तत्काल प्रार्थना पत्र लेकर उसे पर उचित कार्रवाई हो। कार्यालय में जनसुनवाई के दौरान एसपी के साथ अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलेन्द्र लाल एवं अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी बृजनन्दन राय भी मौजूद रहे।

# पटरियों पर दुकानदारों का कब्जा, जाम से लोग परेशान

जन एक्सप्रेस । देवरिया



शहर में अतिक्रमण के चलते राह चलना मुश्किल हो गया है। शहर की कई पटरियों पर दुकानदारों ने कब्जा जमा लिया है। इससे राहगीरों को काफी परेशानी हो रही है। नगरपालिका की कार्रवाई के बाद भी दुकानदार अपनी आदत से बाज नहीं आ रहे हैं। शहर में रामलीला मैदान रोड पहले से ही संकरा है। इस रोड पर बड़े माल और दुकानें खुल गईं हैं। इसके अलावा कोऑपरेटिव चौराहे से लेकर अंदर हनुमान मंदिर तक दोनों तरफ पटरियों पर कब्जा है। बैंक से अंदर सौ मीटर तक दोनों तरफ पटरियों पर दुकानें सजी हैं। इससे दो चारपहिया वाहनों का आमने-सामने निकलना मुश्किल हो जाता है।

आगे बढ़ने पर पटरियां पार्किंग के तौर पर प्रयोग की जाती हैं। हनुमान मंदिर पर सीसी रोड के दोनों तरफ सब्जी वाले पटरी पर बैठते हैं। हनुमान मंदिर चौराहे से दक्षिण ठेले वाले कब्जा किए रहते हैं। इससे राहगीरों को मुश्किल होती है। खासकर पैदल चलने वाले यहां पटरी की बजाय पक्की सड़क पर चलते हैं। इससे वाहनों से ठोकर लगने का भय बना रहता है।

दूसरी तरफ सिविल लाइन में कलक्ट्रेट के सामने से लेकर भटवलिया और रुद्रपुर मोड़ तक पटरी ठेले वाले और रामनाथ देवरिया के सामने सब्जी वाले पटरी पर अपनी दुकान सजाते हैं। खरीदार पक्की सड़क पर फोरलेन पर खड़े होकर सामान खरीदते हैं। यह सब रोजमर्रा की बात है। इनको हटाने के प्रयास निष्फल साबित हो रहे हैं।

## फुटेज देख ग्रामीणों ने घेराबंदी कर बाइक चोर को दबोचा, किया पुलिस के हवाले

**जन एक्सप्रेस प्रतापगढ़।** जिले के रानीगंज थाना इलाके के अड़ार गांव निवासी जे पी सिंह जामताली बाजार में चाय नाश्ते की दुकान चलाकर परिवार का भरण पोषण करते हैं। मंगलवार को देर शाम वह बाइक से बाजार में सामान खरीदने गये थे। दुकान पर बाइक खड़ी कर वह सामान खरीद रहे थे कि तभी मौका पाकर बाइक चोर उनकी बाइक लेकर फरार हो गया। इतने में जब वह सामान खरीदकर बाहर आये तो देखा बाइक मौके से गायब थी। उन्होंने तत्काल दुकानदार के सीसीटीवी फुटेज में देखा तो एक अंजान युवक उनकी बाइक लेकर जामताली से दिलीपपुर की तरफ जाता दिखाई दिया। आननफानन में वहां मौजूद लोग बाइक चोर को पकड़ने के लिए चारों तरफ से घेराबंदी करना शुरू कर दिए। इसी बीच ग्रामीणों को आता देख चोर हड़बड़ा कर रानीगंज थाना क्षेत्र के जामताली दिलीपपुर रोड पर श्रीपुर गांव के समीप खाई में बाइक समेत असंतुलित होकर पलट गया। ग्रामीणों ने चोर को पकड़कर पुलिस को सूचना दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आरोपी बाइक चोर को हिरासत में लेते हुए बाइक समेत चोर को थाने ले गई। लोगों की मानें तो पकड़ा गया आरोपी मुजफ्फरनगर का रहने वाला है और वह फेरी लगाने का काम करता है। थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक चोरी के आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जा रही है।

# मिशन शक्ति फेज़- 5 एसपी द्वारा स्कूल में महिला सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



जिले के थाना कोतवाली देहात अंतर्गत स्थित संस्कार ग्लोबल स्कूल में बुधवार को मिशन शक्ति फेज- 5 के तहत एसपी दीपक भूकर द्वारा व्यापक महिला सुरक्षा एवं जन-जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि जिले के प्रत्येक थानों पर 'मिशन शक्ति केन्द्र' स्थापित किए गए हैं, जिन पर समर्पित प्रभारी अधिकारी तैनात किए गए हैं। इन केंद्रों पर महिला संबंधी किसी भी प्रकार की शिकायत, उत्पीड़न, हिंसा, दहेज, छेड़छाड़, साइबर अपराध आदि को त्वरित संज्ञान में लेकर तत्काल विधिक कार्यवाही सुनिश्चित की जाती है। साथ ही महिला सुरक्षा, सम्मान एवं आत्मनिर्भरता को सुनिश्चित करने हेतु मिशन शक्ति अभियान की महत्ता पर विस्तृत प्रकाश डालते हुए बताया कि पुलिस विभाग महिलाओं से सम्बन्धित शिकायतों पर संवेदनशीलता, तत्परता और पारदर्शिता के साथ कार्यवाही के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि मिशन शक्ति टीम द्वारा जिले भर में सभी थाना क्षेत्र में निरंतर भ्रमणशील रहकर विद्यालयों एवं कॉलेजों, बाजारों एवं सार्वजनिक स्थानों, भीड़-भाड़ वाले चौराहों, ग्रामीण क्षेत्रों एवं चौपालों में विशेष जागरूकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं। मिशन शक्ति व एण्टी रोमियो टीम द्वारा सुरक्षा संबंधी जानकारी, हेल्पलाइन नंबरों का प्रचार-प्रसार तथा महिला सुरक्षा हेतु उपलब्ध सरकारी संसाधनों की जानकारी प्रदान करते हुए पम्पलेट वितरण कर व्यापक जन-जागरूकता विकसित की जा रही है। संस्कार ग्लोबल स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में महिलाओं व बालिकाओं को महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही महिला स्वावलंबन एवं आर्थिक सशक्तिकरण से जुड़ी प्रमुख सरकारी योजनाओं की भी जानकारी दी गई। जागरूकता कार्यक्रम में एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय, क्षेत्राधिकारी लाइन शिवनारायण वैस, थाना प्रभारी कोतवाली देहात पुष्पराज सिंह, थानाध्यक्ष महिला थाना मीनाक्षी एवं एंटी रोमियो/मिशन शक्ति टीम के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

# संविधान दिवस: एसपी ने पुलिसकर्मियों को दिलाई सत्य निष्ठा की शपथ

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में बुधवार को एसपी कार्यालय पर संविधान दिवस के मौके पर एसपी दीपक भूकर ने पुलिसकर्मियों को देश की एकता व अखंडता बनाए रखने की शपथ दिलाई। उन्होंने ने संविधान की प्रस्तावना एवं मौलिक कर्तव्यों की जानकारी प्रदान कर संविधान में निहित मूल्यों, आदर्शों, उद्देशिका को स्मरण कराते हुए पुलिसकर्मियों को निष्पक्षता, निष्ठा और ईमानदारी से संवैधानिक दायित्वों के निर्वहन का संकल्प दिलाया। संविधान निर्माताओं के योगदान, मूल अधिकारों एवं मौलिक कर्तव्यों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि संविधान केवल एक कानूनी दस्तावेज नहीं बल्कि देश की आत्मा है जिसे आत्मसात करना आवश्यक है। संविधान प्रत्येक नागरिक और पुलिसकर्मी को न्याय, स्वतंत्रता, समानता एवं बंधुत्व के सिद्धांतों का पालन करने हेतु मार्गदर्शन प्रदान करता है। उन्होंने यह भी उल्लेख किया कि संविधान दिवस हमें अपने कर्तव्यों के प्रति अधिक सजग, उत्तरदायी एवं संवेदनशील बनने की प्रेरणा देता है। एसपी ने कहा कि हम सभी को संविधान का पालन करना चाहिए तथा आम लोगों को भी संवैधानिक नियमों से अवगत कराना हम सब का फर्ज बनता है। उन्होंने पुलिस पब्लिक के बीच संवैधानिक तथ्यों के तहत मधुर संबंध बनाने की बात कही ताकि लोगों में पुलिस प्रशासन पर अटूट आस्था बनी रहे। इस अवसर पर एएसपी पूर्वी शैलेन्द्र लाल, एएसपी पश्चिमी बृजनन्दन राय, सहायक पुलिस अधीक्षक (सीओ सिटी) प्रशान्त राज, सहित पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी व पुलिसकर्मी समेत कार्यालय स्टाफ उपस्थित रहा। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सभी अधिकारियों व कर्मचारियों द्वारा संविधान की सर्वोच्चता बनाए रखने, विधि-व्यवस्था को सुदृढ़ करने, मानवाधिकारों का संरक्षण करने तथा अपने दैनिक कर्तव्यों का निष्पक्ष, निष्ठापूर्वक एवं पारदर्शी ढंग से निर्वहन करने का संकल्प दोहराया गया।

## एक की जमानत के लिए दिए दस्तावेज, 40 की हो गई जमानत

जन एक्सप्रेस । कुशीनगर

जिले के रास्ते होने वाली पशु तस्करी की खेल पर रोक लगाने के लिए पुलिस ने अपनी मुहिम तेज कर दी है। उनके रडार पर जमानतदार और तस्करों को शरण देने वाले हैं।

सत्यापन के बाद कार्रवाई के जद में आए चार जमानतदारों ने पूछताछ में पुलिस को बताया कि वह केवल एक बार जमानत के लिए आधार कार्ड और फोटो दिए थे, लेकिन 35 और 40 बार कैसे मेरे नाम पर जमानत हुई है, इसकी जानकारी नहीं है।

आरोप है कि कसया थाने के कुछ लोग पशु तस्करों को जमानत दिलाने में मोटी रकम लेकर ऐसा फर्जीवाड़ा कर कोर्ट को गुमराह किए हैं। इसके अलावा जमानत से पहले कागजातों की जांच करने वाले राजस्वकर्मी भी सवालों के घेरे में हैं। जिनकी भूमिका की जांच भी की जा रही है।

# सड़क दुर्घटना: साइकिल सवार को बचाने में दरोगा घायल

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़




जिले में कंधई थाने पर तैनात उप निरीक्षक पवन कुमार यादव मंगलवार शाम एक सड़क दुर्घटना में घायल हो गए।

मिली जानकारी के अनुसार गाजीपुर जिले के पवन कुमार यादव कंधई थाने में उप निरीक्षक के पद पर तैनात हैं। वह मंगलवार को तीन दिन की छुट्टी के बाद अपने घर से बुलेट द्वारा थाने वापस आ रहे थे। जैसे ही आसपुर देवसरा थाना इलाके के आमापुर बाजार पहुंचे तभी एक साइकिल सवार अचानक सड़क पर आ गया। जिससे उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। उसे बचाने के चक्कर में दरोगा बाइक समेत सड़क पर गिर गए और घायल हो गए। दुर्घटना के बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई और सूचना मिलते ही तत्काल पुलिस भी मौके पर पहुंची। उन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उनकी हालत सामान्य बताई जा रही है। कंधई थाना प्रभारी सतेन्द्र कुमार ने बताया कि उप निरीक्षक पवन यादव को तत्काल अस्पताल भेजा गया। उन्होंने पुष्टि की कि उनकी स्थिति अब सामान्य है और उन्हें गंभीर चोटें नहीं आई हैं।

# अजब-गजब: शादी में गहने न लाने पर दूल्हा-परिजनों को बनाया बंधक

जन एक्सप्रेस । प्रतापगढ़



नवाबगंज थाना क्षेत्र में एक अजीबोगरीब मामला सामने आया है। जहां शादी में गहने कम लाने पर दुल्हन पक्ष के लोगों ने दूल्हे और उसके परिजनों को ही बंधक बना लिया।

मिली जानकारी के नबाबगंज थाना इलाके के कुसवापुर गांव में सोमवार को जिले के ही महेशगंज थाना इलाके के नगर पंचायत हीरागंज के बलीपुर वार्ड से बारात आई थी। सोमवार रात विवाह की रस्में शुरू हुई। %चढ़ाव% की रस्म के दौरान दुल्हन के लिए गहने कम लाए जाने पर दुल्हन के परिजन नाराज हो गए। गहने को लेकर दोनों पक्षों में कहासुनी शुरू हो गई। जिसके बाद गहने के विवाद को लेकर गांव में पंचायत बुलाई गई। पंचायत में दूल्हा पक्ष से कुल 1,65,000 रुपये देने की बात कही गई लेकिन यह रकम नहीं दी गई। मामले की सूचना मिलने पर नवाबगंज पुलिस मौके पर पहुंची। थाने पर भी दोनों पक्षों में काफी देर तक बातचीत होती रही मगर बात नहीं बनी। एसओ नबाबगंज सन्तोष सिंह ने बताया कि दूल्हा पक्ष से तहरीर मिली है। मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जायेगी।

# डीएम ने एसआईआर व फॉर्मर रजिस्ट्री कार्यों का किया निरीक्षण

जन एक्सप्रेस । महराजगंज

जिलाधिकारी सन्तोष कुमार शर्मा ने रविवार को तहसील सदर के ग्राम करमहा पहुंचकर विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) एवं फॉर्मर रजिस्ट्री कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने प्राथमिक विद्यालय करमहा में संचालित एसआईआर कार्यक्रम के तहत बीएलओ द्वारा किए जा रहे फॉर्म वितरण, प्राप्ति और डिजिटाइजेशन की विस्तृत जानकारी ली। विद्यालय परिसर में बूथ संख्या 240 से 246 तक कुल सात बूथों पर डिजिटाइजेशन का कार्य चल रहा था।

बीएलओ कुमुदकामिनी, पुष्पा देवी, द्रौपदी पांडेय, साधना खरवार, इंद्रावती देवी, राशमणी और माया प्रजापति अपने-अपने बूथों का दायित्व संभाल रही थीं। अधिकांश बूथों पर शत-प्रतिशत फॉर्म वितरण पूरा किया जा चुका था, जबकि डिजिटाइजेशन कार्य विभिन्न चरणों में प्रगति पर था।

डीएम ने बूथ संख्या 243 पर अपेक्षाकृत कम डिजिटाइजेशन प्रगति पर नाराज़गी जताते हुए कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए। साथ ही जिन बीएलओ ने 50 प्रतिशत से अधिक डिजिटाइजेशन कार्य पूरा कर लिया था, उन्हें बधाई दी और शेष कार्य समय पर पूर्ण करने को कहा। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिए कि मतदाताओं से संपर्क बढ़ाएं, फॉर्म समय पर जमा कराएं और डिजिटाइजेशन कार्य समानांतर रूप से जारी रखें। उन्होंने कहा कि स्पष्ट और उच्च गुणवत्ता वाली तस्वीरें संलग्न की जाएं तथा आवश्यकता पड़ने पर मोबाइल से फोटो लेकर तत्काल अपलोड किया जाए।



जिलाधिकारी ने कहा कि एसआईआर का मुख्य उद्देश्य त्रुटिरहित, शुद्ध और पारदर्शी मतदाता सूची तैयार करना है, जो लोकतांत्रिक व्यवस्था को मजबूत करती है। कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी, जबकि उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान डीएम ने रैंडम आधार पर मतदाता रामनरेश से फोन पर बात की। संबंधित मतदाता ने फॉर्म प्राप्त होने और जमा करने की पुष्टि की। जिलाधिकारी ने कहा कि किसी भी समस्या पर बीएलओ, सुपरवाइजर, एसडीएम कार्यालय या जिलाधिकारी कार्यालय से सीधे संपर्क किया जा सकता है।

इसके पश्चात जिलाधिकारी ने विद्यालय में ही संचालित फॉर्मर रजिस्ट्री केंद्र का निरीक्षण किया। पंचायत सहायकों ने बताया कि आज 07 किसानों ने फॉर्मर रजिस्ट्री कराई है और अब तक कुल 185 पंजीकरण पूरे हो चुके हैं। डीएम ने मौके पर किसान धुरूप को फॉर्मर रजिस्ट्री की रसीद प्रदान की और अधिक किसानों को इस प्रक्रिया से जोड़ने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि भविष्य में सभी कृषि योजनाओं का आधार फॉर्मर आईडी होगा, इसलिए रजिस्ट्री अवश्य कराएं।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम सदर जितेंद्र कुमार, जिला सूचना अधिकारी प्रभाकर मणि त्रिपाठी, सचिव रामपाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# एनसीसी प्रशिक्षण युवाओं को जीवन के हर क्षेत्र में सफल बनाता है: कर्नल पुष्पेंद्र सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मोहम्मद हसन पीजी कॉलेज, जौनपुर के सौदागर हाल में आज राष्ट्रीय कैडेट कोर (हृष्ट) दिवस एवं संविधान दिवस के अवसर पर एक गरिमामय, प्रेरणादायी और अत्यंत सफल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने की, जबकि 5 यूपी बटालियन के कर्नल पुष्पेंद्र सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे जिन्होंने अपने सम्मानीय आगमन से समारोह की शोभा बढ़ाई।



कार्यक्रम का शुभारंभ उत्साहपूर्ण सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के साथ हुआ, जिनमें विद्यार्थियों ने राष्ट्रभक्ति और भारतीयता की भावना से ओत-प्रोत अद्भुत प्रदर्शन किए। इसके बाद राष्ट्रीय कैडेट कोर के उन कैडेटों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने पूरे वर्ष अनुशासन, सेवाभाव, नेतृत्व क्षमता एवं उत्कृष्ट कार्यों का उदाहरण प्रस्तुत किया। मुख्य अतिथि द्वारा चयनित कैडेट्स को गर्वपूर्वक एवं प्रशस्ति-पत्र प्रदान किए गए। प्रमाणपत्र ग्रहण करते समय कैडेटों के चेहरे पर गर्व, उत्साह और ऊर्जा देखते ही बनती थी। संविधान दिवस के संदर्भ में कार्यक्रम में उपस्थित कैडेट्स ने भारतीय संविधान, मौलिक अधिकारों, कर्तव्यों, लोकतांत्रिक मूल्यों एवं नागरिक आदर्शों पर सारगर्भित विचार रखे। संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन कर सभी ने देश की एकता, अखंडता और लोकतांत्रिक परंपराओं को संरक्षित रखने का संकल्प लिया। मुख्य अतिथि कर्नल पुष्पेंद्र सिंह ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में हृष्ट द्वारा युवाओं में विकसित होने वाली अनुशासन, देशभक्ति, नेतृत्व, आत्मविश्वास, शारीरिक दक्षता एवं करियर संभावनाओं पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हृष्ट केवल प्रशिक्षण संस्था ही नहीं, बल्कि युवाओं के व्यक्तित्व निर्माण का सशक्त माध्यम है, जो जीवन के हर क्षेत्र में सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। प्राचार्य डॉ. अब्दुल कादिर खान ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय के हृष्ट कैडेट्स संस्थान की प्रतिष्ठा और गौरव का प्रतीक हैं। उन्होंने कैडेट्स को मेहनत, अनुशासन और सेवा-भावना को जीवन का स्थायी हिस्सा बनाने के लिए प्रेरित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की हार्दिक शुभकामनाएँ दीं।

कार्यक्रम का संचालन हर्ष ने किया एवं आयोजन समिति ने अत्यंत कुशलता से किया। समारोह के अंत में राष्ट्रगान के साथ आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस मौके पर डॉ जीवन यादव, डॉ.नीलेश सिंह, डॉ,अनुराग यादव, अंकित यादव, आदिति मिश्रा इत्यादि महाविद्यालय परिवार मौजूद रहा।

## खेतासराय में आपत्तिजनक पोस्ट का मामला—पुलिस ने युवक को दबोचा

जन एक्सप्रेस। जौनपुर। थाना खेतासराय पुलिस ने सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट डालने के आरोप में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को गिरफ्तार किया है थानाध्यक्ष खेतासराय के निर्देशन में गठित पुलिस टीम ने बुधवार, 26 नवम्बर 2025 को अब्बोपुर गांव में दबिश देकर आरोपी को हिरासत में लिया। गिरफ्तार युवक की पहचान संदीप कुमार पुत्र रामपलट, निवासी अब्बोपुर, थाना खेतासराय, जौनपुर के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार आरोपी द्वारा सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर ऐसा कंटेंट पोस्ट किया गया था, जो समाज में तनाव व भ्रम फैलाने की आशंका उत्पन्न कर रहा था। मामले को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम तत्काल सक्रिय हुई और उसे पकड़कर थाने लाकर आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक अजय कुमार यादव एवं हेडकांस्टेबल सतेन्द्र कुमार यादव, थाना खेतासराय शामिल रहे। पुलिस ने जनता से अपील की है कि सोशल मीडिया पर भ्रामक, आपत्तिजनक या विधि–विरुद्ध सामग्री साझा करने से बचें।

# कलवारी चौराहे पर हेलमेट वितरण और चालान के जरिए जागरूकता

जन एक्सप्रेस। बस्ती

बढ़ती सड़क दुर्घटनाओं और लगातार हो रही मौतों को देखते हुए कलवारी चौराहे पर बुधवार को बड़ा सड़क सुरक्षा एवं यातायात जागरूकता अभियान चलाया गया। रामजानकी मार्ग के देवदूत, ग्रामीण स्वास्थ्य सेवक वेल्फेयर एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. प्रेम त्रिपाठी के संयोजन और सागर ऑटो पार्ट्स के सहयोग से बड़ी संख्या में लोगों को निःशुल्क हेलमेट वितरित किए गए।



अभियान का उद्देश्य लोगों को सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित करना और यातायात नियमों का पालन अनिवार्य बनाना था। क्षेत्राधिकारी कलवारी प्रदीप कुमार तिवारी, थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि अगौना विजय यादव, डॉ. लाल जी आजाद, डॉ. अनिल कुमार रंजन, मनीष तिवारी सहित बड़ी संख्या में लोग मौके पर मौजूद रहे।

अभियान के दौरान पुलिस ने बिना हेलमेट चल रहे बाइक सवारों का चालान काटा और बाद में उन्हें निःशुल्क हेलमेट पहनाकर सुरक्षित यात्रा का संकल्प दिलाया गया। थानाध्यक्ष गजेन्द्र प्रताप सिंह ने बताया कि अभियान में 42 गाड़ियों से कुल 38 हजार रुपये का चालान किया गया। वहीं 25 लोगों को निःशुल्क हेलमेट दिए गए और यातायात नियमों का पालन करने वाले 50 लोगों को सम्मानित भी किया गया।

कार्यक्रम में संबोधित करते हुए डॉ. प्रेम त्रिपाठी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाएँ केवल आंकड़े नहीं, बल्कि कई परिवारों की पीड़ा बन चुकी हैं। यदि लोग हेलमेट व सीट बेल्ट जैसी साधारण सावधानियाँ अपनाएँ, तो 40-50 प्रतिशत मौतों को रोका जा सकता है।

उन्होंने बताया कि सड़क सुरक्षा को लेकर ऐसे अभियान आगे अन्य जिलों में भी चलाए जाएंगे।

अभियान के बाद स्थानीय लोगों ने इस पहल को सराहते हुए कहा कि ऐसी गतिविधियाँ समय-समय पर चलती रहें, तो सड़क दुर्घटनाओं में बड़ी कमी लाई जा सकती है।

# नव दुर्गा मंदिर के पास अव्यवस्था पर शिवसेना सख्त, प्रशासन को ज्ञापन सौंपा

जन एक्सप्रेस। बस्ती

पुरानी बस्ती थाना क्षेत्र के कान्हा गौशाला के निकट स्थित नव दुर्गा मंदिर के आसपास लगातार बढ़ रही अव्यवस्था, अतिक्रमण और मांसाहारी दुकानों के संचालन को लेकर शिवसेना ने बुधवार को कड़ा रुख अपनाते हुए जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा। जिला प्रभारी पं. प्रमोद पाण्डेय के नेतृत्व में बड़ी संख्या में शिव सैनिक कलेक्ट्रेट पहुंचे और मंदिर क्षेत्र की गरिमा व स्वच्छता बनाए रखने के लिए तत्काल कार्रवाई की मांग की।



शिवसेना ने ज्ञापन में उल्लेख किया कि नव दुर्गा मंदिर बस्तीवासियों की आस्था का प्रमुख केंद्र है, लेकिन मंदिर के ठीक पास मीट, मछली और अण्डे की दुकानें खुलेआम संचालित हो रही हैं। इससे न सिर्फ धार्मिक भावनाएँ आहत हो रही हैं बल्कि पूजा-पाठ करने आने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। मंदिर क्षेत्र के आसपास अतिक्रमण की भरमार और फैलती गंदगी भी लोगों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। शिव सैनिकों ने मांग की कि मंदिर परिसर और आस-पास के इलाके में नगर पालिका विशेष सफाई अभियान चलाए, अवैध अतिक्रमण हटवाया जाए, तथा धार्मिक स्थल के समीप चल रही मांसाहारी दुकानों को तुरंत बंद करवाया जाए। ज्ञापन सौंपने के बाद जिला प्रभारी पं. प्रमोद पाण्डेय ने कहा कि यह धार्मिक स्थल श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है, लेकिन इसके आसपास जिस तरह की स्थिति बनी है, वह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि प्रशासन यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं करता है, तो शिवसेना आंदोलन को बाध्य होगी। शिव सैनिकों ने स्पष्ट किया कि वे मंदिर की पवित्रता और श्रद्धालुओं के सम्मान के लिए किसी भी स्तर तक आवाज उठाने को तैयार हैं। ज्ञापन सौंपने वालों में वरिष्ठ शिव सैनिक शिवेश शुक्ल, जिला प्रमुख आशीष गुप्ता, दिलीप दूबे, सुरेश निषाद, अजय कुमार चौधरी, अमित गुप्ता, विवेक सिंह, सूरज कुमार, सिन्टू कश्यप, मनमोहन कसौधन, राहुल जायसवाल, शम्भू गौड़, विष्णु सोनकर, साहिल सोनकर, ऋषभ सिंह, नरेन्द्र तिवारी, सुनील मिश्र, सर्वजीत मिश्र, भवानी सेना जिलाध्यक्ष अनामिका दूबे, ललिता देवी, प्रभावती देवी, गीता देवी, मुराती देवी, फूलमती, सोनी सिंह, ललिता देवी सहित अनेक शिव सैनिक मौजूद रहे।

## नेशनल तैराकी प्रतियोगिता में मिर्जापुर के दो खिलाड़ी करेंगे प्रदेश का प्रतिनिधित्व

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। मिर्जापुर के दो खिलाड़ी उत्तर प्रदेश की टीम का प्रतिनिधित्व करेंगे। स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के तत्वावधान में 30 नवंबर से पांच दिसंबर तक दिल्ली में 69 वीं राष्ट्रीय विद्यालयीय तैराकी प्रतियोगिता होगी। बुधवार को प्रदेशीय क्रीड़ा संस्थान अयोध्या की ओर से जारी सूची में हरिओम निषाद व जैयलाल श्रीवास्तव के शामिल हैं। मंडलीय क्रीड़ा सचिव राजवन सिंह ने बताया कि चुनार के श्रीशिवाजी नेशनल इंटर कॉलेज हासीपुर के कक्षा 9 के छात्र गांगपुर गांव निवासी हरिओम निषाद चुनार के ईश्वर पट्टी गांव में अपने मामा अंतरराष्ट्रीय तैराक नंदलाल निषाद के घर रहकर पढ़ाई करता है।

# जौनपुर पुलिस का व्यापक जागरूकता अभियान महिला सुरक्षा को नई मजबूती



जन एक्सप्रेस। जौनपुर

उत्तर प्रदेश सरकार की महत्त्वपूर्ण पहल मिशन शक्ति अभियान फेज-5.0 के तहत जनपद जौनपुर में महिला सुरक्षा और जागरूकता को मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस विभाग द्वारा जिलेभर में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। पुलिस अधीक्षक जौनपुर डॉ. कौस्तुभ के निर्देशन में जिले की सभी पुलिस इकाइयाँ महिला हेल्प डेस्क, एंटी रोमियो स्क्वॉड, मिशन शक्ति टीम और बीट पुलिस अधिकारी लगातार फील्ड में सक्रिय रहकर समाज के हर वर्ग तक सुरक्षा का संदेश पहुँचा रही हैं। इस अभियान के तहत पुलिस टीमें स्कूलों, कॉलेजों, बाजार क्षेत्रों, सार्वजनिक स्थलों और ग्रामीण बस्तियों में पहुँचकर महिलाओं व छात्राओं को सुरक्षा उपायों और उपलब्ध सरकारी सेवाओं के बारे में जानकारी दे रही हैं। मिशन शक्ति टीम द्वारा सुरक्षा से जुड़े आवश्यक हेल्पलाइन नंबर भी साझा किए गए। 1090 (वीमेन पावर लाइन), 181 (महिला हेल्पलाइन), 112 (आपातकालीन सेवा), 1076 (सीएम हेल्पलाइन), 102 व 108 (चिकित्सा सेवाएँ), 1930 (साइबर हेल्पलाइन) इसके साथ ही महिला सशक्तिकरण से संबंधित योजनाएँ कन्या सुमंगला योजना, निराश्रित महिला पेंशन, पोषण मिशन, सामूहिक विवाह योजना, बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ, उज्ज्वला योजना और आयुष्मान भारत की जानकारी भी लोगों तक पहुँचाई गई। एंटी रोमियो टीम द्वारा सार्वजनिक स्थानों जैसे धार्मिक स्थल, कोचिंग सेंटर, पार्क और विद्यालयों के आसपास निगरानी रखी जा रही है। अनावश्यक रूप से घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर नियमों के अनुसार आवश्यक कार्रवाई और परामर्श दिया जा रहा है।

जौनपुर पुलिस का कहना है कि मिशन शक्ति फेज-5.0 का उद्देश्य समाज में महिला सुरक्षा के प्रति सकारात्मक वातावरण तैयार करना और जनसहभागिता को मजबूत बनाना है, ताकि हर महिला सुरक्षित, जागरूक और आत्मविश्वास से परिपूर्ण महसूस कर सके।

## एसआईआर की खराब प्रगति पर सुपरवाइजर को हटाया

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

एसडीएम सदर गुलाबचंद्र ने बुधवार को मझवां विधानसभा क्षेत्र के कई बूथों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने एसआईआर की खराब प्रगति पर एक सुपरवाइजर को हटा दिया और एक बीएलओ को कारण बताओ नोटिस जारी किया। पांच कर्मियों को चेतावनी दी। एसडीएम ने पहाड़ी विकास खंड के सिंधोरा, बेलवन, कठिनई. देवाही. पांडेयपुर,. डगमगपु के बूथों का निरीक्षण किया। उधर तहसीलदार सदर डॉ. विशाल शर्मा ने चील्ह कोन और छानबे ब्लॉक के कई बूथों का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण (एसआईआर) के कार्य को गतिशीलता प्रदान कर समय सीमा के अंदर पूर्ण किया जाए। कहा कि एसआईआर कार्य मे शिथिलता बरतने वाले कर्मियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

## भारत के संविधान की ताकत से आतंकवाद कभी नहीं जीत सकता– कृपाशंकर सिंह

जन एक्सप्रेस। जौनपुर



संविधान दिवस पर 2008 में हुए मुंबई हमले को नापाक पाकिस्तान का कायराना कृत्य बताते हुए महाराष्ट्र के पूर्व गृह राज्यमंत्री तथा जौनपुर लोकसभा के पूर्व प्रत्याशी कृपाशंकर सिंह ने कहा कि भारत के संविधान की ताकत से आतंकवाद कभी नहीं जीत सकता। उन्होंने कहा कि संविधान को चुनौती देने वाले सभी आतंकियों का सफाया तथा हमले के मास्टरमाइंड तहव्वुर राणा का प्रत्यर्पण कानून की जीत दिखाती है। कृपाशंकर सिंह ने कहा कि 200 निर्दोष नागरिकों की हत्या के पाप की सजा आतंकियों का घर बन चुका पाकिस्तान भुगत रहा है।

उन्होंने कहा कि संविधान न्याय, सुरक्षा और विश्वास का कवच है। संविधान सामाजिक और आर्थिक न्याय को बढ़ावा देता है और सदियों से चले आ रहे भेदभाव और असमानताओं को पूरी तरह से खत्म करने का कड़ा संदेश देता है।उन्होंने कहा कि संविधान सरकार के लिए एक ढाँचा प्रदान करता है, सरकार के विभिन्न अंगों के बीच शक्तियों का संतुलन बनाता है और नागरिकों के मौलिक अधिकारों की रक्षा करता है। यह देश में कानून की सर्वोच्चता स्थापित करता है, सामाजिक और आर्थिक न्याय को बढ़ावा देता है और राष्ट्रीय एकता को बनाए रखने में मदद करता है।

# जलालपुर पुलिस ने नाजायज गांजा बरामदगी में चार आरोपितों को किया गिरफ्तार

**कुल 3 किलो 995 ग्राम सामग्री जब्त**

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

थाना जलालपुर पुलिस ने नशीले पदार्थों की तस्करी रोकने के लिए अभियान के तहत बड़ी कार्रवाई करते हुए चार आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने कुल 03 किलो 995 ग्राम नाजायज गांजा बरामद किया है। सभी मामलों में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर आगे की विधिक कार्यवाही की जा रही है।



जौनपुर जलालपुर प्रभारी निरीक्षक गजानंन्द चौबे के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर पहली कार्रवाई मझगवां कला नहर-जलालपुर-केराकत मुख्य मार्ग पर की, जहाँ गुलाम रसूल 52 वर्ष निवासी महिमापुर को 1125 ग्राम, तथा खेलावन सरोज 55 वर्ष निवासी ओईना को 600 ग्राम नाजायज गांजे के साथ रात्रि करीब 22¬45 बजे गिरफ्तार किया गया। इस बरामदगी के आधार पर थाना जलालपुर में मु0अ0सं0 431/25 पंजीकृत किया गया। इसी क्रम में पुलिस ने राज कुमार गौतम उर्फ साहब लाल 59 वर्ष, निवासी बराई को 01 किलो 250 ग्राम नाजायज गांजे के साथ पूरेव बैदा नहर पुलिया के पास से लगभग 21¬30 बजे गिरफ्तार किया। इस संबंध में मु0अ0सं0 430/25 दर्ज किया गया।

तीसरी कार्रवाई में पुलिस ने नन्दलाल गौतम 59 वर्ष, निवासी रेहटी उसरहिया को 01 किलो 20 ग्राम नाजायज गांजा के साथ त्रिलोजन बाजार मोड़ के पास से रात करीब 21¬40 बजे गिरफ्तार किया। इस मामले में मु0अ0सं0 429/25 पंजीकृत हुआ। पुलिस के अनुसार एक आरोपित के विरुद्ध पूर्व में भी एनडीपीएस एक्ट से संबंधित एक मामला दर्ज है। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उ0नि0 राजेश राम, उ0नि0 बलवन्ता, उ0नि0 विक्रमा प्रसाद, हे0का0 चन्दन सिंह, हे0का0 आनन्द कुमार, हे0का0 अखिलेश सिंह, का0 कर्मधीर पाल, का0 आलोक कुमार सिंह तथा होमगार्ड प्रदीप दूबे शामिल रहे।

# जौनपुर में संविधान दिवस पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन

## छात्राओं को कानून और अधिकारों की दी जानकारी

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

जौनपुर उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशानुसार और जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर के तत्वावधान में आज राजाराम बालिका इण्टर कालेज, धर्मापुर में विधिक साक्षरता एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम की देखरेख अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश तृतीय/ सचिव पूर्णकालिक, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर प्रशांत कुमार सिंह ने की। शिविर के दौरान प्रशांत कुमार सिंह ने संविधान की प्रस्तावना का वाचन करते हुए इसे संविधान की आत्मा और कुंजी बताया।

उन्होंने संविधान के मूलभूत सिद्धांतों जैसे लोकतंत्र, धर्मनिरपेक्षता, गणराज्य, समानता, बंधुत्व, एकता और अखंडता पर विस्तार से चर्चा की। साथ ही संविधान सभा के अध्यक्ष डा.भीमराव अंबेडकर, डा.बी.एन.राव और अन्य सदस्यों को महान संविधान निर्माता के रूप में याद किया। डिप्टी चीफ, लीगल एड डिफेंस काउंसिल, जौनपुर डा0 दिलीप कुमार सिंह ने मौलिक अधिकारों और उनके संरक्षण के बारे में जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि भाग 3 (अनुच्छेद 12 से 35) नागरिकों के अधिकारों का विवरण है, जिनकी सुरक्षा का प्रहरी सर्वोच्च न्यायालय है। वहीं भाग 4 (अनुच्छेद 36 से 51) राज्य के नीति निर्देशक तत्वों को समझाता है। पैनल अधिवक्ता देवेन्द्र कुमार यादव ने महिलाओं के अधिकार और राष्ट्रीय एवं जिला विधिक सेवा योजनाओं के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य वंदना मौर्या, मैनेजर डा.डी.के.मौर्य, अध्यापकगण सुनीता देवी, विभा पाल, अवधेश यादव और छात्र-छात्राएं उपस्थित रही। इसी क्रम में जनपद न्यायाधीश/ अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जौनपुर सुशील कुमार शशि की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय परिसर में भी संविधान की प्रस्तावना का पाठन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

# संविधान दिवस पर कलेक्ट्रेट सभागार में हुआ कार्यक्रम, सीएम के उद्बोधन का किया गया सजीव प्रसारण

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

शासन के निर्देशों के क्रम में संविधान दिवस पर मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजनों का मुख्य आकर्षण लखनऊ स्थित लोकभवन सभागार में आयोजित राज्य स्तरीय समारोह का सजीव प्रसारण रहा, जिसे जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र, मुख्य विकास अधिकारी ध्रुव खाड़िया, अपर जिलाधिकारी वि./रा. राम अक्षयबर चौहान, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय अंबष्ट, नगर मजिस्ट्रेट इंद्रनंदन सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. गोरखनाथ पटेल समेत जिले के अन्य अधिकारी-कर्मचारियों ने देखा।



कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के संविधान दिवस पर दिए गए उद्बोधन को सुना गया। साथ ही संविधान की भावना और इतिहास पर आधारित एक डॉक्यूमेंट्री का भी प्रदर्शन किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और अन्य अधिकारियों द्वारा बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके उपरांत सभागार में उपस्थित सभी अधिकारियों-कर्मचारियों ने संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक पाठ किया।

जिलाधिकारी डॉ. दिनेश चंद्र ने समारोह को संबोधित करते हुए संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 26 नवंबर 1949 को देश का संविधान अंगीकृत और आत्मार्पित किया गया, जिसमें नागरिकों के मौलिक अधिकारों के साथ-साथ मौलिक कर्तव्यों का उल्लेख लोकतांत्रिक व्यवस्था की मजबूती का आधार है। उन्होंने कहा कि बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने संविधान निर्माण के दौरान भारत की एकता, अखंडता और सांस्कृतिक मजबूती को सर्वोपरि रखा।

जिलाधिकारी ने सभी से संविधान के प्रति आस्था रखते हुए समाज में सद्भाव और समरसता बनाए रखने का आह्वान किया।

## परिषदीय विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा अब 10 दिसंबर से

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर। जिले में परिषदीय विद्यालयों में अर्धवार्षिक परीक्षा अब 28 नवंबर की जगह 10 दिसंबर से शुरु होगी। इस संबंध में बेसिक के शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने बुधवार को पत्र जारी किया है। बीएसए अनिल कुमार वर्मा ने बताया कि शिक्षा निदेशक बेसिक के पत्र में कहा गया है कि परिषदीय विद्यालयों की अर्धवार्षिक परीक्षा 28 नवंबर से शुरु होने वाली थी लेकिन इस समय विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान (एसआईआर) अभियान चल रहा है। इसमें शिक्षकों व शिक्षामित्रों की ड्यूटी भी बीएलओ के रुप में लगाई गई है। वे विभिन्न कार्य कर रहे हैं। इसलिए परीक्षा में व्यवधान हो सकता है। इन परिस्थितियों को देखते हुए परीक्षा की तिथि अब 10 दिसंबर कर दी गई है। अब परिषदीय विद्यालयों की अर्धवार्षिक परीक्षा व उनका मूल्यांकन 10 दिसंबर से होगा। जिले में इस समय 1809 परिषदीय विद्यालयों में 253000 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं।

# जीजा साले ने बनाई थी लूट की मनगढ़त कहानी

जन एक्सप्रेस। मिर्जापुर

संत नगर थाना क्षेत्र के ददरी के पास बकरा व्यवसायी से साढ़े तीन लाख की लूट के मामले का पुलिस ने बुधवार को खुलासा कर दिया। जीजा और साले पर साढ़े चार लाख का कर्ज था। इसीलिए दोनों ने लूट की मनगढ़ंत कहानी बनाई थी। दोनों ने स्वीकार किया कि घटना झूठी और मनगढ़ंत है। दोनों ने पुलिस को बताया अलग अलग व्यक्तियों सें साढ़े चार लाख रुपये का कर्ज लिए हैं। जो वापस नहीं कर पा रहे है। इस लिए लूट की मनगढ़त घटना को अंजाम दिया गया ताकि प्राथमिकी दर्ज हो जाने के वाद इनको पैसा वापिस न करना पड़े । पुलिस के अनुसार, मंगलवार की सुबह लगभग साढ़े आठ बजे अकीम अपने जीजा मुख्तार के साथ बाइक से थैले में साढ़े तीन लाख रुपये लेकर हलिया में बकरा व भेड़ खरीदने जा रहे थे। ददरी बांध पर पर बाइक रोककर जीजा मुख्तार कुछ दूर शौच के लिए चला गया। पीछे से काले रंग की चार पहिया वाहन में सवार चार से पांच लोग मुंह बांधकर आए। बाइक पर बैठे अकीम की कनपटी पर तमंचा सटाकर पैसे से भरा थैला छीन लिया। अकीम को भी गाड़ी में बैठाकर तीन से चार किलोमीटर दूर हलिया की ओर ले जाकर उतार दिया। सूचना पर पुलिस जांच में जुटी। सीओ लालगंज अशोक कुमार ने बताया कि लूट की सूचना संदिग्ध प्रतीत होने पर संतनगर पुलिस और एसओजी टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया।

# बीएलओ विपिन यादव के घर पहुंचे प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय

जन एक्सप्रेस। जौनपुर

मल्हनी। गोंडा जनपद में जहर खाकर मौत को गले लगाने वाले बीएलओ विपिन यादव के परिजनों से मिलने बुधवार सुबह प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय मल्हनी पहुँचे। शोक संतप्त परिजनों को ढांढस बंधाते हुए अजय राय ने निष्पक्ष जांच और न्याय दिलाने का भरोसा दिया।



अजय राय ने घटना की जानकारी लेने के बाद भाजपा और चुनाव आयोग पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि विपक्षी वोटरों के नाम कटवाने के लिए एसआईआर को हथियार की तरह इस्तेमाल किया जा रहा है, जिससे लोकतांत्रिक व्यवस्था को गंभीर खतरा पैदा हो गया है। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि अनावश्यक प्रशासनिक दबाव के चलते बीएलओ विपिन यादव ने आत्महत्या जैसा कदम उठाया।

उन्होंने मांग की कि मामले की उच्चस्तरीय न्यायिक जांच कराई जाए और एसडीएम,

बीडीओ व लेखपाल सहित दोषी राजस्व व प्रशासनिक अधिकारियों पर हत्या का मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार किया जाए।

परिवार के प्रति संवेदना जताते हुए अजय राय ने सरकार से एक करोड़ रुपए की आर्थिक सहायता और मृतक की पत्नी को तत्काल सरकारी नौकरी देने की मांग की।

इस दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ. प्रमोद कुमार सिंह, प्रदेश सचिव पंकज सोनकर, शहर अध्यक्ष आरिफ़ ख़ान, राकेश सिंह डब्बू, विकेश उपाध्याय, अरविंद यादव सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी मौजूद रहे।

# प्रतियोगिता में बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन, बीएसए ने किया सम्मानित

■ परिषदीय विद्यालयों की एक दिवसीय बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता हुई सम्पन्न

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



मसौली। परिषदीय विद्यालयों की एक दिवसीय ब्लॉक स्तरीय बेसिक बाल क्रीड़ा प्रतियोगिता एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम रफी मेमोरियल इंटर कालेज मसौली में आयोजित किये गये। विशिष्ट अतिथि खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव व खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर संयुक्त रूप से शुभारम्भ किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने मेडल व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में उच्च प्राथमिक विद्यालय ज्योरी के बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों की बेहतरीन प्रस्तुति दी। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार देव पांडेय ने बच्चों को आशीर्वचन देते हुए कहा कि परिषदीय विद्यालयों के बच्चों में भी अदभुत प्रतिभाएं है। सिर्फ शिक्षकों के द्वारा उनको तराशने की जरूरत है। खण्ड विकास अधिकारी संदीप कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों से कहा कि शिक्षा के साथ ही शरीर को स्वास्थ्य रखने के लिए खेलकूद भी आवश्यक है। खण्ड शिक्षा अधिकारी जैनेंद्र कुमार ने अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए सभी विजयी बच्चों को शुभकामनाएं देकर कहा कि खेल में कोई जीत हार नही होती है, खेल में प्रतिभाग करना ही बहुत बड़ी उपलब्धि होती है। आप सभी लोग राज्य स्तर तक पहुँचे और अपने माता पिता व विद्यालय का नाम रोशन करें। प्राथमिक स्तर बालिका 100 मीटर दौड़ में कंपोजिट स्कूल रायपुर की महेक प्रथम, प्राथमिक विद्यालय मेंढिया की रोहनी द्वितीय,चंदनपुर की सौम्या तृतीय एवं बालक वर्ग की 100 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय मेंढिया के सौर्य प्रताप प्रथम, सदरुद्दीनपुर के सूफियान द्वितीय, हिमांशु तृतीय रहे। प्राथमिक की 50 मीटर दौड़ में प्राथमिक विद्यालय मेंढिया के सौर्य प्रताप प्रथम,कोटवा के हिमांशु द्वितीय, कंपोजिट रायपुर के शुभ तृतीय एवं बालिका वर्ग 50 मीटर की दौड़ में कम्पोजिट स्कूल रायपुर की महेक प्रथम, मेंढिया की जोया बानो द्वितीय व रोहिनी तृतीय रही। उच्च प्राथमिक विद्यालय की 100 मीटर दौड़ में यूपीएस दादरा के मो जैद प्रथम, कम्पोजिट रायपुर के अभिषेक द्वितीय, यूपीएस अमदहा के असलम तृतीय स्थान पर रहे। उच्च प्राथमिक विद्यालय बालिका की 100 मीटर दौड़ में यूपीएस टेरासानी की संजना प्रथम, चंदनपुर की अंशिका द्वितीय, रायपुर की नैन्सी वर्मा तृतीय रही। प्राथमिक बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में कम्पोजिट स्कूल ज्योरी के विपिन प्रथम व कोटवा के हिमांशु द्वितीय रहें। प्राथमिक बालिका वर्ग 200 मीटर दौड़ में कम्पोजिट स्कूल रायपुर की महेक प्रथम व चंदनपुर की सौम्या द्वितीय रही। यूपीएस बालक वर्ग 200 मीटर दौड़ में यूपीएस दादरा के मो जैद प्रथम व बालिका वर्ग में यूपीएस चंदनपुर की आंशिका ने द्वितीय स्थान हासिल किया। यूपीएस बालक वर्ग की 400 मीटर दौड़ में करपिया के मनोज प्रथम व बालिका वर्ग की 400 मीटर में यूपीएस टेरासानी की संजना ने प्रथम स्थान हासिल किया। इस मौके पर रफी मेमोरियल इंटर कालेज प्रधानाचार्य विजय बहादुर, एआरपी राजेश यादव, ब्लॉक व्यायाम शिक्षक बलराज वर्मा, सुरेश चंद्र, विश्वनाथ वर्मा, अतीकु रहमान, प्रदीप श्रीवास्तव, जमाल अहमद, अतुल कुमार श्रीवास्तव, गरिमा, अमित वर्मा, अनिल वर्मा, देवेंद्र कुमार, अनुदेशक सुशील वर्मा, शिखासिंह, दिव्या पांडेय, हरिश्चंद्र वर्मा सहित अन्य शिक्षक शिक्षिकाएं मौजूद रही।

## डीएम ने उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। जिला अधिकारी शशांक त्रिपाठी द्वारा विधानसभा निर्वाचक नामावली का विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के अंतर्गत अपने बूथ के सभी मतदाताओं के गणना प्रपत्र को शत प्रतिशत वितरित, एकत्रित एवं डिजिटाइज करने में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 28 बीएलओ को कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी निरंकार उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि मतदाता सूची पुनरीक्षण की प्रक्रिया चुनावी व्यवस्था का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है। जिसमें बीएलओ की भूमिका निर्णायक होती है। उत्कृष्ट कार्य करने वाले चयनित बीएलओ द्वारा समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण कार्य कर लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत करने की दिशा में सराहनीय योगदान दिया गया है। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने जनपद के समस्त बीएलओ से अपील किया है कि वह इसी प्रकार कर्तव्यनिष्ठ, समयबद्धता और सटीकता के साथ कार्य करते हुए अपने-अपने लक्ष्यों को पूर्ण करें तथा एसआईआर-2026 अभियान को सफल बनाने में पूरी प्रतिबद्धता से योगदान दें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का सुदृढ़, त्रुटिरहित एवं अद्यतन होना निर्वाचन प्रक्रिया की विश्वसनीयता का आधार है, जिसके लिए बीएलओ लगातार फील्ड में बेहतरीन कार्य कर रहे हैं।

# नगर का हो रहा है चौमुखी विकास: रमन्ता रावत

■ बोर्ड की बैठक में छः प्रस्तावों पर लगी मोहर, चेयरमैन ने प्रस्तुत किया विकास का लेखा-जोखा

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



सिद्धौर। नगर पंचायत सिद्धौर के विकास का जो सपना मैने देखा था वह सपना अब साकार हो रहा है। प्रदेश सरकार ने नगर के विकास के लिए जिन योजनाओं पर पैसा दिया था उन सभी योजनाओं को पूरा कर लिया गया है। उक्त बात बुधवार को नगर पंचायत सिद्धौर कार्यालय में आयोजित बोर्ड बैठक के दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष रमन्ता रावत ने कही। उन्होने कहा कि निकाय चुनाव में नगर की जनता ने मुझ पर भरोसा जताया था उसी भरोसे को कायम रखने के लिए मैने रातदिन एक करके नगर के विकास के लिए जीतोड़ मेहनत की है। उन्होने विकास की कई परियोजनाओं के बारे में जानकारी भी की। इस मौके पर बोलते हुए अधिशाषी अधिकारी आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि नगर की पेयजल व्यवस्था को सही रखना मेरा दायित्व है उसी पर लगातार काम किया जा रहा है। विद्युत व्यवस्था हो या स्वच्छता अभियान के तहत नगर को स्वच्छ रखना हो सभी चीजों पर विशेष निगरानी की जा रही है। उन्होने नगर के सभासदों को आश्वस्त किया कि नगर की कोई समस्या हो मुझे बतायें उस समस्या का निदान किया जायेगा। उन्होने सभासदों से नगर को स्वच्छ बनाये रखने की अपील भी की। साथ ही में नगर में चल रहे एसआईआर में भी बीएलओ का सहयोग करने की अपील भी करी। उन्होने कहा कि नगर के जो भी मतदाता हों सभी सभासद उन मतदाताओं को फार्म भरने में सहयोग करें जिससे नगर का कोई भी मतदाता छूट न जाये। बैठक से पूर्व सबसे पहले नगर अध्यक्ष ने सभी सभासदों और कर्मचारियों के साथ में संविधान दिवस के अवसर पर शपथ भी दिलायी। अधिशाषी अधिकारी ने बताया कि छः प्रस्ताव बोर्ड की बैठक में पास हुए हैं जिसमें मुख्यता फिस्कल स्लज मैनेजमेंट का बायलाज व विकसित संकल्प उत्तर प्रदेश का प्रस्ताव भी पारित हुआ। पंद्रहवें वित्त आयोग की प्राप्त धनराशि का प्रस्ताव भी पारित हुआ। ठंड से बचाव हेतु अलाव व रैन बसेरे के संचालन की भी चर्चा हुई। नगर में मार्ग प्रकाश, साफ सफाई व पेयजल व्यवस्था पर भी चर्चा हुई। बैठक में मुख्य रुप से चेयरमैन प्रतिनिधि लल्लू रावत, वरिष्ठ लिपिक श्रीश मिश्रा, सभासद दिव्तांशु निगम के अलावा सभी वार्डों के सभासद के साथ में नगर पंचायत के कर्मी भी मौजूद रहे।

# अधिकारों, कर्तव्यों, स्वतंत्रता और न्याय का आधार है संविधान- प्रतिमा श्रीवास्तव



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जनपद न्यायालय के सभागार में संविधान दिवस के अवसर पर विचार संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बोलते हुए जिला जज प्रतिमा श्रीवास्तव ने कहा कि भारत का संविधान एक पवित्र दस्तावेज है, जिसने आज़ाद भारत को दिशा, व्यवस्था और मजबूत लोकतांत्रिक आधार प्रदान किया। भारत का संविधान केवल कुछ नियमों और प्रावधानों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह हमारे अधिकारों, कर्तव्यों, स्वतंत्रता और न्याय का आधार है। मौलिक अधिकार, प्रत्येक नागरिक को समानता का अधिकार, अभिव्यक्ति की आज़ादी, जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता का अधिकार, धर्म की स्वतंत्रता। यह अधिकार हमें सुरक्षित, सम्मानजनक और स्वतंत्र जीवन जीने की शक्ति देते हैं। संविधान केवल अधिकार नहीं देता, बल्कि हमें अपने कर्तव्यों का पालन करने की भी प्रेरणा देता है। जैसे राष्ट्र की एकता-अखंडता बनाए रखना, पर्यावरण की रक्षा करना, अनुशासन और सद्भाव रखना आदि। संविधान ने यह सुनिश्चित किया है कि प्रत्येक व्यक्ति कोकृचाहे वह गरीब हो या अमीर सभी को निष्पक्ष और सुलभ न्याय मिले। हमारा संविधान सभी नागरिकों को कुछ महत्वपूर्ण सुरक्षा प्रदान करता है। सरकारी योजनाओं, सामाजिक सुरक्षा, महिलाओं एवं बच्चों के अधिकार, भूमि और संपत्ति संबंधी मामलों में भी कानून हमारी रक्षा करते हैं। इन कानूनों को जानना और समझना नागरिक होने के नाते हमारी जिम्मेदारी है। एडीजे विनय कुमार सिंह ने कहा कि संविधान दिवस पर हम सभी यह संकल्प लें कि ÷संविधान की मर्यादा और मूल्यों को हमेशा सम्मान देंगे और देश की एकता, न्याय और सम्मान की रक्षा करेंगे। इस अवसर पर अन्य न्यायिक अधिकारीगण के द्वारा भी अपने विचार व्यक्त किये गये। गोष्ठी में कई न्यायधीशों ने अपने विचार व्यक्त किये।

## मोनू की तलाश में भटक रहे हैं परिजन

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

**सिरौलीगौसपुर।** सफदरगंज थाना क्षेत्र के भवानीपुरवा निवासी मोनू मिश्रा बीती 14 नवंबर को अयोध्या से लापता हो गए हैं। उनके परिजनों ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है और मोनू की तलाश के साथ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। परिजनों ने एक ट्रांसपोर्ट मुंशी से मारपीट होने की बात कही है। मोनू मिश्रा अयोध्या में दर्शन नगर, देव काली बाईपास के आगे स्थित एक पार्किंग स्थल पर वाहन चालक के रूप में काम करते थे। वह लखनऊ निवासी समर पाण्डेय की गाड़ी चलाते थे। 14 नवंबर को शाम 5 बजे उनका मोबाइल फोन बंद हो गया था और तब से वह स्विच ऑफ है। मोनू के भाई रामू मिश्रा ने बताया कि मोनू के लापता होने के बाद से परिवार के सदस्य बेहद परेशान हैं। उन्होंने रिश्तेदारों और परिचितों में मोनू की तलाश की, लेकिन उसका कोई सुराग नहीं मिला। इसके बाद उन्होंने मोनू के एक साथी से संपर्क किया।मोनू के साथी ने बताया कि मोनू मिश्रा का एक मुंशी से कुछ विवाद हुआ था, जिसने मोनू को कथित तौर पर मारा-पीटा था। रामू मिश्रा ने आरोप लगाया कि जब उन्होंने मुंशी से इस बारे में बात की, तो उन्होंने सही जानकारी नहीं दी। परिजनों को आशंका है कि मुंशी ने ही मोनू मिश्रा को कहीं गायब करवा दिया है। परिजनों ने अयोध्या नगर कोतवाली में इस संबंध में सूचना दी है।

# एसआईआर में उत्कृष्ट कार्य करने पर सुभाष का हुआ सम्मान

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



सूरतगंज। विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण-2026 के अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाले रोजगार सेवक को बुधवार को जिलाधिकारी एवं जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने सूरतगंज ब्लॉक इलाके में कार्यरत रोजगार सेवक सुभाष चंद्र को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रशस्ति-पत्र प्रदान किया गया। सुभाष चंद्र कुर्सी विधानसभा क्षेत्र के सूरतगंज ब्लॉक क्षेत्र अंतर्गत विद्यालय झबरापुर के मतदेय स्थल पर बूथ लेवल अधिकारी के रूप में कार्य कर रहे हैं। उन्होंने विशेष प्रगाढ़ पुनरीक्षण अभियान के दौरान घर-घर जाकर गणना प्रपत्रों का वितरण किया। इसके अतिरिक्त उन्होंने निर्धारित समय में प्रपत्रों का संग्रहण, प्राप्त आंकड़ों का सटीक डिजिटाइजेशन और पात्र मतदाताओं की जानकारी का सत्यापन जैसे महत्वपूर्ण कार्य पूरी निष्ठा और पारदर्शिता के साथ पूरे किए। जिला निर्वाचन अधिकारी शशांक त्रिपाठी ने प्रशस्ति-पत्र सौंपते हुए कहा कि प्रगाढ़ पुनरीक्षण जैसी महत्वपूर्ण प्रक्रिया में ऐसे कर्मियों की सक्रियता और ईमानदार कार्यशैली से मतदाता सूची को अधिक सटीक और मजबूत बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने सुभाष चंद्र के समर्पित प्रयासों की सराहना की।

अधिकारियों के अनुसार, बूथ लेवल अधिकारी स्तर पर किए जाने वाले जमीनी प्रयास ही मतदाता सूची की गुणवत्ता सुनिश्चित करते हैं। कर्मियों द्वारा ईमानदारी और समयबद्धता से किए गए कार्य से निर्वाचन की तैयारी अधिक मजबूत और विश्वसनीय बनती है। वही सूरतगंज खंड विकास अधिकारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने सुभाष चंद्र को उनके उत्कृष्ट कार्य के लिए बधाई देते हुए अन्य बीएलओ से भी पूरे मन से काम करने की अपील की है।

आगे उन्होंने कहा कि यदि ग्राम पंचायतो में एसआईआर फार्म भरवाने में किसी प्रकार की असुविधा हो रही है तो कोई भी बीएलओ किसी भी समय उनसे सहयोग ले सकता है।

# पेड़ से टकरायी इण्टर कॉलेज की बस, चालक घायल

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

बच्चों का भविष्य सँवारने का दावा करने वाला बेरिया स्थित श्री कृष्ण गुलाब देई इंटर कॉलेज खुद ही नन्हे मुन्नों की जान से खिलवाड़ करता दिखाई दे रहा है।

बुधवार सुबह थाना मसौली इलाके के केसरीपुर मोड़ पर लगे शीशम पेड़ से स्कूल की टाटा मैजिक अचानक खतरनाक तरीके से टकरा गई, जिसमें ड्राइवर गंभीर रूप से घायल हुआ। वाहन की हालत देखकर अंदाजा लगाना मुश्किल नहीं कि हादसा कितना बड़ा था और बच्चों की जान भी किसी चमत्कार से बची। अभिभावकों का आरोप है कि शिकायतों के बावजूद स्कूल प्रबंधन बेहद सस्ते, शराब के नशे में रहने वाले ड्राइवरों को स्कूल वाहन चलाने देता है,

जिससे रोजाना मासूमों की जिंदगी दांव पर लगी रहती है। हादसे की खबर फैलते ही पूरे इलाके में खौफ और दहशत का माहौल बन गया। साथी गार्जियनों ने बताया कि सुबह अपने बच्चों को स्कूल भेजते समय हर रोज एक डर साथ चलता है, ना जाने कब कौन-सी लापरवाही उनके बच्चों पर भारी पड़ जाए। स्कूल का मनमाना संचालन किसी से छिपा नहीं। कभी छात्रों पर पिस्टल लहराने, कभी डंडों से दौड़ाकर गालियां देने, तो कभी स्कूल परिसर में ताबड़तोड़ फायरिंग जैसी घटनाएं यहां आम हो चुकी हैं। लगातार विवादों में रहने वाला यह स्कूल अब बच्चों की सुरक्षा के लिए बड़ा खतरा बनकर खड़ा है।

हादसे के बाद स्कूल प्रबंधन यह कहकर पल्ला झाड़ता दिखा कि बच्चे वाहन में नहीं थे, पर वाहन की बुरी तरह क्षतिग्रस्त हालत देखकर इस दावे पर संदेह होना स्वाभाविक है। बच्चों की जिंदगी को यूं दांव पर लगाने वाली इस लापरवाही ने अभिभावकों का भरोसा हिला दिया है। चिंतित अभिभावकों ने संबंधित विभाग से तुरंत संज्ञान लेकर कड़ा एक्शन लेने की मांग की है, ताकि भविष्य में किसी मासूम की जिंदगी लापरवाही की भेंट न चढ़े। इस संबंध में जब स्कूल प्रबंधक रमेश चंद्र आर्य से पूछा गया तो बताया कि न स्कूल वाहन पेड़ से टकराया है ड्राइवर घायल बच्चे सुरक्षित है।

## देश की आत्मा है संविधान- विद्यासागर पांडेय

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

कस्बे के अम्बेडकर पार्क रिछली में बुधवार को संविधान दिवस बड़े ही हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। आयोजन में क्षेत्र के प्रबुद्ध नागरिकों, युवाओं और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भारी संख्या में भाग लिया। सभी ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर सहित संविधान सभा के सभी सदस्यों को नमन करते हुए भारतीय संविधान के प्रति अपनी श्रद्धा व्यक्त की। ग्राम पंचायत सदस्य महासभा द्वारा संविधान दिवस धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में संगठन के प्रदेश संरक्षक विद्यासागर पांडे एवं प्रदेश मुख्य संगठन मंत्री ध्रुव कुमार सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। बाबा साहब के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्ज्वलन के साथ कार्यक्रम की शुरुआत हुई। दोनों अतिथियों ने संविधान को देश की आत्मा बताते हुए कहा कि इसका पालन हर नागरिक का कर्तव्य है। उन्होंने युवाओं से संविधान के अध्ययन और संवैधानिक मूल्यों को जन-जन तक पहुंचाने की अपील की। जिला सचिव विमलेश वर्मा,महासभा ब्लॉक मीडिया प्रभारी सत्यवान पाल, क्षेत्र पंचायत सदस्य राजू बाबा, राजित राम गौतम, हनुमान गौतम, हिमांशु कुमार सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे। देशहित और जनसेवा के संकल्प के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

## एक्सप्रेस खबरें...

### बार अध्यक्ष ने मनाया संविधान दिवस

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। तहसील के अधिवक्ताओं द्वारा संविधान दिवस बहुत ही हर्ष उल्लास के साथ बार भवन में मनाया गया जिसमें मुख्य रूप से अध्यक्ष अचल कुमार मिश्र, व महामंत्री सुनील कुमार त्रिवेदी, वरिष्ठ जगदीश प्रसाद शर्मा, जय नारायण मिश्र, रज्जन लाल मिश्रा हर किशोर मिश्रा, गिरजा शंकर मिश्रा, कमलेश बक्श सिंह,पूर्व अध्यक्ष राम प्रताप सिंह, पूर्व महामंत्री कुंवर बहादुर यादव, हरिश्चंद्र सिंह, संतोष कुमार शुक्ला, संजय सिंह, जीत बहादुर सिंह,राजेश तिवारी, कमल कुमार मिश्रा, धारानाथ मिश्रा, बनवारी लाल ,मुंशीलाल, राम किशोर त्रिपाठी, आशुतोष तिवारी, विभोर गुप्ता, सोमिल शुक्ला, आशीष मिश्रा, राधेलाल सहित तमाम अधिवक्ता मौजूद रहे।

### आबकारी टीम ने मारा छापा, 40 लीटर अवैध शराब बरामद

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। आबकारी व पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा छापेमारी के दौरान विभिन्न स्थानों से 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और भारी मात्रा में लहन नष्ट करवाया गया। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर के निर्देशन में आबकारी निरीक्षक उमाशंकर चैधरी ने बुधवार को आबकारी तथा पुलिस की टीम के साथ थाना रामनगर के ग्राम बड़नपुर फिरोजपुर खुरदा सहित 20 स्थानो पर छापेमारी कर लगभग 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और 2 कुंतल लहन मौके पर नष्ट कराया गया तथा आबकारी अधिनियम के तहत चार लोगों के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत कराया गया। इस दौरान शराब के सेवन होने वाले दुष्परिणामों के बारे में लोगों को जागरूक किया गया तथा अवैध शराब बेचने व बनाने वाले लोगों के खिलाफ पुलिस को तत्काल जानकारी देने को कहा गया। इस मौके पर कांस्टेबल इमरान, प्रधान, रविन्द्र प्रसाद यादव महेश दत्त त्रिपाठी महिला आरक्षी सोनम वर्मा सहित भारी संख्या में पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### सड़क हादसे में युवक की मौत

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। देवा-कुर्सी मार्ग पर स्थित मित्तई कस्बे के पास बीती मंगलवार की शाम को एक सड़क दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक लखनऊ के गुडंबा थाना क्षेत्र के ग्राम पलका निवासी सतीश (25) अपनी पत्नी के साथ रिश्तेदारी में जा रहे थे। इसी दौरान ग्रामीण बैंक के सामने अचानक सामने से आ रहे तेज रफ्तार सीएनजी ऑटो ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही ऑटो आगे बढ़कर एक ई-रिक्शा से भी टकरा गया, जिससे ई-रिक्शा धान की बोरियों समेत अनियंत्रित होकर बगल के तालाब में पलट गया। हादसे में सतीश की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उनकी पत्नी सुरक्षित बच गईं। ई-रिक्शा चालक को भी कोई गंभीर चोट नहीं आई है दुर्घटना के तुरंत बाद सीएनजी ऑटो चालक वाहन समेत फरार हो गया इंस्पेक्टर देवा अजय कुमार त्रिपाठी ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और फरार ऑटो चालक की तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है।

### दरगाह में पहुंचे न्याय मूर्ति, चढ़ाई चादर

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बुधवार को राष्ट्रीय हरित अधिकरण के न्यायमूर्ति अफ़रोज़ अहमद ने कस्बा देवा स्थित सूफ़ी संत हाजी वारिस अली शाह की ऐतिहासिक दरगाह पर पहुंचकर जियारत की। उन्होंने मजार पर चादर पेश की और मुल्क में अमन, सौहार्द और खुशहाली की दुआ मांगी। जियारत के दौरान न्यायमूर्ति अफ़रोज़ अहमद ने कहा कि हाजी वारिस अली शाह साहब ने अपने जीवनभर कौमी एकता, भाईचारे और इंसानियत का पैगाम दिया। आज के दौर में उनके विचार और भी ज्यादा महत्व रखते हैं। ऐसे सूफ़ी संत समाज को जोड़ने और आपसी मोहब्बत बढ़ाने की प्रेरणा देते हैं वन क्षेत्राधिकारी देवा मयंक सिंह ने न्यायमूर्ति का बुके भेंट कर स्वागत किया उनके आगमन के मद्देनज़र प्रशासन ने सुरक्षा के व्यापक इंतज़ाम किए थे।

# भव्य कलश के साथ 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ प्रारंभ

## गाजे-बाजे के साथ चार स्थानों से निकलीं कलश यात्राएं



जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

नगर के पल्हरी चैराहे पर स्थित जेब्रा पार्क के परिसर में बुधवार को शक्ति संवर्धन 251 कुंडीय गायत्री महायज्ञ का भव्य कलश यात्रा के साथ शुभारंभ हुआ। पूरा नगर पूरी तरह से आध्यात्मिक रंग में रंग गया। नगर में चार दिशाओं से कलश यात्राओं निकल कर नाका सतरिक चैराहे से एक साथ हजारों की संख्या में महिलाएं सिर पर कलश धारण कर कार्यक्रम स्थल पर पहुंची। पूरे नगर क्षेत्र में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास का अनोखा संगम देखने को मिलेगा। गाजे बाजे भव्य झांकियों के साथ गायत्री माता की जय, पूज्य गुरुदेव पंडित श्रीराम शर्मा आचार्य व माता भगवती देवी शर्मा के जयकारों साथ पहली कलश यात्रा गायत्री शक्ति पीठ बाराबंकी से प्रभारी शांति दीक्षित के नेतृत्व में ब्लॉक देवा, निन्दूरा व फतेहपुर के कार्यकर्ताओं के सहयोग से निकली। दूसरी कलश यात्रा श्री नागेश्वर नाथ मंदिर से प्रभारी रमेश चन्द्र मौर्य के संयोजन में ब्लॉक रामनगर, मसौली, बनीकोडर, दरियाबाद व टिकैत नगर के कार्यकर्ताओं की अगुवाई में निकली। तीसरी कलश यात्रा गायत्री प्रज्ञा पीठ, आजाद नगर से प्रभारी कौशल्या सिंह, सुमन सिंह, सुधा सिंह, निर्मला श्रीवास्तव व धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में निकली।चैथी कलश यात्रा श्रीराम कॉलोनी पार्क से प्रभारी सत्य प्रकाश श्रीवास्तव, मिथिलेश श्रीवास्तव, राम किशोर और सतीश श्रीवास्तव, मेधा गुप्ता के निर्देशन में प्रस्थान की। सभी कलश यात्राओं के प्रभारी रत्न ज्योति श्रीवास्तव को बनाया गया।

# जनहित मामले लंबित न रहें, तय समय में करें निस्तारण: अशोक अग्रवाल

■ कलेक्ट्रेट में आयोजित बैठक में 27 प्रकरणों की समीक्षा, कई मामलों का वहीं पर निस्तारण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी



उत्तर प्रदेश विधान परिषद की याचिका समिति ने बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिले से जुड़े 27 जनहित प्रकरणों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक की अध्यक्षता समिति के सभापति अशोक अग्रवाल ने की। सदस्यगण उमेश द्विवेदी, अंगद कुमार सिंह और अनूप कुमार गुप्ता की उपस्थिति में चली बैठक में जन समस्याओं के त्वरित समाधान पर विशेष जोर दिया गया। कार्यवाही के दौरान सभापति अशोक अग्रवाल ने स्पष्ट कहा कि समिति के पास आने वाले प्रकरण अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं और इनमें किसी प्रकार की देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर लंबित मामले की बिंदुवार प्रगति रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए तथा जिन प्रकरणों में शासन से अनुमति आवश्यक है उन्हें बिना विलंब शासन स्तर पर भेजा जाए। उन्होंने कहा कि जनहित सर्वोपरि है, इसलिए समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करना सभी विभागों की जिम्मेदारी है। कई मामलें ऐसे पाए गए जिनका मौके पर ही समाधान कर दिया गया। बैठक से पूर्व जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय तथा अपर जिलाधिकारी निरंकार सिंह ने समिति के सभापति और सदस्यों का स्वागत किया। पुष्पगुच्छ भेंट कर औपचारिक कार्यक्रम के बाद बैठक की प्रक्रिया प्रारंभ हुई। समिति के सदस्यों ने कहा कि जिन मामलों का निस्तारण हो चुका है, उनकी कार्यप्रमाणी रिपोर्ट फोटो एवं याचिकाकर्ता के संतुष्टि पत्र सहित उपलब्ध कराई जाए, जिससे पारदर्शी निस्तारण सुनिश्चित हो सके। सभापति ने कहा कि सम्मान देना हमारी सरकार की प्राथमिकता है, और जन समस्याओं का समाधान उसी दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। समिति के सदस्यगणों ने यह भी कहा कि सभी अधिकारी अपनी जिम्मेदारी समझते हुए विभागीय कार्यों में पारदर्शिता बनाए रखें और आपसी सहयोग से जिले के सर्वांगीण विकास में योगदान दें।

उनका कहना था कि योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए, जिसके लिए जवाबदेही बेहद आवश्यक है। बैठक के अंत में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने समिति के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि दिए गए निर्देशों के अनुरूप समयबद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि सभी विभागों को स्पष्ट आदेश जारी किए जाएंगे कि लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता सूची में शामिल कर शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करें।

# रसूलपुर में लगी पुलिस चैपाल, शिकायतों का हुआ निस्तारण

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी

पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय निर्देशा पर चलाए जा रहे ग्राम चैपाल के तहत जैदपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत रसूलपुर में आयोजन हुआ। जिसमें राजस्व एवं पुलिस के अधिकारी कर्मचारीगण के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित थे। ग्राम चैपाल में आधा दर्जन शिकायते आई। जिसमें रामलली ने बताया कि विपक्षी जगरूप रावत पुत्र मनीराम के द्वारा खेत में शौचालय का पानी गिराने को लेकर विवाद चल रहा है। जिसका मौके पर जाकर कोतवाल ने निस्तारण करा दिया। ग्राम अपराध रजिस्टर में अंकित विवादित मामलो से संबंधित से पूछताछ कर मामले की वर्तमान स्थिति के बारे में पता किया गया।

ग्राम पंचायत कोई भी हिस्ट्रीशीट नही है। शस्त्र धारको की जानकारी में कुल 5 शस्त्र धारक पाए गए।

ग्राम चैपाल में उपस्थित ग्रामीणों को वर्तमान में चल रही महिला सशक्तिकरण योजना एवं साइबर क्राइम, यातायाता जागरूकता से अवगत कराया गया। वहीं जरूरत विभिन्न हेल्पलाइन नंबरों के बारे में स्पष्ट रूप से अवगत कराया गया। उपस्थित ग्रामवासियो को नये भारत का नये कानून के बारे में कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने जानकारी दी।

## भारतीय संविधान है हमारे मौलिक अधिकारों का रक्षक

जन एक्सप्रेस। बाराबंकी। बुधवार को नगर पंचायत सतरिख स्थित टीआरसी महाविद्यालय में भारतीय संविधान दिवस मनाया गया। महाविद्यालय के उप प्राचार्य आदेश तिवारी ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे मौलिक जीवन का आधार है। प्रबंधक डॉ. रंजन मिश्र ने कहा कि भारतीय संविधान हमारे मौलिक अधिकारों को हमें प्रदान करता है तथा इन मौलिक अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च न्यायालय के द्वारा की जाती है, इन मौलिक अधिकारों की रक्षा के लिए अनुच्छेद 32 में कई उपाय दिए गए हैंद्य उन्होंने छात्रों को संबोधित करते हुए यह भी कहा कि हमारा संविधान 26 नवंबर 1949 को बनकर तैयार हुआ जिसे हमने 26 जनवरी 1950 को लागू किया। भारतीय संविधान भारतीय नागरिकों को सामाजिक, आर्थिक, राजनीतिक न्याय देता है।

# संविधान दिवस पर संविधान 9 नई भाषाओं में जारी

## राष्ट्रपति बोलीं, तीन तलाक खत्म करना ऐतिहासिक कदम, जीएसटी से देश की आर्थिक एकता मजबूत हुई

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/भोपाल/ग्वालियर



संसद के सेंट्रल हॉल में बुधवार को 150 वां संविधान दिवस मनाया गया। इस दौरान राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान को 9 नई भाषाओं मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया में जारी किया। राष्ट्रपति ने कहा- संसद ने तीन तलाक जैसी सामाजिक बुराई को खत्म कर महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। जीएसटी आजादी के बाद सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, जिसने देश की आर्थिक एकता को मजबूत किया है। राष्ट्रपति ने बताया- अनुच्छेद 370 हटाने से देश की राजनीतिक एकता में आ रही बाधा दूर हुई। नारी शक्ति बंधन कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास की नई शुरुआत करेगा। इस दौरान उन्होंने संविधान की प्रस्तावना भी पढ़ी। दरअसल 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान बनकर तैयार हुआ था। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिडला, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी और दोनों सदनों के सांसद शामिल रहे।

### तीन तलाक को खत्म करना ऐतिहासिक कदम: राष्ट्रपति

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, तीन तलाक से जुड़ी सामाजिक बुराई को खत्म करके संसद ने हमारी बहनों और बेटियों के सशक्तिकरण की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाया है।

### उपराष्ट्रपति बोले, संविधान बुद्धि, अनुभव, बलिदान और आशाओं से जन्मा

उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सी.पी. राधाकृष्णन ने कहा कि 2024 में अनुच्छेद 370 हटने के बाद जम्मू-कश्मीर में हुए चुनावों में लोगों ने बड़ी संख्या में वोट डालकर दुनिया को फिर दिखा दिया कि भारत की लोकतांत्रिक व्यवस्था कितनी मजबूत है। उन्होंने कहा कि हाल ही में हुए बिहार चुनावों में भी भारी मतदान हुआ, खासकर महिलाओं ने रिकॉर्ड संख्या में वोट डाले। यह भारतीय लोकतंत्र के ताज में एक और कीमती हीरा जोड़ने जैसा है। उपराष्ट्रपति ने संविधान सभा की महिलाओं के योगदान की भी सराहना की और कहा कि उनका योगदान अतुलनीय और ऐतिहासिक था, जिसने भारतीय लोकतंत्र को और मजबूत आधार दिया। उपराष्ट्रपति और राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने कहा कि हमारा संविधान देश के महान नेताओं ने संविधान सभा में तैयार किया था। यह दस्तावेज उन करोड़ों भारतीयों की सामूहिक बुद्धि, त्याग और सपनों का प्रतीक है, जिन्होंने आजादी के लिए संघर्ष किया। उन्होंने कहा कि संविधान की ड्राफ्टिंग कमेटी और संविधान सभा के विद्वान सदस्यों ने देश की उम्मीदों और आकांक्षाओं को ध्यान में रखते हुए गहराई से विचार किया। उनके निस्वार्थ योगदान की वजह से आज भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि हमारा संविधान बुद्धि, अनुभव, बलिदान और आशाओं से जन्मा है। उन्होंने कहा, संविधान की आत्मा ने साबित कर दिया है कि भारत एक था, एक है और हमेशा एक रहेगा।

जीएसटी, जो आजादी के बाद सबसे बड़ा टैक्स सुधार है, देश की आर्थिक एकता मजबूत करने के लिए लागू किया गया। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद 370 हटाने से एक ऐसी रुकावट दूर हुई, जो देश की राजनीतिक एकता में बाधा बन रही थी। नारी शक्ति बंधन कानून महिलाओं के नेतृत्व वाले विकास का एक नया दौर शुरू करेगा। राष्ट्रपति ने बताया कि इस साल 7 नवंबर से पूरे देश में 'वंदे मातरम' की रचना के 150 साल पूरे होने पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा, संविधान दिवस के इस ऐतिहासिक अवसर पर आप सभी के बीच उपस्थित होकर मुझे बहुत खुशी हो रही है। 26 नवंबर 1949 को इसी केंद्रीय कक्ष में संविधान सभा के सदस्यों ने भारत का संविधान तैयार करने का काम पूरा किया था। इसी दिन 'हम भारत के लोग' ने अपने संविधान को अपनाया। स्वतंत्रता मिलने के बाद संविधान सभा ने अंतरिम संसद का काम भी किया। डॉ. भीमराव अंबेडकर, जो ड्राफ्टिंग कमेटी के चेयरमैन थे, हमारे संविधान के मुख्य निर्माताओं में से एक थे। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने संविधान के अनुवादित संस्करण को 9 भाषाओं में जारी किया। इनमें मलयालम, मराठी, नेपाली, पंजाबी, बोडो, कश्मीरी, तेलुगु, ओडिया और असमिया शामिल हैं। इस पहल के बाद अब भारत का संविधान इन भाषाओं में भी उपलब्ध होगा, जिससे अधिक लोग अपनी भाषा में संविधान को पढ़ और समझ सकेंगे।

### लोकसभा अध्यक्ष ने डॉ. राजेंद्र प्रसाद को श्रद्धांजलि दी

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिड़ला ने कहा कि इस पावन अवसर पर हम भारत की संविधान सभा के अध्यक्ष डॉ. राजेंद्र प्रसाद, संविधान के शिल्पकार डॉ. भीमराव अंबेडकर और संविधान सभा के सभी सदस्यों को श्रद्धांजलि देते हैं। उनकी दूरदर्शिता, समझ और कड़ी मेहनत ने हमें ऐसा महान संविधान दिया, जो हर नागरिक को न्याय, समानता, बंधुत्व और सम्मान का अधिकार देता है। उन्होंने कहा कि यह केंद्रीय कक्ष वही पवित्र स्थान है, जहां लंबी बहस, चर्चा और विचार-विमर्श के बाद हमारा संविधान तैयार हुआ। यहां जनता की उम्मीदों और सपनों को संविधान में जगह दी गई। ओम बिड़ला ने बताया कि पिछले सात दशकों में संविधान के मार्गदर्शन में देश ने सामाजिक न्याय, समावेशी विकास, सुशासन और सामाजिक-आर्थिक प्रगति की दिशा में कई नीतियां और कानून बनाए। संविधान के मार्गदर्शन में भारत तेज़ी से परिवर्तन और विकास की ओर बढ़ रहा है।

# हॉन्गकॉन्ग की आठ 35 मंजिला इमारतों में आग



- 13 मरे, 15 घायल, बांस का मचान होने से आग तेजी से फैली

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। हॉन्ग कॉन्ग

हॉन्गकॉन्ग के उत्तरी ताई पो जिले में बुधवार को एक 35 मंजिला रिहायशी कॉम्प्लेक्स की इमारतों में आग लग गई। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के मुताबिक इस हादसे में 13 लोगों की मौत हो चुकी है। वहीं, 15 लोग घायल हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि आग कम से कम 8 इमारतों तक फैल गई थी। अब तक सिर्फ 1 इमारत में लगी आग पर काबू पाया जा सका है। वांग फुक कोर्ट के ये टावर बांस की मचान से ढके हुए थे। हान्गकान्ग में निर्माण और मरम्मत कार्यों में बांस की मचान का बहुत ज्यादा इस्तेमाल होता है। ऐसा माना जा रहा है कि इसकी वजह से आग तेजी से फैली।

### कॉम्पलेक्स में चल रहा था मरम्मत का काम

वांग फुक कोर्ट न्यू टेरिटरीज के ताई पो इलाके में बना एक हाउसिंग कॉम्पलेक्स है, जहां इस समय मरम्मत और नवीनीकरण का काम चल रहा है। इस एस्टेट में 1,984 फ्लैट हैं और यहां करीब 4,000 लोग रहते हैं। हॉन्गकॉन्ग सरकार ने कहा है कि वांग फुक कोर्ट कॉम्प्लेक्स में लगी आग के बाद अस्थायी शेल्टर खोले गए हैं। ये शेल्टर क्वॉन्ग फुक कम्युनिटी हॉल और तुंग चेओंग स्ट्रीट लीजर बिल्डिंग में बनाए गए हैं। इसके अलावा ऐलिस हो मियू लिंग नेथरसोले अस्पताल में एक हेल्प डेस्क बनाया गया है, ताकि लोगों को मदद और जानकारी दी जा सके। सरकार ने कहा कि ताई पो जिला कार्यालय हालात पर कड़ी नजर रख रहा है और जरूरत होने पर और शेल्टर खोले जाएंगे। फायर विभाग ने बताया कि मरने वालों में एक फायरफाइटर भी शामिल है। विभाग ने रॉयटर्स को बताया कि यह पता नहीं चल पाया है कि कॉम्प्लेक्स के अंदर कितने लोग अभी भी फंसे हो सकते हैं। स्थानीय पब्लिक ब्रॉडकास्टर ञ्ज्ञ्जाय ने पुलिस के हवाले से बताया कि कई लोग अब भी टावरों में फंसे हुए हैं।

### बांस के इस्तेमाल पर धीरे-धीरे रोक लगा रही सरकार

ऊंची इमारतों वाला यह कॉम्प्लेक्स बांस की मचान (बांस स्कैफोल्डिंग) से ढका हुआ है। बांस का यह मचान स्टील स्कैफोल्डिंग का एक विकल्प है, जिसे निर्माण कार्य में इसलिए ज्यादा इस्तेमाल किया जाता है क्योंकि यह हल्की और बहुत मजबूत होती है। इसे ले जाना और ऊंचाई तक पहुंचाना आसान होता है। बांस की लंबी पोलें आसानी से जोड़ी जा सकती हैं, जिससे बड़ी इमारतों के चारों तरफ मचान जल्दी खड़ी हो जाती है। हॉन्गकॉन्ग बांस के मचान के उपयोग के लिए दुनिया भर में मशहूर है। इसे बनाने के लिए बांस की लंबी पोलों को नायलॉन फास्टनर से बांधकर खड़ा किया जाता है। स्टील की मचान की तुलना में यह सस्ता विकल्प होता है। हालांकि बांस में अगर एक बार आग लग जाए तो यह जल्दी जलता है और लपटें तेजी से ऊपर की ओर फैलती हैं। यही वजह है कि सरकार का विकास ब्यूरो (डेवलपमेंट ब्यूरो) सुरक्षा को लेकर चिंता जताते हुए बांस के मचान के इस्तेमाल को धीरे-धीरे खत्म करने की कोशिश कर रहा है। हान्गकान्ग में नंबर-5 अलार्म वाली आग इससे पहले 2008 में कॉर्नवाल कोर्ट में लगी थी। मोंग कोक के इस कराओके बार और नाइट क्लब में लगी भीषण आग में चार लोगों की मौत हुई थी, जिनमें दो फायरफाइटर भी शामिल थे। इस घटना में 55 लोग घायल हो गए थे।

# कर्नाटक सीएम विवाद: सोनिया, राहुल और मैं सुलझाएंगे: खड़गे

- विधायकों ने कहा, जल्द फैसला लें, शिवकुमार का सीएम की कुर्सी खरीदते एआई वीडियो

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। बेंगलुरु



कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की अटकलों के बीच कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने बुधवार को कहा कि पार्टी हाईकमान इस समस्या को सुलझा लेंगे, जरूरत पड़ने पर मध्यस्थता भी करेंगे। उन्होंने बातचीत में कहा, वहां की जनता ही बता सकती है कि सरकार कैसा काम कर रही है। लेकिन मैं इतना जरूर कहूंगा कि में राहुल गांधी, सोनिया गांधी एक साथ बैठकर इस पर चर्चा करेंगे। इधर, कर्नाटक बीजेपी ने मंगलवार को उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार का एआई वीडियो जारी किया। इसमें शिवकुमार लैपटॉप में ऑनलाइन मुख्यमंत्री कुर्सी खरीद रहे हैं, लेकिन जैसे ही वह इसे कार्ट में जोड़ते हैं, स्क्रीन पर आउट ऑफ स्टॉक लिखा आता है। साथ ही कैप्शन में लिखा- डीके शिवकुमार अभी। उधर, कर्नाटक कांग्रेस के कई विधायकों ने कहा है कि नेतृत्व बदलने की अटकलों से जो भ्रम पैदा हुआ है, उसे जल्द खत्म किया जाए, नहीं तो पार्टी की छवि को बड़ा नुकसान हो सकता है।

### शिवकुमार 200 प्रतिशत मुख्यमंत्री बनेंगे: कांग्रेस विधायक

रमणागारा के विधायक इकबाल हुसैन ने कहा- हाईकमान जैसा फैसला करेगा, वे सब उसका पालन करेंगे। उन्होंने दावा किया कि 100 प्रतिशत नहीं, बल्कि 200 प्रतिशत शिवकुमार ही जल्द मुख्यमंत्री बनेंगे। मैदूर के विधायक केएम उदय ने बताया- विधायकों ने हाईकमान से मंत्रिमंडल विस्तार में नए और युवा चेहरों को मौका देने की मांग रखी है। उन्हें संकेत मिला है कि इस पर विचार किया जाएगा। मगड़ी के विधायक एचसी बालकृष्ण ने कहा- किसे मुख्यमंत्री बनाना है, यह मुद्दा नहीं, लेकिन मौजूदा हालात पार्टी के लिए ठीक नहीं हैं, इसलिए हाईकमान को तुरंत कदम उठाना चाहिए।

### राहुल ने डीके को इंतजार करने को कहा

इंडिया टुडे ने अपनी रिपोर्ट में दावा किया है कि पिछले एक हफ्ते से शिवकुमार राहुल गांधी से संपर्क करने की कोशिश कर रहे थे। इसके बाद राहुल गांधी ने वाट्सएप मैसेज भेजा, जिसमें लिखा था- ÷कृपया प्रतीक्षा करें, मैं कॉल करूंगा।÷ इस पर बुधवार को शिवकुमार ने कहा- अगर जरूरत हुई तो मैं हाईकमान से समय मांगूंगा। मुझे 4 एमएलसी सीटों के उम्मीदवार तय करने हैं। इसके साथ ही मैं कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी ट्रस्ट और पार्टी की संपत्तियों के पुनर्गठन पर भी वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करना चाहता हूं।

# पश्चिम बंगाल में बाबरी मस्जिद शिलान्यास के पोस्टर लगे

- टीएमसी विधायक बोले, 6 दिसंबर को नींव रखेंगे, अयोध्या में इसी दिन ढहाया गया था विवादित ढांचा

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। कोलकाता




पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले में मंगलवार देर रात बाबरी मस्जिद के शिलान्यास के पोस्टर लगाए गए। इन पर लिखा है- 6 दिसंबर को बेलडांगा में बाबरी मस्जिद का शिलान्यास समारोह होगा। तृणमूल कांग्रेस विधायक हुमायूं कबीर को आयोजनकर्ता बताया गया है। खुद कबीर ने मंगलवार को कहा, हम 6 दिसंबर को बाबरी मस्जिद की नींव रखेंगे। तीन साल में इसका निर्माण पूरा होगा। कार्यक्रम में कई मुस्लिम नेता शामिल होंगे। अयोध्या में विवादित ढांचा 6 दिसंबर 1992 को कार सेवकों ने ध्वस्त कर दिया था। अगले महीने बाबरी विध्वंस के 33 साल पूरे हो जाएंगे। टीएमसी विधायक का कहना है कि इसी मौके पर यह आयोजन किया जाएगा। टीएमसी विधायक का यह बयान तब सामने आया है जब मंगलवार को अयोध्या में पीएम मोदी ने राम मंदिर के शिखर पर ध्वजारोहण किया। ध्वजारोहण का मतलब है मंदिर अब पूर्ण हो गया। 22 जनवरी, 2024 को राम मंदिर में रामलला की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई थी। भाजपा ने इसकी कड़ी आलोचना की है। केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने आरोप लगाया कि टीएमसी पश्चिम बंगाल में मस्जिद नहीं, बल्कि बांग्लादेश की आधारशिला रख रही है। गिरिराज सिंह ने दावा किया कि ममता बनर्जी सरकार बांग्लादेशियों और रोहिंग्याओं के समर्थन पर टिकी है। जिस तरह टीएमसी हिंदुओं की लाशों पर राजनीति कर रही है, वह लंबे समय तक नहीं चलेगा। कांग्रेस नेता उदित राज ने टीएमसी विधायक कबीर का समर्थन किया है। उन्होंने कहा- अगर मंदिर का शिलान्यास हो सकता है तो मस्जिद का क्यों नहीं? विरोध करने वाले बिना वजह विवाद खड़ा कर रहे हैं। यह धार्मिक स्वतंत्रता है। महाराष्ट्र के कांग्रेस नेता हुसैन दलवई ने कहा है कि मस्जिद बनाना ठीक है, लेकिन खास तौर पर बाबरी मस्जिद ही क्यों? जो विवाद पहले ही सुलझ चुका है, उसे राजनीतिक फायदे के लिए फिर से खोला जा रहा है। हमारा रिश्ता बाबर से नहीं, बल्कि शिवाजी महाराज से है। बीजेपी नेता और बंगाल के नेता प्रतिपक्ष सुवेन्दु अधिकारी ने कहा कि वह यह सब सांप्रदायिक तनाव भड़काने के लिए कर रहे हैं।चुनाव पास आ रहे हैं। बेचारे मुसलमान टीएमसी को छोड़ रहे हैं। जैसे 2021 में उन्होंने सीएए को एनआरसी कहकर सभी मुसलमानों को एक किया था, इस बार वे बाबरी मस्जिद के नाम पर कर रहे हैं।

## बदला जाएगा आईआईटी बॉम्बे का नाम! महाराष्ट्र सरकार लिखेगी केंद्र को चिट्ठी, सीएम का बड़ा एलान


जन एक्सप्रेस/एजेंसी। मुंबई

महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने बुधवार को घोषणा की कि राज्य सरकार आईआईटी बॉम्बे का नाम आधिकारिक रूप से आईआईटी मुंबई करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय को पत्र भेजेगी। यह फैसला केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह की टिप्पणी के बाद सामने आया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि आईआईटी बॉम्बे का नाम बदलकर मुंबई नहीं किया गया, यह अच्छी बात है। उनकी इस टिप्पणी ने राजनीतिक हलचल तेज कर दी, खासकर महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने इसे सरकार की मानसिकता दर्शाने वाला बयान बताया। नागपुर में वार्ता के दौरान फडणवीस ने कहा, ÷सबको पता है कि बीजेपी नेता राम नाइक ने बॉम्बे का नाम मुंबई करने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई थी। हम हमेशा मुंबई कहते हैं, बॉम्बे नहीं। हम लगातार प्रयास कर रहे हैं कि जहां भी बॉम्बे शब्द है, उसे मुंबई से बदल दिया जाए। मैं पीएम और मंत्री को आईआईटी बॉम्बे का नाम बदलकर आईआईटी मुंबई करने के लिए पत्र लिखूंगा।

# कमला पसंद कंपनी के मालिक की बहू ने आत्महत्या की

- दिल्ली के घर में शव मिला; भाई का आरोप- पति और सास मारपीट करते थे

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली



देश की मशहूर पान मसाला कंपनी कमला पसंद और राजश्री के मालिक कमल किशोर चौरसिया की बहू दीप्ति चौरसिया (38) ने दिल्ली के वसंत विहार स्थित अपने घर में मंगलवार शाम आत्महत्या कर ली। पुलिस के अनुसार दीप्ति का शव ड्रेसिंग रूम के पंखे से लटका हुआ मिला। दीप्ति का शव सबसे पहले उसके पति हरप्रीत चौरसिया ने देखा। हरप्रीत उन्हें लेकर अस्पताल गए, जहां दीप्ति को मृत घोषित कर दिया गया। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, पुलिस को एक डायरी मिली है, जिसमें दीप्ति ने अपने पति के साथ विवाद का जिक्र किया है। दीप्ति ने डायरी में लिखा, अगर किसी रिश्ते में प्यार और भरोसा नहीं तो फिर उस रिश्ते में रहने की और जीने की वजह क्या है। अब और नहीं सहन होता। बेटे को मां का आशीर्वाद। पुलिस के मुताबिक, दीप्ति और उनके पति अलग-अलग घरों में रहते थे। दीप्ति की 2010 में हरप्रीत चौरसिया से शादी हुई थी। दोनों का 14 साल का एक बेटा है। बताया जा रहा है कि हरप्रीत ने दो शादियां की हैं। दूसरी पत्नी दक्षिण भारतीय फिल्मों की एक्ट्रेस हैं। उसके साथ भी हरप्रीत की एक बेटी है।

### कंपनी मालिक के वकील बोले, नोट में कोई आरोप नहीं

कमला पसंद के मालिक के फैमिली एडवोकेट राजेंद्र सिंह ने सभी आरोपों को गलत बताया है। उन्होंने कहा- मीडिया में जो भी बताया जा रहा है वह पूरी तरह से झूठ है। सुसाइड नोट में कोई आरोप नहीं है। उन्होंने किसी का नाम नहीं लिया है। हमें नहीं पता कि सुसाइड की वजह क्या है।

### पति और सास बहन के साथ मारपीट करते थे: भाई

दीप्ति चौरसिया के भाई ऋषभ ने न्यूज एजेंसी को बताया कि मेरे जीजा (हरप्रीत) के कई अवैध संबंध थे। शादी के बाद से ही दोनों के अच्छे संबंध नहीं थे। 2011 में भांजे की डिलीवरी के बाद हमें पता चला कि जीजा और सास मेरी बहन के साथ मारपीट करते हैं। हम अपनी बहन को कोलकाता में अपने घर ले आए थे, लेकिन उसकी सास उसे वापस ले गई थी। ऋषभ ने कहा- उसके बाद भी बहन के साथ उन्होंने मारपीट जारी रखा। मेरी बहन मुझे फोन करके कहती थी कि उसे प्रताड़ित किया जा रहा है। बहन का पति उसके साथ मारपीट करता था। मुझे नहीं पता कि मेरी बहन की हत्या हुई या उसने आत्महत्या की। मैंने 2-3 दिन पहले उससे बात की थी। मुझे बस न्याय चाहिए। कमला पसंद पान मसाला के संस्थापक कमलाकांत चौरसिया और कमल किशोर चौरसिया हैं। कंपनी 1973 में रजिस्टर्ड हुई थी।

# वीआईटी यूनिवर्सिटी में दूसरे दिन भी आगजनी, पैरामिलिट्री फोर्स तैनात

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। सीहोर

- घटिया खाना-पानी का विरोध कर रहे 4 हजार छात्र, स्वास्थ्य अमले ने छात्रों के लिए ब्लड सैंपल

मध्य प्रदेश के सीहोर स्थित वीआईटी (वेल्लोर इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी) यूनिवर्सिटी में छात्रों का उग्र प्रदर्शन बुधवार को भी जारी रहा। सुबह यूनिवर्सिटी की बिल्डिंग में कुछ छात्रों ने फिर आग लगा दी। हालात बिगड़ते देख कैंपस में पैरामिलिट्री फोर्स तैनात कर दी गई। स्वास्थ्य विभाग की टीम को भी कैंपस में बुलाया गया। टीम ने मेडिकल टेस्ट के लिए सभी छात्रों के ब्लड सैंपल लिए। छात्रों ने बताया- यूनिवर्सिटी में भोजन और पानी की खराब क्वालिटी के कारण हमारे कई साथियों को पीलिया हो गया है। 100 छात्र अस्पतालों में भर्ती हैं। कुछ की मौत भी हुई है। हमने जब विरोध में आवाज उठाई तो गार्ड ने हमारे साथ मारपीट की। इसका वीडियो भी है। मारपीट की घटना के बाद मंगलवार रात 4 हजार छात्रों ने कैंपस में बस और कारों में आग लगा दी। 5 थानों से पुलिस बल बुलाना पड़ा। यूनिवर्सिटी प्रबंधन ने 30 नवंबर तक अवकाश घोषित कर दिया। इसके बाद स्टूडेंट्स यूनिवर्सिटी छोड़कर चले गए। वीआईटी के डीन सुरेश एम ने एक मामले में स्पष्टीकरण दिया है। उन्होंने बताया कि प्रोफेसर संग्राम केसरी दास उम्र 43 वर्ष की मौत सीहोर स्थित उनके मकान में हुई। वह वहां किराए से रहते थे। डीन ने कहा- प्रोफेसर दास की मौत का वीआईटी में कल रात हुई घटना से कोई संबंध नहीं है। वीआईटी कॉलेज में छात्रों के प्रदर्शन के मामले में जिले की प्रभारी मंत्री कृष्णा गौर ने संज्ञान लिया है। उन्होंने कलेक्टर बालागुरु के, एसपी दीपक कुमार शुक्ला तथा कॉलेज प्रबंधन से जानकारी ली। मंत्री गौर ने शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाने के साथ ही छात्रों का मेडिकल टेस्ट कराने को कहा।

# पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट खंडपीठ की मांग



जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

पश्चिम प्रदेश हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के आह्वान पर हाईकोर्ट खंडपीठ स्थापित कराने की मांग को लेकर गाजियाबाद में बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने प्रदर्शन किया।

### सांसद अतुल गर्ग के आवास का घेराव

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष ब्रह्मदेव त्यागी और सचिव वरुण के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने जनपद के सांसद अतुल गर्ग के आवास का घेराव किया और उन्हें एक ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हाईकोर्ट खंडपीठ की स्थापना की मांग की गई।

### सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने की अपील

ज्ञापन में यह बताया गया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश की आम जनता को सस्ता और सुलभ न्याय दिलाने के लिए अधिवक्ता लगभग 50 वर्षों से इस आंदोलन को लगातार आगे बढ़ा रहे हैं।

### अधिवक्ताओं के पिछले आंदोलन

इस मांग के समर्थन में अधिवक्ताओं द्वारा समय-समय पर कई आंदोलन किए गए हैं, जिनमें शामिल हैं

- जेल भरो आंदोलन
- पैदल मार्च
- मुख्य चौराहों पर जनसभा का आयोजन
- कैंडल मार्च
- राजनेताओं का घेराव

### व्यापक समर्थन

अधिवक्ताओं के इस आंदोलन को विभिन्न राजनीतिक, गैर-राजनीतिक, व्यापारिक और सामाजिक संगठनों का समर्थन प्राप्त है। प्रदर्शन के दौरान सांसद को उनके पूर्व कथनों की भी याद दिलाई गई और खंडपीठ स्थापना की मांग दोहराई गई।

# गाजियाबाद लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने लोनी कोतवाली में आईएएस संतोष वर्मा के खिलाफ दी तहरीर

जन एक्सप्रेस। गाजियाबाद

- संतोष वर्मा के खिलाफ रासुका के तहत दर्ज हो मुकदमा: विधायक नंदकिशोर गुर्जर



लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने एमपी के आईएएस एवं अजाक्स के प्रांतीय अध्यक्ष संतोष वर्मा द्वारा एक कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज की बेटियों पर की गई अपमानजनक टिप्पणी पर लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा की बेटियों के प्रति अभद्र एवं अमर्यादित टिप्पणी न केवल एक समाज, बल्कि पूरे देश की बेटियों का अपमान है। भारतीय संस्कृति का मूल भाव ÷यत्र नार्यस्तु पूज्यन्ते, रमन्ते तत्र देवता÷ रहा है-जहां नारी का सम्मान नहीं, वहां किसी सभ्यता का अस्तित्व संभव नहीं। वहीं लोनी विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने इस मामले में लोनी कोतवाली में मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर भी दी है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने कहा कि नारी के सम्मान पर प्रहार कर जातीय विद्वेष फैलाने और देश में अराजकता पैदा करने की कोशिश किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यह व्यक्ति पूर्व में भी जालसाजी एवं महिलाओं से संबंधित अपराधों में शामिल रहा है। यह केवल एक व्यक्ति की सोच नहीं लगती-इसके पीछे कौन-सा नेटवर्क सक्रिय है और कौन लोग ऐसे तत्वों को फंडिंग या संरक्षण दे रहे हैं, इसकी उच्चस्तरीय जांच आवश्यक है। विधायक नंदकिशोर गुर्जर ने बताया कि उन्होंने ऐसे असामाजिक तत्व के विरुद्ध रासुका सहित कठोर धाराओं में तत्काल मुकदमा दर्ज करते हुए कड़ी कार्रवाई करने हेतु तहरीर दी है, ताकि भविष्य में कोई भी व्यक्ति देश की बेटियों के सम्मान को ठेस पहुँचाने का दुस्साहस न कर सके।